* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

30 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 42

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

अभिनेता-लेखक आशुतोष राणा को मिला मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी अवॉर्ड, उपन्यास 'रामराज्य' के लिए दिया गया सम्मान



## हाइकोर्ट ने रिम्स की अव्यवस्था पर लगायी फटकार, कहा

# नहीं संभाल पा रहे हैं, तो छोड़ दें रिम्स निदेशक पद

- किसी आइएएस को सौंपे जिम्मेदारी : हाइकोर्ट



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने रिम्स निदेशक को जमकर फटकार लगायी है। कोर्ट ने कहा है कि अगर आप यह पद नहीं संभाल पा रहे हैं, तो छोड़ दें। इलाज की लचर व्यवस्था और विभिन्न रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद को शो कॉज नोटिस जारी किया था। मंगलवार को इस मामले में हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। हाइकोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य के स्वास्थ सचिव सशरीर उपस्थित हुए थे। सुनवाई के दौरान अदालत ने जमकर फटकार लगायी। स्वास्थ्य सचिव अरुण कुमार सिंह से पूछा कि किस प्रावधान के तहत आपने आउटसोर्सिंग का सहारा लिया। रिम्स के निदेशक को काम नहीं करना, तो इस्तीफा दे दीजिए। हाइकोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए निदेशक को बदलने की भी सलाह दी है।

**आइएएस सौंपनी चाहिए रिम्स की जिम्मेदारी :** हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने विभिन्न मामलों की सुनवाई एक साथ की है। रिम्स की अव्यस्था को देखते हुए हाइकोर्ट ने यह भी सुझाव दिया है कि किसी आइएएस अधिकारी के हाथ में रिम्स की जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए।

**नियुक्ति और अव्यवस्था को लेकर कई सवाल :** कोर्ट ने पिछली बार हुई सुनवाई में राज्य के स्वास्थ सचिव को सशरीर उपस्थित होने आदेश दिया था। 28 जनवरी 2022 को चार माह के अंदर सभी स्वीकृत और खाली पदों को भरने का आदेश दिया गया। चतुर्थ वर्ग के 467 विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए जो विज्ञापन निकाला गया। उसमें झारखंड के नागरिकों, बाद में सुधार कर झारखंड के निवासियों से आवेदन क्यों मांगा गया। यह किस कानून, नियम, परिनियम, सर्कुलर या सरकार के किस आदेश से इस तरह का आवेदन मांगा गया है। रिम्स में इलाज की लचर व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए झारखंड हाइकोर्ट ने उसे जनहित याचिका में तब्दील कर दिया था।

# राहुल गांधी ने किये महाकाल के दर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**इंदौर।** महाकाल की नगरी उज्जैन में सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने एक बार फिर मोदी सरकार और बीजेपी को निशाने पर लिया। उन्होंने तीन बार 'जय महाकाल' बोलकर अपने भाषण की शुरूआत की। करीब 25 मिनट के अपने भाषण में राहुल गांधी ने कई बार 'तपस्वी और तपस्या' शब्द का इस्तेमाल किया। राहुल गांधी ने कहा कि भारत देश तपस्वियों का देश हैं। हिंदू धर्म में तपस्वियों की पूजा की जाती है। उनका आदर किया जाता हैं। राहुल गांधी ने गरीब, मजदूरों, किसानों, युवाओं और छोटे दुकानदार को असली तपस्वी बताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इन तपस्वियों के लिए कुछ नहीं करती, लेकिन एक दो लोग जो मोदी जी की पूजा करते हैं, उन्हें सब मिल जाता है।

## इडी के गवाह विजय हांसदा के बायन पर फंस गयी पुलिस

# कोर्ट में दिया आवेदन, कहा - बिना दबाव और भय के केस लड़ना चाहते

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी के गवाह विजय हांसदा ने पुलिस के दावे के बाद मंगलवार को कोर्ट में अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन दिया है। हांसदा ने कहा है कि वह बिना भय और दबाव के केस लड़ना चाहता है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को साहिबगंज पुलिस ने क्लीन चिट दे दी है। इस मामले में साहिबगंज जेल में बंद इडी के गवाह विजय हांसदा ने आवेदन के माध्यम से कहा है कि उससे जबरन सादे पन्ने पर हस्ताक्षर ले लिया गया था। उसने दावा किया है कि दबाव डालकर उससे कहलाया गया था कि वह केस नहीं लड़ना चाहता है। उनकी ओर से कहा गया है कि मेरे द्वारा दर्ज केस बिल्कुल सही है। विष्णु यादव दबाव में लाकर मुझसे कहलाया था कि केस नहीं लड़ना चाहते। साथ ही उसका मोबाइल से वीडियो भी बनाया गया था।

इससे पूर्व रविवार की शाम संथाल परगना के डीआइजी सुदर्शन प्रसाद मंडल ने कार्यालय कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस करके कहा था कि साहिबगंज कोर्ट में परिवादी विजय हांसदा ने थाना में विष्णु यादव, पवित्र यादव, राजेश यादव, बच्चू यादव, पंकज मिश्रा के खिलाफ परिवाद दायर किया था। इस संबंध में परिवादी विजय हांसदा की ओर से एसपी साहेबगंज को लिखित आवेदन दिया गया है कि अशोक यादव के बहकावे में आकर परिवाद दाखिल किया हूं, जिसे कोर्ट ने प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाना भेजा है। लेकिन मैं उक्त केस आगे लड़ना नहीं चाहता हूं, यह केस झूठा है।

विजय हांसदा ने कोर्ट में दिये आवेदन में कहा है कि यह आवेदन परिवाद पत्र का परिवादी है। इस परिवाद प्राथमिकी के लिए संबंधित थाना को प्रेषित किया गया है। मुझे जानकारी मिली कि इस मामले पुलिस मेरे इस केस को खत्म करने की फिराक में है। अब मुझे जानकारी मिल रही है कि उस सादे कागज, जिस पर मेरा हस्ताक्षर करवा लिया गया था, उसे केस वापसी का कागज बनाकर मेरे खिलाफ दुरुपयोग किया जा रहा है। अभियुक्तों के साथ मेरा मेल मिलाप नहीं हुआ है और मेरे द्वारा दर्ज केस बिल्कुल सही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पुलिस मेरे केस को रफा-दफा करना चाहती है। इसलिए मैं यह आवेदन कोर्ट में समर्पित कर रहा हूं।




## विशाल चौधरी ने इडी से मांगा दो सप्ताह का समय



रांची (आजाद सिपाही)। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) से विशाल चौधरी ने दो सप्ताह का समय मांगा है। इडी ने विशाल चौधरी को 28 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वह हाजिर नहीं हुए। उसने इडी को पत्र लिख कर दो सप्ताह का समय मांगा है। इडी ने उसके पत्र पर विचार नहीं किया है। बताया जा रहा है कि बहुत जल्द ही उसे दूसरा समन भेजा जाएगा। बता दें कि विशाल चौधरी की संदिग्ध गतिविधियों और देश से भागने की आशंका के मद्देनजर इडी के अनुरोध पर उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के आलोक में इमिग्रेशन अधिकारियों ने 24 नवंबर को उसे दिल्ली स्थित हवाई अड्डा पर थाइलैंड भागने के दौरान रोका और इडी को इसकी सूचना दी। इसके बाद इडी ने उसे हवाई अड्डा पर ही समन देकर 28 नवम्बर को हाजिर होने का निर्देश दिया था। इडी ने पूर्व में मनरेगा घोटाले की जांच के दौरान विशाल चौधरी के रांची और मुजफ्फरपुर स्थित ठिकानों पर छापामारी की थी।

## पंकज मिश्रा ने रिम्स से 300 कॉल किये थे



रांची (आजाद सिपाही)। न्यायिक हिरासत में चल रहे अवैध खनन के आरोपी पंकज मिश्रा ने रिम्स से बड़े अधिकारियों को 300 कॉल किये थे। यह खुलासा चंदन और सूरज के कॉल डिटेल से हुआ है। ज्यादातर कॉल बड़े अधिकारियों को किये गये थे। इडी इस मामले में कुछ अधिकारियों से भी पूछताछ कर सकती है। अधिकारियों से पंकज मिश्रा और उनके बीच हुई बातचीत के बारे में पूछा जा सकता है। साथ ही उनसे यह भी पूछा जा सकता है कि पंकज मिश्रा जेल में है, तो कानून के जानकार अधिकारी उसके फोन कॉल कैसे रिसीव कर रहे थे। गौरतलब है कि पंकज मिश्रा ने अपने ड्राइवर सूरज पंडित और चंदन का फोन का उपयोग रिम्स से अधिकारियों को कॉल करने के लिए किया था। इडी ने चंदन और सूरज को पूछताछ के लिए बुलाया है। इसके बाद कॉल रिसीव करने वाले अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।

SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

# निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं देने के मामले में मुख्य सचिव को नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सर्वोच्च न्यायालय ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को अवमाननावाद का नोटिस जारी किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह नोटिस गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में दायर की गयी अवमाननावाद याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अमित कुमार ने पक्ष रखा । मालूम हो कि गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सर्वोच्च न्यायालय में झारखंड सरकार के खिलाफ अवमाननावाद याचिका दायर की है। उन्होंने यह अवमाननावाद याचिका झारखंड में बिना ओबीसी आरक्षण के नगर निकाय चुनाव कराने के विरुद्ध दायर किया है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपनी याचिका में कहा था कि राज्य सरकार ने पंचायत चुनाव के पहले सर्वोच्च न्यायालय में जो शपथपत्र दायर किया था उसका पालन नहीं किया। सरकार ने उक्त शपथपत्र के विरुद्ध बिना ओबीसी के आरक्षण का निकाय चुनाव कराने का निर्णय ले लिया। इस क्रम में उल्लेखनीय है कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पंचायत चुनाव से पूर्व सर्वोच्च न्यायालय में ओबीसी आरक्षण लागू करने के संबंध में एक याचिका दायर की थी तब झारखंड सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय को बताया गया था कि ओबीसी आरक्षण से संबंधित ट्रिपल टेस्ट प्रक्रियाधीन है और झारखंड सरकार भविष्य में होने वाले चुनाव में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा कर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में दिये गये निर्देश का अनुपालन करने हेतु कटिबद्ध है। अवमाननावाद याचिका में कहा गया है कि एक तरफ झारखंड सरकार सर्वोच्च न्यायालय में यह कहती है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में दिये गये निर्णय का अनुपालन करेगी, वहीं दूसरी ओर झारखंड सरकार ओबीसी को आरक्षण दिये बगैर नगर निकाय चुनाव कराने का फैसला लेती है। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि झारखंड सरकार की मंशा ओबीसी के प्रति ठीक नहीं है और यह एक तरफ से न्यायालय का अवमानना भी है।

सांसद ने राज्य के मुख्य सचिव से यह पूछा था कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संबंध में दिये गये दिशा-निर्देश के आलोक में अबतक झारखंड सरकार द्वारा क्या कृत्य कार्रवाई की गयी है या झारखंड सरकार के द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने मुख्य सचिव को ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को जल्दी पूरा करने और होने वाले चुनाव में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संबंध में दिशा-निर्देश का अनुपालन करने की बात भी कही थी।

# झारखंड के डीएसपी मजरुल होदा और पवन कुमार पर मुकदमा चलाने की अनुमति

- होदा पर धनबाद में ट्रक के चालक पर फायरिंग का आरोप, बुंडू में रूपेश स्वांसी की मौत का आरोप पवन पर

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड कैडर के दो डीएसपी की परेशानियां बढ़ने वाली हैं। सरकार ने धनबाद जिला के बाघमारा के पूर्व डीएसपी मजरुल होदा और बुंडू के पूर्व डीएसपी पवन कुमार के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। अभियोजन की स्वीकृति मिलने के बाद अब इन दोनों के विरुद्ध दर्ज मामलों में कार्रवाई तेज हो जायेगी। मजरुल होदा पर आरोप है कि जब वे धनबाद के बाघमारा के डीएसपी थे, तो उन्होंने एक ट्रक चालक पर फायरिंग कर दी थी। वहीं पवन कुमार पर आरोप है कि बुंडू में पदस्थापन के दौरान हथियार तस्करी के आरोप में रूपेश स्वांसी को पकड़ कर लाये और पिटाई के बाद उसकी मौत हो गयी। यह दोनों मामला फिलहाल न्यायालय में लंबित है। सरकार ने दोनों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दे दी है।

### डीएसपी पवन कुमार पर आरोप

25 सितंबर 2016 को बुंडू के तत्कालीन डीएसपी पवन कुमार और अन्य पुलिसकर्मियों ने हथियार तस्करी के आरोप में रुपेश स्वांसी को गिरफ्तार कर लिया था और उसे दशम फॉल थाना में रखा गया था, जहां पिटाई से उसकी मौत हो गयी। इस मामले में दरोगा पंकज तिवारी अशोक प्रसाद के अलावा डीएसपी पर भी मामला दर्ज हुआ था। इसी मामले में भादवि की धारा 304, 323- 34 और एसटी एससी एक्ट के तहत अभियोजन की स्वीकृति दी गयी है।

### डीएसपी मजरुल होदा पर आरोप

14 जून 2016 को धनबाद की राजगंज थाना क्षेत्र में ट्रक चालक पर फायरिंग कर दी गयी थी। इस मामले में तोपचांची थाना में मामला दर्ज हुआ था। पुलिस की ओर से ट्रक चालक के पास से हथियार बरामद दिखाये गये थे और इसी मामले में फर्जी केस को सही करने का दबाव तोपचांची के तत्कालीन इंस्पेक्टर पर था, जिन्होंने बाद में खुदकुशी कर ली थी। फायरिंग का आरोप हरिहरगंज थाना के पूर्व प्रभारी संतोष रजक पर भी लगा था। इसी मामले में डीएसपी के विरुद्ध धारा 307, 468, 471, 201-34 / 120-बी के तहत अभियोजन की स्वीकृति दी गयी है।

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS





HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota
Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 49,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 65,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 30 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


### उत्पाद विभाग का राजस्व 516 करोड़ रुपये पीछे होने पर हेमंत सरकार को घेरा

# शराब घोटाला में फंसने से पहले दोषी अफसरों पर कार्रवाई करें मुख्यमंत्री : बाबूलाल मरांडी

**झारखंड में छत्तीसगढ़ी कंपनियों का प्रकोप अब सामने आ गया है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा ने झारखंड में उत्पाद विभाग का राजस्व 516 करोड़ रुपये पीछे होने पर हेमंत सरकार को घेरा है। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में छत्तीसगढ़ी कंपनियों का प्रकोप अब सामने आ गया है। अब अपना चेहरा बचाने के लिए उत्पाद विभाग ने कई कंपनियों पर टार्गेट पूरा नहीं करने के लिये जुमार्ना लगाया है। इनमें से तीन ने हाइकोर्ट में सरकार पर मुकदमा कर दिया है। वहीं शराब बेचने वाली मैन पावर सप्लाई कंपनियां कह रही हैं कि उन्हें ब्रांडेड शराब/बीयर की सप्लाई मिल ही नहीं रही तो टार्गेट के मुताबिक सेल कैसे करें। बाबूलाल ने मुख्यमंत्री को सलाह दी है कि इससे पहले कि वे शराब घोटाले में फंसकर एक और घोटाले का



रिकॉर्ड अपने नाम कर लें, बिना देरी किये उन अफसरों पर कठोर कार्रवाई करें, जिन्होंने दिल्ली की तर्ज पर शराब घोटाले में उनकी गर्दन फंसाने का पक्का इंतजाम कर दिया है।

### चूहे-बिल्ली और लूटपाट के खेल में राजस्व का बज रहा बैंड

बाबूलाल ने कहा कि इस चूहे-बिल्ली और लूटपाट के खेल में झारखंड के सरकारी राजस्व का बैंड बज रहा है। आखिर इसमें दोषी कौन है? बाबूलाल ने सलाह दी कि मुख्यमंत्री अगर उनके उठाये सवालों के पिछले पन्ने (1 मई 2022 का ट्वीट) उलटें तो उनकी सारी शंका का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी व्यवस्था में जब घूस टार्गेट फिक्स कर पहले वसूल लिया जायेगा, तो सरकारी राजस्व का नुकसान तो होना ही है। यही शराब के व्यवसाय में हो रहा है।

### दावे करने वाले उत्पाद विभाग की बोलती बंद

बाबूलाल ने कहा कि मई में जब छत्तीसगढ़ी शराब पॉलिसी और पॉलिसी बनाने के लिए पहले चुनकर रखी गयी कंपनियां आयीं, तो उन्हें महिमामंडित करने के लिए उत्पाद विभाग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। जिसमें दावा किया गया कि राजस्व अनुमान से ज्यादा आने लगा है। कोशिश की गयी कि कम राजस्व की आशंका जताने वाले विपक्षियों को झूठा साबित किया जाये, लेकिन राजस्व संग्रहण के झूठे आंकड़े अखबारों में छपवाने के 2 महीने बाद ही उत्पाद विभाग की बोलती बंद हो गयी है। उत्पाद विभाग राजस्व वसूली के लक्ष्य से 516 करोड़ पीछे चल रहा है।

### फुटपाथ दुकानदारों ने निकाली गौरव संघर्ष यात्रा, वेंडर मार्केट में हुआ नेशनल हॉकर समिट

# राजधानी में और वेंडर मार्केट खोले सरकार : अनिता दास

**विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा**

**सांसद, विधायक, नगर विकास सचिव और नगर आयुक्त शामिल हुए, दिया आश्वासन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी की सड़कों पर मंगलवार को सैकड़ों फुटपाथ दुकानदारों ने नेशनल हॉकर फेडरेशन के बैनर तले गौरव संघर्ष यात्रा निकाली। कचहरी रोड स्थित वेंडर मार्केट में नेशनल हॉकर समिट का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सांसद महुआ माजी, स्थानीय विधायक सीपी सिंह, नगर विकास सचिव विनय चौबे व नगर आयुक्त शशि रंजन मुख्य रूप से मौजूद रहे।

इस मौके पर रांची फुटपाथ दुकानदार हॉकर संघ की महासचिव अनिता दास ने कहा कि झारखंड ऐसा राज्य है, जहां पर फुटपाथ दुकानदारों के लिए स्थाई रूप से सामान बेचने के लिए तीन मार्केट बनाये गये हैं। सरकार से मांग है कि शहर में इसी तरह के और वेंडर मार्केट बनाये जायें। ताकि फुटपाथ दुकानदार शांति से अपना रोजगार



कर सकें। उन्हें पुलिस के डंडे और जुमार्ना से निजात मिल सके।

### जहां भी जरूरत होगी, वहां बनेगा वेंडर मार्केट : महुआ

राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि रांची का अटल वेंडर मार्केट पूरे राज्य और देश में उदाहरण बना है। इस तरह के मार्केट राज्य में जहां-जहां भी जरूरत होगी, वहां पर बनाने का राज्य सरकार प्रयास करेगी। राज्य सरकार और नगर विकास विभाग इस ओर कदम उठा रहे हैं।

### रांची में और भी वेंडर मार्केट की जरूरत : सीपी सिंह

विधायक सीपी सिंह ने कहा कि रांची में अटल वेंडर मार्केट बनाना मेरा सपना था। यह सपना पूरा हुआ, लेकिन यह सपना अंतिम नहीं है। रांची में और भी वेंडर मार्केट बनाने की जरूरत है। लोगों की जनसंख्या बढ़ रही है, ऐसे में हर कोई रोजी-रोटी कमाने के लिए फुटपाथ पर दुकान लगाता है। इस दरम्यान दुकानदारों को पुलिस का दंश भी झेलना पड़ता है। इसलिए शहर में और अधिक वेंडर मार्केट बनाने की जरूरत है, ताकि फुटपाथ दुकानदार सम्मान के साथ अपना व्यवसाय कर सकें। लोगों को निगम और प्रशासन के जुर्माने से मुक्ति मिले।

### जगह चिह्नित कर वेंडर मार्केट बनाये जायेंगे : चौबे

नगर विकास विभाग के सचिव विनय चौबे ने कहा कि नगर विकास विभाग की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि राज्य में जहां-जहां पर आवश्यकता होगी, वहां पर जगह चिह्नित कर वेंडर मार्केट बनाये जायेंगे। इसके लिए नगर विकास विभाग पूरी तरह से तत्पर है। जल्द ही राज्यवासियों को और भी सुविधा मिलेगी।

# भारत जोड़ो यात्रा से एक सूत्र में बंधेगा देश धुलेगा नफरतों का जहर : मिथिलेश ठाकुर



**राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में झामुमो की ओर से मंत्री मिथिलेश ठाकुर हुए शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चल रही भारत जोड़ो यात्रा में मंगलवार को इंदौर में झामुमो की ओर से झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज देश में भारत जोड़ो यात्रा निकालने की आवश्यकता क्यों पड़ी? यह सोचनीय विषय है। यह देशव्यापी यात्रा है। देश से अंग्रेज चले गये, परंतु उनकी फूट डालो शासन करो नीति पर भाजपा चल रही है। भाजपा ने इसे शत प्रतिशत अपना लिया है। देश में स्थिति और बदतर हो गयी है। भाजपा ने पूरे देश में जात-पात और धर्म के नाम पर नफरत का जहर घोल दिया है। गंगा-जमुनी तहजीब की इस धरती पर लोगों के दिमाग में नफरत का जहर घोला जा रहा है।

### भाजपाइयों ने बापू को भी नहीं बख्शा

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि आज हमारा समाज जिस तरह से विभाजित हो गया है, ऐसा तो स्वतंत्रता के बाद क्या स्वतंत्रता से पहले भी नहीं हुआ था। आज आम लोगों के साथ-साथ रंगों और महापुरुषों को भी बांटा जा रहा है। सरदार पटेल ने आजीवन कांग्रेस एवं देश की सेवा की। उन्होंने कांग्रेस एवं देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। भाजपा आज उन्हें अपना रोल मॉडल बना रही है। जिस नर्मदा सरोवर पर सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापित की गयी है, उसकी आधारशिला पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ही रखी थी। भाजपाइयों ने बापू को भी नहीं बख्शा। स्वतंत्रता आंदोलन में जिनका रत्ती भर भी योगदान नहीं रहा है, वे आज महापुरुषों व स्वतंत्रता सेनानियों को गलियां दे रहे हैं। यदि हम अब भी नहीं चेते, तो पूरा समाज, देश को खंडित होने से कोई नहीं रोक सकता। ठाकुर ने कहा कि देशवासियों के जेहन से इस नफरत को मिटाने के लिए ही यह भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की गयी है। यह तब तक चलेगी जब तक भाजपा की सरकार को उखाड़ नहीं फेंकते। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक प्रत्येक राज्य में जनता इस यात्रा का समर्थन कर रही है। सारा देश एक सूत्र में जुड़ रहा है।

### केंद्रीय एजेंसियों के सहारे राज्यों को किया जा रहा अस्थिर

मंत्री ने कहा कि आज स्थिति यह बन गयी है कि देश के जिन प्रदेशों में भाजपा का शासन नहीं है, वहां भाजपाइयों को सभी चोर एवं भ्रष्टाचारी ही दिखते हैं। जिन प्रदेशों में भाजपा का शासन है, वहां सभी गंगाजल के धुले हुए दिखते हैं। गैर भाजपा शासित प्रदेशों में केंद्र सीबीआइ, इडी आदि केंद्रीय एजेंसियों का सहारा लेकर वहां की सरकार को अस्थिर एवं विकास को बाधित कर रही है। मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी का यह कदम बहुत ही साहसिक और ऐतिहासिक है। इसका लाभ देश को 2024 में जरूर मिलेगा। सभी लोग मिलकर देश को एक सूत्र में बांधे एवं आपसी सद्भावना व सौहार्द को कायम रखें।

# भाकपा माओवादियों ने सरकार पर लगाया आरोप

**प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रखी अपनी बात**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाकपा माओवादियों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि माओवादियों और पीएलजीए को खत्म कर डालने के लिए शासक वर्गों ने झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, महाराष्ट्र, ओड़िशा, बंगाल आदि राज्यों में छह लाख सुरक्षाबल तैनात किये हैं। इन सुरक्षाबलों में केंद्रीय अर्ध सैनिक बल सीआरपीएफ, कोबरा, एसएसबी, आइआरबी, बीएसएफ के जवान शामिल हैं। इसके अलावा विशेष कमांडो बल एसटीएफ, सी 60 जैसे कमांडो और बीएमपी, सैप, जैप आदि राज्य और जिला पुलिस बलों को तैनात किया गया है। इसके लिए मुख्य क्षेत्रों को केंद्रित कर किलेनुमा, कंटीला तार से घेर कर पुलिस कैंप स्थापित किये जा रहे हैं। हर 4-5 किलोमीटर से भी कम दूरी पर अर्ध सैनिक बलों का कैंप स्थापित किया गया है और कर रहे हैं। इन राज्यों को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। प्रत्येक दिन घेरा डालो विनाश करो की मुहिम जारी है। माओवादियों ने कहा है कि क्रांतिकारियों को पकड़कर यातनाएं देना, फर्जी मुठभेड़ में हत्या कर देना, जेल भेजना, लंबे दिनों तक झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल में कैद कर रखना, परिजनों को तंग करना, मकान व जमीन जायदाद को सीज करने का काम किया जा रहा है।

साथ ही पैतृक गांव और संपत्ति से जबरन विस्थापित कर देना, महिलाओं के साथ अश्लील हरकतें, अभद्र व्यवहार करना, अवसरवादी तत्वों को चिह्नित कर उसे विभिन्न तरह का प्रलोभन देकर आत्मसमर्पण कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस क्रांतिकारियों के परिजनों को डरा धमका कर जबरन आत्मसमर्पण कराने के लिए दबाव देना जैसे काम किया जा रहा है। माओवादियों ने कहा है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारी पार्टी के नेतृत्व में बनी जनमुक्ति छापामार सेना (पीएलजीए) को 22वीं वर्षगांठ हो गया है। इस दौरान दो से आठ दिसंबर तक यानी सप्ताह दिवस के रूप में पालन करने का समय हमारे सामने है। इसी दिन ही भारत में दो दिसंबर 2000 को सर्वप्रथम जनता के हितों के लिए लड़ने वाली सच्ची जनसेना का गठन हुआ था। पीएलजीए की 22 वीं वर्षगांठ के अवसर पर हम सर्वप्रथम अपने पार्टी के संस्थापक, शिक्षक व नेता का चारू मजूमदार कन्हाई चटर्जी को नमन करते हैं। उनके दिखाये हुए रास्ते पर आगे बढ़ने का संकल्प लेते हैं। श्याम, मुरली, महेश को जिनकी प्रथम स्मृति वर्षगांठ पर जनसेना का गठन हुआ है को भी लाल सलाम पेश करते हैं।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | रोजी-रोजगार के क्षेत्र में परिश्रम-प्रयत्न से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। |
| वृष | रोजगार-व्यापार में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा। |
| मिथुन | महत्वकांक्षा पूरी होगी, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का अवसर मिलेगा। |
| कर्क | प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि। |
| सिंह | राजनीतिक लाभ मिलेगा, सरकारी नौकरी करनेवालों का स्वाभिमान बढ़ेगा। |
| कन्या | रुका हुआ काम बनेगा, नौकरी में परेशानी से छुटकारा, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। |
| तुला | परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति, रोग-शोक-दुःश्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा। |
| वृश्चिक | नौकरी में पदोन्नति होने का संयोग बनेगा, लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा। |
| धनु | संकल्पित कार्य पूरा होगा, सेहत अच्छी रहेगी, गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा। |
| मकर | संतान पक्ष से हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी, गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। |
| कुंभ | विपरीत परिस्थितियों में सुधार, बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ। |
| मीन | वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त, नयी आशाओं का उदय होगा, धैर्य से सभी कार्य पूरे होंगे। |

### पत्रकार बैजनाथ की हत्या के आरोपी बेंगा को हाइकोर्ट से बेल नहीं

**रांची।** पत्रकार बैजनाथ महतो की हत्या का मुख्य आरोपी आकाश कुमार गुप्ता उर्फ बेंगा को जमानत देने से झारखंड हाइकोर्ट ने इनकार कर दिया है। अदालत ने मंगलवार को दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी आकाश उर्फ बेंगा की जमानत याचिका खारिज कर दी। निजी चैनल के कैमरामैन बैजनाथ महतो पर जानलेवा हमला किया गया था, जिसमें उनकी मृत्यु हो गयी थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी आकाश उर्फ बेंगा को गिरफ्तार किया था। यह घटना पिछले वर्ष सितंबर की है। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद के कोर्ट ने आरोपी बेंगा की बेल याचिका पर सुनवाई की।

### नक्शा पास करने में अवैध वसूली पर हाइकोर्ट गंभीर

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ कोर्ट ने इस पर संज्ञान लिया है। कोर्ट ने इस मामले को एलपीए 132 / 2012 के साथ टैग करने का निर्देश दिया है। साथ ही मामले की सुनवाई 1 दिसंबर निर्धारित की है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान आरआरडीए और रांची नगर निगम के अधिवक्ता को बुलाकर उनसे नक्शा स्वीकृति के मामले में जानकारी मांगी।

### लोकसभा के अधीनस्थ रक्षा मंत्रालय की बैठक में शामिल हुए सांसद संजय सेठ

# सुगनू, डुमरदगा और लालगंज की समस्याओं से कराया अवगत

**रक्षा सचिव सहित डेढ़ दर्जन से अधिक वरिष्ठ अधिकारी भी हुए शामिल**

**अधिकारियों ने कहा : समाधान का निकाल रहे रास्ता**

**रक्षा मंत्रालय के बेहतर कार्यों पर जमकर की तारीफ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा के अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति (रक्षा मंत्रालय) की बैठक में नयी दिल्ली में संपन्न हुई। इस बैठक में रांची के सांसद संजय सेठ भी शामिल हुए। रक्षा मंत्रालय और संसदीय समिति से जुड़ी इस महत्वपूर्ण बैठक में भारत सरकार के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने सहित 18 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।




इस बैठक में सांसद श्री सेठ ने रक्षा मंत्रालय के द्वारा देश व देश की रक्षा के लिए किये जा रहे कार्यों व उपलब्धियों के लिए सभी कर्मनिष्ठ अधिकारियों को धन्यवाद कहा। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में रक्षा मंत्रालय ने अभूतपूर्व कार्य किये हैं। आज भारत के नागरिकों के साथ-साथ भारत की हर सीमा सुरक्षित है। यह सुखद बात है कि रक्षा से जुड़े कई उपकरण निर्माण की दिशा में हम कदम बढ़ा चुके हैं।

सांसद श्री सेठ ने रांची लोकसभा क्षेत्र के सुगनू, डूमरदगा और लालगंज के भूतपूर्व सैनिकों और ग्रामीणों के आवागमन व अन्य समस्याओं से अवगत कराया। सांसद ने समस्याओं की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों से इसके त्वरित समाधान हेतु पहल करने को कहा। अधिकारियों ने सांसद को बताया कि देश स्तर पर ऐसी जितनी भी समस्याएं सामने आ रही हैं, सबके समाधान के लिए खुद रक्षा मंत्री गंभीर हैं। समस्याओं का समाधान यथाशीघ्र हो, इसके लिए लगातार सकारात्मक तरीके से पहल हो रही है।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष बनीं काजल यादव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का गठन किया है। इस संबंध में समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जमशेदपुर के सोनारी की रहने वाली काजल यादव को अध्यक्ष बनाया गया है। विभाग ने आयोग में छह सदस्य भी मनोनीत किये हैं। इनमें चाईबासा निवासी विकास दोदराजका, रांची के लालपुर वर्धमान कंपाउंड निवासी उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, धनबाद निवासी सुनील कुमार वर्मा, हजारीबाग निवासी रुचि, चतरा निवासी मिनहाज उल हक और धनबाद निवासी डॉक्टर आभा वीरेंद्र अकिंचन शामिल हैं। राज्य सरकार ने बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम की धारा 18 और झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग नियमावली के नियम



7 के तहत आयोग का गठन किया है। झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के गठन की अधिसूचना समाज कल्याण, महिला और बाल विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा जारी किये जाने के बाद आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी युवा कांग्रेस नेता पार्टी मुख्यालय, रांची पहुंचे जहां प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद और राकेश सिन्हा के द्वारा मिठाई खिलाकर उनका अभिवादन किया गया। नेताद्वय ने युवा कांग्रेस के नेता को आयोग में सदस्य बनाये जाने के लिए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता निरंजन पासवान, रियाज अहमद, फिरोज रिज्वी मुन्ना, वेद प्रकाश तिवारी, प्रो राजीव नारायण प्रसाद, अख्तर अली, गुलाम रब्बानी, जितेंद्र त्रिवेदी, रामानंद केशरी ने बधाई दी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-निविदा सूचना संख्या: एम-24-लिनेन-वाश-1500-14, दिनांक: 28.11.2022। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम:** तीन वर्षों की अवधि के लिए हटिया और रांची स्टेशनों से यात्रा शुरू करने वाली ट्रेनों के लिए प्रति दिन 1500 लिनेन पैकेटों की यांत्रिक सफाई की आउटसोर्सिंग के लिए सेवा ठेका। **कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी सहित):** ₹ 4,53,13,947। **बयाना राशि:** ₹ 3,76,600। **ई-निविदा बंद करने की तारीख और समय:** 20.12.2022 को अपराह्न 3.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in। (PR-849)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.3 °c | 12.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.12 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 30 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# जब किसी की नाउम्मीद हो चुकी आंखों की रोशनी लौटती है, तो मुझे काफी खुशी मिलती है : डॉ सुबोध कुमार सिंह

## ■ डॉक्टर को बीमारी की पहचान करनी चाहिए, फिर इलाज करे

## ■ छोटे शहरों में सबसे बड़ा संकट विश्वास का है

आजाद सिपाही इंटरव्यू

'धरती पर सफेद कोट वाले भगवान' यानी डॉक्टर को समाज अलग नजरिये से देखता है, लेकिन पेशेवर कुशलता के इस दौर में ऐसे बिरले ही डॉक्टर हैं, जो मरीज की तकलीफ का सकारात्मक पहलू देखते हैं। ऐसे डॉक्टर यह नहीं देखते कि किसी बीमारी से शरीर का कोई अंग खत्म हो रहा है, बल्कि यह देखते हैं कि उस अंग को कितना बचाया जा सकता है, ताकि मरीज को तकलीफ से छुटकारा मिल सके। जहां तक आंखों की बात है, तो पांच इंद्रियों में शायद सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील अंग प्रकृति ने यही दिया है। आज हम आपको आंखों के एक ऐसे डॉक्टर से मिलवा रहे हैं, जो मरीज की बीमारी का सकारात्मक पहलू देखता है। जब दूसरे विशेषज्ञ एक मरीज को कह चुके थे कि उसकी एक आंख की नस सूख गयी है और अब उसमें रोशनी संभव नहीं आ सकती है, इस डॉक्टर ने न केवल उसका इलाज किया, बल्कि उसे पूरी तरह ठीक भी कर दिया। इस डॉक्टर का नाम है डॉ सुबोध कुमार सिंह। डॉ सुबोध जाने-माने आई सर्जन हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई एम्स दिल्ली से की है। वह चाहते, तो देश के महानगर या विदेशों में भी अपनी सेवा दे सकते थे, लेकिन उन्होंने रांची को ही चुना। वह वर्तमान में आइरिस हॉस्पिटल में अपनी सेवा दे रहे हैं। यह अस्पताल रांची के होटल लिलैक के अपोजिट, चडरी तालाब के पास स्थित है। आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह** ने डॉ सुबोध कुमार सिंह से आंखों से संबंधित कई बीमारियों के बारे में बातचीत की। डॉ सुबोध ने भी हर सवाल पर अपनी एक्सपर्ट राय दी, जो आंखों की बीमारी से ग्रसित रोगियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी के रूप में काम करेगा।




**● सवाल: आपको कब लगा कि आपको डॉक्टर ही बनना है और खासकर आंखों का डॉक्टर?**

**जवाब:** जब मैं चौथी या पांचवीं कक्षा में था, तब जब भी मैं अस्पताल जाता था, तो वहां मुझे एक अलग आकर्षण महसूस होता था। जब मैं डॉक्टरों को इलाज करते देखता, उन्हें रोगियों को ठीक करते देखता, तब से ही मेरे मस्तिष्क में यह घर कर गया कि मुझे डॉक्टर ही बनना है। मैंने 10वीं और 12वीं की पढ़ाई पश्चिम बंगाल से की। एमबीबीएस भी वहीं से किया। उस दौरान हमें सभी स्ट्रीम पढ़ाया जाता है। लेकिन आंख ही एक ऐसा सब्जेक्ट था, जिसने मुझे बहुत आकर्षित किया। किसी के जीवन में रोशनी प्रदान करना सबसे बड़ा पुण्य होता है। रोशनी के बिना आपके लिए हर चीज बेकार है। एमबीबीएस में मैं दिल्ली एम्स के लिए चयनित हुआ, तब मेरे पास काफी विकल्प थे। मैं कोई भी विकल्प चुन सकता था, लेकिन मैंने आंखों का डॉक्टर बनना ही पसंद किया, क्योंकि मेरे लिए किसी की आंखों मैं रोशनी देना, लोगों को इस हसीन दुनिया को दिखाना मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य था और है।

**● सवाल: आप देश के बड़े शहरों में भी अपनी सेवा दे सकते थे, लेकिन आपने रांची को ही क्यों चुना ?**

**जवाब:** शायद यह मेरी डेस्टिनी में लिखा था कि मैं झारखंड में अपनी सेवा दूं। मैं झारखंड से नहीं हूं। यह मेरे लिए नयी जगह है। रांची आना महज एक संयोग था और मैं इसे अपनी खुशनसीबी मानता हूं। बात तब की है, जब मैं एम्स में रेटिना विभाग में सीनियर रजिस्ट्रार था। एमडी करने के बाद मैंने रेटिना को चुना, क्योंकि उस दौर में रेटिना से जुड़ी बीमारियों का इलाज बहुत कम होता था। चुनौती कठिन थी। टेक्नोलॉजी भी करवट ले रही थी। एम्स ऐसा संस्थान है, जहां देश भर से मरीज इलाज कराने आते हैं। मैंने पाया कि दिल्ली में तो मरीजों के पास बहुत से विकल्प हैं, लेकिन बिहार, झारखंड, ओड़िशा के मरीज सामान्य इलाज के लिए दिल्ली आते थे। मुझे आश्चर्य होता था कि क्या वहां इतनी भी व्यवस्था नहीं है। क्या वहां उन्नत तकनीक और एक्सपर्ट चिकित्सकों की कमी है। यह सवाल मेरे मन मैं कौंध रहा था। मैंने मरीजों से बातचीत की और पाया कि वहां सबसे बड़ा मुद्दा भरोसे का था। वहां के डॉक्टर छोटी-छोटी बीमारियों के लिए भी मरीज को बड़े अस्पताल में रेफर कर देते थे। यह बहुत ही निराशाजनक था। मैं इसे बदलना चाहता था। एम्स में छह साल का कार्यकाल खत्म होने के बाद मुझे वहीं फैकल्टी बनने का मौका मिला, लेकिन मैं झारखंड आया। मेरा रांची आने का उद्देश्य यह समझना था कि यहां क्या कमी है। मैंने पाया कि टेक्नोलॉजी की कमी है। आधुनिक उपकरण नहीं हैं, जिससे सही इलाज हो पाये। डॉक्टर तो थे।

**● सवाल: रांची में अक्सर डॉक्टर कहते हैं कि आंखों की नसें सूख गयी हैं और उसकी रोशनी वापस नहीं आ सकती है। लेकिन आपने ऐसे मरीजों का भी सफल इलाज किया। कुछ चुनौतीपूर्ण केसे के बारे में बतायें।**

**जवाब:** आज आंखों की इलाज के लिए आधुनिक तकनीक है। 20 साल पहले की इलाज की प्रणाली और आज की प्रणाली में बहुत फर्क है। 20 साल पहले केवल मोतियाबिंद का ही इलाज होता था। लेकिन आज तकनीक के सहारे इसकी सफलता की दर बहुत बढ़ गयी है। इलाज के दौरान सबसे महत्वपूर्ण है बीमारी को समझना-पहचानना। सिर्फ यह कह देना कि आपका इलाज नहीं हो सकता, या आपकी आंखों की रोशनी नहीं आ सकती, नैतिक नहीं है। डॉक्टर के एक कमेंट से मरीज की जिंदगी बर्बाद हो सकती है। अगर डॉक्टर के पास वह स्किल या विशेषज्ञता नहीं है, तो उसे मरीज को दूसरी राय के लिए भेज दे। लेकिन आजकल कई डॉक्टरों में इगो इतना है कि वे ऐसा नहीं करते। इससे ही मामला बिगड़ता है।

एक केस मैं बताना चाहूंगा। मेरे पास एक मरीज आये थे, जिन्हें बताया गया था कि उनकी एक आंख में रोशनी नहीं आ सकती। उस मरीज को उस डॉक्टर पर पूरा भरोसा था और वह निराश हो चुका था। वह मरीज मेरे पास मोतियाबिंद का इलाज कराने के लिए आये थे। मरीज ने ही मुझसे कहा कि आप सिर्फ मोतियाबिंद का इलाज कर दीजिये, इसमें लेंस मत डालियेगा। लेकिन मैं सोच रहा था कि अगर मोतियाबिंद का इलाज होगा और लेंस नहीं लगेगा, तो उसकी आंख की रोशनी वापस कैसे आयेगी। यह तो क्राइम है। लेंस नहीं लगवाने का कारण पूछने पर मरीज ने सारी बात बतायी। मैंने उससे एक मौका मांगा। मैंने उनकी जांच की। मोतियाबिंद पूरी तरह से पक चुका था। मैंने आंखों की नसों की जांच के लिए अल्ट्रासाउंड करवाया। मुझे लगा कि वह मरीज पूरी तरह ठीक हो सकता है। मैंने उसे भरोसे में लिया और उसका इलाज किया। मैंने ऑपरेशन किया। लेंस भी लगाया। आज जिस मरीज को अपनी उस आंख में सिर्फ लाइट का आभास होता था, वह ऑपरेशन के बाद छह मीटर की दूरी से हाथों की उंगलियां गिन पा रहा है। आसानी से पढ़ पा रहा है। उन्होंने मुझे धन्यवाद दिया।

कहने का मतलब यह है कि अच्छा अस्पताल, पूरी टेक्नोलॉजी से लैस अस्पताल, एक्सपर्ट डॉक्टर और सबसे अहम नैतिकता और ईमानदार प्रैक्टिस का होना, अगर ये चीजें झारखंड में उपलब्ध हैं तो यहां के मरीज बाहर इलाज कराने नहीं जायेंगे। जो संतुष्टि मुझे झारखंड में मरीजों का इलाज करने में मिल रही है, वह एम्स में नहीं मिल रही थी। आज मरीज कहते हैं कि आपके आइरिस अस्पताल होने से, हमें जो पहले हर दो-चार महीने में बाहर आंख दिखाने जाना पड़ता था, अब नहीं जाना पड़ता।

> “ अच्छा अस्पताल, पूरी टेक्नोलॉजी से लैस अस्पताल, एक्सपर्ट डॉक्टर और सबसे अहम नैतिकता और ईमानदार प्रैक्टिस का होना, अगर ये चीजें झारखंड में उपलब्ध हैं तो यहां के मरीज बाहर इलाज कराने नहीं जायेंगे।

**● सवाल: आखों की किन बीमारियों से ग्रसित मरीज आपके पास ज्यादा आ रहे हैं और कहां-कहां से आ रहे हैं ?**

**जवाब:** मेरे पास सबसे ज्यादा रेटिना की बीमारी से ग्रसित मरीज आ रहे हैं। अगर उसका सही समय पर इलाज किया जाये, तो उसमे 100 प्रतिशत तक रोशनी भी आ सकती है। 10-15 साल पहले लोगों को यही लगता था कि अगर रेटिना में बीमारी है, तो इसका कोई इलाज नहीं। आज बहुत जगहों पर ऐसा पाया गया है, अगर आप रेटिना की बीमारी से ग्रसित हैं, तो 10 में से चार मरीजों को यह बता दिया जाता है कि अब कुछ नहीं हो सकता। कई मरीज मेरे पास ऐसे आते हैं, जिन्हें दवा देकर कह दिया जाता है कि उनका इलाज नहीं हो सकता। ऐसे मरीजों का इलाज करना वाकई संतोष देता है। अमीर मरीज तो बड़े अस्पताल में चले भी जाते हैं, गरीबों को कई तरह की परेशानी होती है। वह इलाज कराने बाहर नहीं जाता। यह सही है कि रेटिना की बीमारी का इलाज महंगा है, क्योंकि इसमें जो मशीनें इस्तेमाल की जाती हैं, वे बहुत महंगी होती हैं। इसीलिए मेरा यही उद्देश्य है कि हर बीमार आंख को समुचित इलाज मिले। आंखों की बीमारी के चलते मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़े।

एक और उदाहरण मैं देना चाहता हूं। मेरे पास एक मरीज आये थे। शुगर की वजह से उनका रेटिना डैमेज हो गया था। रोशनी खत्म हो चुकी थी। दूसरी आंख में भी 90 प्रतिशत तक रोशनी जा चुकी थी। वह रांची में ही कहीं इलाज करा रहे थे। उन्हें कह दिया गया था कि इसमें कुछ नहीं हो सकता है। उस मरीज ने उम्मीद छोड़ दी थी। उसने मुझसे सीधे पूछा कि क्या उसकी आंखों की रोशनी वापस आ सकती है। जांच कर मैंने पाया कि ऐसा हो सकता है। मैंने सर्जरी की बात की। मरीज को भरोसा दिलाया। उस मरीज ने दो दिन का समय लिया। सबसे राय मशविरा करने के बाद वह मेरे पास आया और मैंने उसका ऑपरेशन किया। गैस डाला। एक हफ्ते तक धुंधला दिखा। दूसरे से तीसरे हफ्ते के बाद उस मरीज की आंखों में 90 प्रतिशत तक रोशनी आ गयी। आज वह मरीज छह मीटर की दूरी से मॉनिटर पर सारी लाइनें पढ़ता है। 6/9 को हम नॉर्मल विजन मानते हैं। उस मरीज में वह विजन आया। रिजल्ट आने के बाद उस मरीज ने कहा कि डॉक्टर सच में भगवान का दूसरा रूप होता है, आप इसे पूरी तरह से चरितार्थ करते हैं। उस मरीज ने कहा कि वह डिप्रेशन में जाने वाला था। उम्मीद छोड़ दी थी। लेकिन आपका रांची में होना सच में यहां के मरीजों के लिए वरदान है। अब सच में किसी भी मरीज को कम से कम आंखों के इलाज के लिए बाहर तो नहीं जाना पड़ेगा। एक डॉक्टर होने के नाते मेरे लिए तो यही उपलब्धि है कि मेरा मरीज ठीक हो गया। वह संतुष्ट है। खुश है।

**● सवाल: प्रीमेच्योर बेबी यानी समय से पहले जन्मे शिशुओं में भी देखा गया है कि जन्म के साथ ही उनमें भी आंखों से सम्बंधित रोग पाया जा रहा है। यह क्यों होता है। इसे लेकर उस बच्चे के माता-पिता भी चिंतित हो जाते हैं, डर जाते हैं। बहुत से ऐसे अस्पताल हैं, डॉक्टर हैं, जो इस डर का फायदा उठा पैसा बना रहे हैं। धंधा चला रहे हैं। इसका क्या समाधान है?**

**जवाब:** बिलकुल समाधान है। अभी क्यों समय पूर्व प्रसव की संख्या क्यों बढ़ गयी है, यह समझना जरूरी है। आजकल आइवीएफ ज्यादा हो रहा है। देर से शादियां हो रही हैं, जिसकी वजह से हाई रिस्क प्रेग्नेंसीज हो रही हैं। ऐसे में समय से पहले प्रसव की संभावना बढ़ जाती है। प्रीमेच्योर बेबी की आंखों के रेटिना में खून की जो नलियां होती हैं, वे ठीक तरीके से डेवलप नहीं हो पातीं। 30 से 40 प्रतिशत ही बनी होती हैं। ऐसे केसेस में बच्चों का अंदर ही अंदर पर्दा सिकुड़ने का खतरा रहता है। यह बीमारी बच्चे के जन्म के 30 दिन के अंदर डेवलप होती है। इन 30 दिनों में उस बच्चे की आखों का रेटिना चेक हो जाना चाहिए। अब चेक होने के बाद हम देखते हैं कि उन आंखों में बीमारी है या नहीं है। अगर बीमारी नहीं है, तो मरीज को एक महीने तक फॉलोअप करके के छोड़ देते हैं। अगर बीमारी है, तो उसमे भी पांच पड़ाव होता है। पहले दो पड़ाव में हम सिर्फ इंतजार करते हैं। बच्चे को दो-दो हफ्ते में मॉनिटर करते हैं। तीसरे पड़ाव में हम अर्जेंट लेजर कर देते हैं। आजकल इंजेक्शन भी दी जाती है। यही पैटर्न है ट्रीटमेंट का। यह बीमारी 100 प्रतिशत ठीक हो सकती है। इसमें पैसों का धंधा भी हो रहा है। बच्चों की आंख इतनी छोटी होती है। प्रीमेच्योर बच्चा है। सरकार ने एक प्रोटोकॉल बनाया है। आपको बीमारी को किन-किन पड़ाव पर फॉलोअप करना है। अगर किसी डॉक्टर की मंशा सही नहीं है, तब तो हर बच्चे का इलाज होने लग जायेगा। अगर किसी अभिभावक को लगता है कि इलाज सही दिशा में नहीं हो रहा है, तो वह सेकंड ओपिनियन भी ले सकते हैं। ऐसा नहीं है कि सभी प्रीमेच्योर बेबी में बीमारी पायी जाती है। 10 में से तीन ही ऐसे होते हैं, जिन्हें इलाज की जरूरत होती है। 10 में से सात बच्चे खुद ही ठीक हो जाते हैं। समस्या तब शुरू होती है, जब आपको डॉक्टर बीमारी के बारे में नहीं बताते हैं। हमारे यहां आइरिस अस्पताल में एक रेडकेन मशीन है, जिसमें कैमरा से तस्वीर लेकर मरीजों को दिखाते हैं। हम बताते हैं कि देखिये इसमें खून की नलियां इतनी ही बनी हैं। हमारे यहां प्रीमेच्योर बेबी के रेटिना को स्कैन करने की भी मशीन है, जिससे हम मरीजों के अभिभावकों को सही जानकारी उपलब्ध कराते हैं। हमारे यहां एनआइसीयू से डिस्चार्ज किये हुए बच्चे भी आते हैं। अगर कोई बच्चा एनआइसीयू में ज्यादा समय से है, तो हम संबंधित अस्पताल में जाकर इलाज कर देते हैं, जहां हमारा टाइअप है। हमारे पास पोर्टेबल लेजर भी है, जो हम अस्पताल ले जाकर वहां आसानी से इलाज कर देते हैं। जो बच्चे डिस्चार्ज हो चुके हैं, उन्हें हम आइरिस अस्पताल बुलाकर इलाज कर देते हैं। हमारे पास दो हजार से अधिक बच्चों का आरओपी ट्रीटमेंट हुआ है। हमें गर्व होता है कि हमने दो हजार से अधिक बच्चों को अंधा होने से बचाया है। इनमे एक दो ही ऐसे बच्चे होंगे, जो अंधेपन का शिकार हुए हैं।



> “ मैंने आंखों का डॉक्टर बनना ही पसंद किया, क्योंकि मेरे लिए किसी की आंखों मैं रोशनी देना, लोगों को इस हसीन दुनिया को दिखाना मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य था और है।

> “ मैं अभिभावकों को यही कहूंगा कि आप मोबाइल, गैजेट्स या छोटे स्क्रीन बच्चों से दूर रखिये। दिखाना ही है तो टीवी दिखाइये, क्योंकि टीवी अगर बच्चा छह मीटर की दूरी से देख रहा है, तो वह दूर की रोशनी को सुधार रहा है। इससे उसकी दूर की रोशनी बढ़ेगी। नजदीक की रोशनी बच्चों की अच्छी होती ही है।

**● सवाल: इनमे बहुत से ऐसे भी अभिभावक होंगे, जो कहते होंगे कि बच्चा तो अभी जन्मा है, बीमारी कैसे हो सकती है।**

**जवाब:** आपने सही कहा। 10 में से दो ऐसे भी अभिभावक होते हैं, जो इस प्रोसेस से नहीं जाते, बच्चों का इलाज नहीं करवाते और अंततः छह महीने बाद उन बच्चों को अंधेपन का शिकार होना पड़ता है। अगर एक बार बच्चा अंधा हो गया तो दुनिया में कोई इलाज नहीं है उसे दूर करने का। ऐसे अभिभावकों को जागरूक होने की जरूरत है। उन्हें इन बीमारियों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। 30 दिन के अंदर ही ऐसी बीमारियों का इलाज संभव है। इसमें देरी करना कहीं से भी उचित नहीं है। एक दो हफ्ता में ट्रीटमेंट शुरू हो जाना चाहिए, नहीं तो बच्चे अंधे हो जा सकते हैं।

**● सवाल: एक मैसेज उन अभिभावकों के लिए, जो अपने दो-तीन साल के बच्चों के हाथों में मोबाइल थमा दे रहे हैं। सिर्फ और सिर्फ अपनी जिम्मेदारियों से भागने के लिए, ताकि बच्चा मोबाइल पर बिजी रहे और अभिभावक अपना अन्य काम निपटा लें। बच्चा रोये नहीं। कितना घातक है मोबाइल इन नन्हे बच्चों के हाथों में जरा बतायें?**

**जवाब:** देखिये अभिभावकों को समझना होगा कि जो वह मोबाइल बच्चों के हाथों थमा रहे हैं, वह उनकी नन्हीं आंखों संग खिलवाड़ कर रहे हैं। 1980 के दशक में मायोपिया नाम की बीमारी बहुत बढ़ रही थी। खासकर चीन में। बच्चों की आंखों में चश्मा लगना वहां के लिए आम हो गया था, क्योंकि वहां के लोगों की प्राकृतिक बनावट भी कुछ वैसी ही है। आज यह बीमारी पूरे देश में पांच गुना बढ़ चुकी है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। आज घर में अभिभावक बच्चों को मोबाइल, गैजेट और अन्य इस प्रकार की सामग्री पर निर्भर करवा रहे हैं, जो उनकी आंखों के लिए घातक है। अगर आपका बच्चा मोबाइल देख रहा है, तो वह नजदीक से छोटी-छोटी चीजों को देख रहा है। उससे उसकी नजदीक की रोशनी इंप्रूव तो हो रही है, लेकिन दूर की चीजों को देखने के लिए वह प्रयास नहीं कर रहा है। फोकस नहीं कर रहा है। तो वह विजन या रोशनी उसकी डेवलप नहीं करती, जिसका परिणाम यह होता है कि बच्चों कि दूर कि रोशनी कम हो जाती है। इसलिए चश्मा लगाना पड़ता है। बच्चा टीवी देख सकता है। उसमें कोई दिक्कत की बात नहीं है। मैं अभिभावकों को यही कहूंगा कि आप मोबाइल, गैजेट्स या छोटे स्क्रीन बच्चों से दूर रखिये। दिखाना ही है तो टीवी दिखाइये, क्योंकि टीवी अगर बच्चा छह मीटर की दूरी से देख रहा है, तो वह दूर की रोशनी को सुधार रहा है। इससे उसकी दूर की रोशनी बढ़ेगी। नजदीक की रोशनी बच्चों की अच्छी होती ही है। लेकिन सबसे ज्यादा जरूरी है बच्चों को आउटडोर एक्टिविटी ज्यादा करवायें। उन्हें प्राकृतिक चीजों पर ज्यादा निर्भर बनायें बजाय मोबाइल या गैजेट्स के।

## पीडीएस दुकान में अनियमितता और मनमानी को लेकर पंसस ने डीसी से लगायी गुहार

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड लगनवां स्थित महिला विकास समिति जनवितरण प्रणाली दुकान में अनियमितता और संचालक द्वारा लाभुकों के साथ अभद्र व्यवहार को लेकर पंचायत समिति सदस्य ने उपायुक्त से शिकायत पत्र लिखा है।पंचायत समिति सदस्य अमृणा बीबी के मुताबिक महिला विकास समिति द्वारा संचालित पीडीएस दुकान में सितंबर माह में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मिलने वाला चावल का गबन,नवंबर माह के अंत मे दो योजना का पर्ची निकालकर एक ही योजना का चावल वितरित करना व ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया गया।बताया कि इस दुकानदार पर पहले भी कार्रवाई की गई।इधर कार्डधारी दुकान एवं समिति को बदलने की मांग कर रहे है।पंसस ने कहा कि इस बार न्याय नही मिला तो मजबूर होकर अनशन पर बैठने के लिए बाध्य होंगे।

## सड़क हादसों में एक की मौत, महिला घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में दो अलग हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक महिला घायल हो गयी। मंगलवार की सुबह तिलैया थाना अंतर्गत गुमो चौक के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुमो चौक के समीप अज्ञात वाहन ने अज्ञात व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना तिलैया पुलिस को मिलने के बाद थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर दल बल के साथ पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। दूसरी ओर मंगलवार दोपहर कोडरमा थाना के पास बाइक से गिरकर एक महिला घायल हो गई। घायल की पहचान मंजू देवी (उम्र 35 वर्ष पति संतोष राणा, ग्राम चुटियारो) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी मोटरसाइकिल से कोर्ट की तरफ आने के दौरान कोडरमा थाना के पास ब्रेकर रहने के कारण बाइक पर पीछे बैठी महिला अचानक नीचे गिर कर घायल हो गई। आसपास के लोगों के मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा इलाज चल रहा है।

## गुमो चौक बना सड़क हादसों के लिए डेंजर जोन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** शहर अंतर्गत गुमो चौक नेशनल हाईवे में सुबह-सुबह तेज गति से चलने वाली गाड़ियों की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हुई। एक माह में ही इसी जगह पर लगभग 3 से 4 मौतें सड़क दुर्घटना में हो गई। बड़ी आबादी वाला गुमो क्षेत्र का यह मुख्य चौराहा डोइयाडीह, गझंडी और आसपास के गांव की ओर से आने वाले सड़कों को भी जोड़ता है। इस वजह से राहगीरों का आना जाना काफी संख्या में यहां से होता है। नेशनल हाईवे बन जाने और किसी प्रकार का गति अवरोधक नहीं होने से आए दिन लोग तेज रफ्तार गाड़ियों की चपेट में आ जाते हैं। लोगों का कहना है कि जब तक सर्विस रोड नहीं बने, तब तक प्रशासन को सड़क दुर्घटना रोकने के लिए गति अवरोधक जैसे कुछ न कुछ उपाय करने चाहिए। अन्यथा आए दिन कई लोग दुर्घटना के शिकार होते रहे हैं और होते रहेंगे।

## ऑपरेशन अमानत के तहत ट्रेन में छूटा सामान आरपीएफ ने किया यात्री को सौंपा

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** कोडरमा सुरक्षा नियंत्रण कक्ष धनबाद से सूचना मिलने के बाद एक यात्री का बैग वापस किया गया। गाड़ी संख्या-12988 अजमेर सियालदह एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे यात्री रीता देवी कोच संख्या- बी 4 में आगरा से गया जंक्शन में उतरने के दौरान भीड़भाड़ के कारण एक बैग काले रंग का बर्थ पर ही छूट गया। जिसकी सूचना 139 के मदद से सुरक्षा नियंत्रण कक्ष को दिया गया। सूचना पाकर कोडरमा स्टेशन में तैनात ड्यूटी स्टाफ द्वारा उक्त गाड़ी के आगमन पर उक्त कोच से सही सलामत बैग को उतारकर पोस्ट पर लाया गया। 29 नवंबर को यात्री रीता देवी के पति नवल किशोर प्रसाद सिंह को बैग का सही पहचान करवाकर सुपुर्द कर दिया गया।

## विष्णुगढ़ पंचायत समिति की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख जैबुन निशा तथा संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कोंगारी ने किया। पिछले बैठक में उठाए गए सवालों पर संबंधित पदाधिकारी के द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने पर असंतोष व्यक्त किया गया। स्वास्थ्य विभाग में गठित समिति की नियमित बैठक करने तथा 108 एंबुलेंस चालू कराने की मांग की गई। खाद्य आपूर्ति विभाग के द्वारा डीलर स्तरीय तथा पंचायत स्तरीय गठित समिति की नियमित बैठक करने पंचायत प्रतिनिधियों को सूचना देने के उपरांत खाद्य सामग्रियों का वितरण कराने की बात कही गई। आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका के द्वारा नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण नहीं करने का मामला उठाया गया। सदस्यों ने दीदी बाड़ी योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिए जाने की बात कही गयी। बैठक में परिशोधन शिकायत पोर्टल की जानकारी दी गई। बैठक में मुखिया प्रतिनिधियों को शामिल कराने तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण में नाम जुड़वाने की जानकारी सदस्यों को दी गई। पंचायत भवन में प्रतिदिन रोजगार सेवक तथा सप्ताह में दो दिन पंचायत सेवक बैठने की मांग की गई। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछने की मांग की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत समिति सदस्य, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## नन इंटरलॉकिंग कार्य का एडीआरएम ने किया निरीक्षण

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेल मंडल के एडीआरएम आशीष झा मंगलवार को अपने निरीक्षण के क्रम में कोडरमा स्टेशन पर चल रहे नन इंटरलॉकिंग कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित विभाग के कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। बाद में बातचीत के क्रम में एडीआरएम श्री झा ने कहा कि नॉन इंटरलॉकिंग कार्य 14 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। जिसके बाद सभी लाइने एक दूसरे से कनेक्ट हो जाएंगे।

## जिला कल्याण पदाधिकारी के लिखित बयान पर 10 स्कूलों पर मामला दर्ज

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में अल्पसंख्यक छात्रवृति प्री मैट्रिक के वितरण में अनिमियतता बरतने व राशि का दुरुपयोग करने को लेकर जिला प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए 10 स्कूलों के खिलाफ कोडरमा थाना में एक मामला दर्ज कराया है। जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजूर के लिखित बयान पर कांड धारा 409, 420,467,468, 421 के तहत मामला 275/22 दर्ज किया गया है। मामले का अनुसंधान कर्ता एएसआई श्यामलाल यादव को बनाया गया है। अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं को अर्थात मुस्लिम सिख ईसाई के वर्ग एक से दसम के बच्चो के बीच छात्रवृत्ति वितरण किया जाता है, इसके लिए राज्य से अनुमोदन किया जाता है। उसके लिए संबंधित विद्यालय के यूजर आईडी से जिला कल्याण कार्यालय फॉरवर्ड किया जाता है जिसे कल्याण कार्यालय का सत्यापन हुए विभाग को फॉरवर्ड किया है। कल्याण विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा राशि निर्धारण करते हुए छात्रवृति भुगतान किया जाता है। कहा कि 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 में कई विद्यालयों में स्कूलों के नाम पर छात्रवृति के वितरण में अनिमितता बरती गयी है। उक्त आलोक में उपायुक्त कोडरमा द्वारा अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में एक जाँच समिति गठन कर जाँच किया गया। अपर समाहर्ता कोडरमा के 145 दिनांक 03.02.2022 एवं उपायुक्त कोडरमा पत्रांक 357 दिनांक 05.09.20022 से सपष्ट होता है कि वित्तीय वर्ष-2017-18 2016-10 एवं 2019-20 में उक्त विद्यालय में अल्पसंख्यक छात्रवृति में अनियमितता बरतते हुए राशि का दुरुपयोग किया है और फर्जी छात्रों के नाम से राशि की निकासी कर ली गयी। **आवेदन में किस- किस स्कूल का है नाम :** ब्राइट हॉप पब्लिक स्कूल चतरा, उर्दू मिडिल स्कूल, डरिकलान हजारीबाग, उर्दू मिडिल स्कूल हरिना, हजारीबाग, उर्दू मिडिल स्कूल पेलावल हजारीबाग, चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल, तिलैया, कोडरमा, किड्जी स्कूल बेहरवाटांड, कोडरमा, स्वामी विवेकानंद विद्यासागर, गिरिडीह, मदरसा रसीदिया, करमा, कोडरमा, एनपीएस फुटलहिया मरकच्चो, उप्रावि घोरवाटांड, चंदवारा के नाम है। **कार्यालय के तीन कर्मी पर भी मामला दर्ज:** जिला कल्याण पदाधिकारी के द्वारा दिए गए आवेदन में सभी 10 स्कूलों के अलावे कार्यालय के तीन कर्मी पर भी मामला दर्ज कराया गया है जिसमें पूर्व लिपिक बड़ा बाबू (अब सेवानिवृत्त) मोबिन आलम, लिपिक प्रमोद कुमार मुंडा और कम्प्यूटर अपरेटर मो हैदर को भी अभियुक्त बनाया गया है।

## राहुल के साथ भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए शकील अख्तर



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सीएलपी लीडर आलमगीर आलम एवं भारत जोड़ो यात्रा के प्रदेश संयोजक सुबोधकांत सहाय के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शकील अख्तर अंसारी ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के इन्दौर में राहुल गांधी जी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर पदयात्रा किया। इस दरम्यान शकील अख्तर अंसारी ने राहुल गांधी के साथ पदयात्रा के दौरान चलते-चलते बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि राहुल जी भारत को एक सूत्र में बांधने का काम कर रहे है, यह राष्ट्रहित के लिए बहुत ही अच्छा संदेश जा रहा है, इस यात्रा को आने वाली पीढ़ी सदियों तक याद करेगी। देश की एकता, अखंडता, सदभाव आपसी भाईचारगी देश में बना रहे। नफरत छोड़ो भारत जोड़ो नारा को आप पदयात्रा करके चरितार्थ कर रहे है। आने वाले चुनावों में देश की जनता अपना प्यार जरूरत देगी। यह बात को सुनकर राहुल गांधी ने उन्हें धन्यवाद, शुक्रिया और प्रणाम बोल कर हमें अभिवादन किया।

# हथियार और नगदी के साथ दो शूटर को पुलिस ने पकड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** पुलिस की तत्परता से अमन साहू गैंग के दो शूटर को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे को गुप्त सूचना मिली थी कि हजारीबाग में लेवी वसूली हेतु दहशत फैलाने के उद्देश्य अमन साहू गैंग के 2 सुटर हजारीबाग आने वाले हैं। उक्त सूचना के संदर्भ में पुलिस अधीक्षक श्री चौथे के द्वारा कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम तिवारी और मुफ्फसिल थाना प्रभारी बजरंग महत्व के नेतृत्व में एक छापामार दल का गठन किया गया। छापामार दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी शाखा के सहयोग से जानकारी पाकर कन्हरी पुल के समीप एक सफेद रंग के अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति को पकड़ा गया। जिन की तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध हथियार, गोली तथा लेवी का 57300 बरामद किया गया। इस संदर्भ में बरामद हथियार, गोली एवं नगदी को विधिवत सूची तैयार कर कोर्रा थाना कांड संख्या 267/22 आर्म्स एक्ट दर्ज कर उक्त दोनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। उल्लेखनीय है कि उक्त सुटरो के द्वारा छत्तीसगढ़ के कोयला कंपनी उद्देश्य विस्फोट किया गया था। हजारीबाग स्थित कोल कंपनी एवं व्यवसाई के बीच दहशत फैलाने के उद्देश्य से दोनों शूटर हजारीबाग आ रहे थे।

### गिरफ्तार अभियुक्तों में

नीतीश सील उर्फ मेजर सिंह पिता मिताई सील, ग्राम बैबी कॉलोनी, थाना धर्म जायगढ़, जिला रायगढ़, छत्तीसगढ़ दूसरा अभिनव तिवारी उर्फ सुशांत तिवारी, पिता अभिमन्यु धर तिवारी, ग्राम वार्ड नंबर 8, साउथ बालोर्टा थाना मोदीनगर, जिला पलामू शामिल हैं।

### बरामद सामग्री

9 एमएम का एक पिस्टल, 9 एमएम का पांच जिंदा कारतूस, 9 एमएम का एक पिस्टल मैगजीन, 7.62 एमएम का छह जिंदा कारतूस, लेवी का 57300, सफेद रंग का अपाचे मोटरसाइकिल और 3 स्मार्टफोन शामिल हैं।

## महिला मुक्ति संस्था का महिलाओं पर हो रहे हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान शुरू

**इचाक (आजाद सिपाही)।** हिंसा से ग्रसित महिला, किशोरी, विकलांग, ट्रांसजेंडर, महिला मजदूर की गरिमा को बनाये रखने के लिए महिला मुक्ति संस्था के द्वारा महिलाओं पर हो रहे हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान की शुरूआत विभिन्न हितधारकों के साथ गोवरबंदा पंचायत से शुरू की गई। इस अवसर पर मैत्री नेटवर्क की जिला कोऑर्डिनेटर- ज्योत्सना वर्मा ने कहा कि समाज में आज धारणा बनी हुई है कि महिला हिंसा का मतलब प्रत्यक्ष रूप से सामने दिखने वाली हिंसा ही महिला हिंसा है, जबकि इस धारणा से बाहर निकलकर लोगो को देखने की जरुरत है। कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ उनके पहनावे, रहन-सहन, आने-जाने पर ताने कसे जाते हैं जिससे महिलाऐं मानसिक से रूप से ग्रसित होती हैं ये भी हिंसा है। इस 16 दिवसीय अभियान के दौरान हमलोग उन हिंसा से ग्रसित महिला, किशोरी, ट्रांसजेंडर, महिला कर्मी, मजदूर की गरिमा को बनाये रखने के लिए, उनके साथ हो रहे भेद-भाव को मिटाने के लिए जागरूकता अभियान चला रहे है। कार्यशाला में विभिन्न पंचायत के हितधारक उपमुखिया साज्मा खातून, वार्ड-सदस्य लीलावती देवी, इशरत प्रवीन, सहित आस- पास की महिला समूह की नेतृत्वकारी, महिला नेतृत्वकारी, किशोरी लड़कियां एवं महिला मुक्ति संस्था से लीला कुमारी, मोना कुमारी, अनीता देवी, शांता सांगा, काजल कुमारी, प्रियंका कुमारी, मनोज कुमार अकेला ने पीडिता की गरिमा को बनाये रखने के लिए चर्चा में भागीदारी निभाई।

## जो 70 वर्षों में विस्थापितों के लिए नहीं हुआ वह अब होगा : उमाशंकर

▶▶ श्रीनगर गांव पहुंचा निवेदन समिति और जिला प्रशासन



**बरही (आजाद सिपाही)।** तिलैया डैम निर्माण दौरान हडाही व बहिमर मौजा के विस्थापित ग्राम श्रीनगर में निवेदन समिति के तत्वधान में मंगलवार को निवेदन समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता निवेदन समिति के सभापति विधायक उमाशंकर अकेला ने किया। बैठक में निवेदन समिति के सदस्य झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, प्रक्षिशु आईएएस शताब्दी मजूमदार, डीएफओ आर.एन.मिश्रा, कोलकाता से आए डीवीसी के एडिशनल डायरेक्टर एसऐन दत्ता, डीवीसी निदेशक पुनर्वास एवं भू अर्जन हजारीबाग आरके पाठक, भूमि संरक्षण हजारीबाग के निदेशक संजय कुमार, कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल गगन देव बैठा, बरही एसडीओ पूनम कुजुर, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव, तिलैया डैम विस्थापित संघर्ष समिति, हडाही बरही के प्रतिनिधिमंडल समेत जनप्रतिनिधि व वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। उक्त सभी करीब 2 घंटे तक बैठक कर विचार विमर्श किया। उसके उपरांत उत्क्रमित मध्य विद्यालय श्रीनगर परिसर में स्थित सभा स्थल पहुंचे। वही विस्थापित ग्रामीणों के बीच विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि जो कार्य विस्थापितों के लिए 70 साल में नहीं हुआ, वह अब होगा। उन्होंने कहा कि अब तक किसी ने भी विस्थापितों का चिंता नहीं किया, किंतु वर्ष 2009 में जब मैं विधायक बना तभी से विस्थापितों की समस्या के निदान को तत्पर रहा, 2014 में चुनाव हार गया, अगर नहीं हारता तो अब तक समस्या का समाधान हो जाता। इस बार मैंने सफलता का लकीर बढ़ाया है, जल्द ही विस्थापितों की समस्या का निराकरण होगा, प्रक्रिया जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। वहीं उन्होंने कहा कि बरही जलापूर्ति योजना जल्द ही शुरू कर दी जायेंगी। वही विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि विस्थापितों की समस्या का निदान संवैधानिक तरीके से जल्द होगा, आज का कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा। उन्होंने कहा कि बरही विधायक यहां के विस्थापितों की आवाज हमेशा सदन में उठाते रहते हैं। वही विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि हौसला बनाए रखें सरकार आपकी समस्या के निदान के लिए गंभीर है। वही डीसी नैंसी सहाय ने कहा कि सकारात्मक रूप से समस्या का निदान किया जा रहा है, यहां के विस्थापित सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे इसके लिए भी वे गंभीर है।कार्यक्रम में डीएसपी नाजीर अख्तर, प्रमुख मनोज रजक, स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, उप मुखिया रीता कुमारी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, टू गो रघु को सुनील साहू रघुवीर यादव सीताराम भगत, विस्थापित संघर्ष मोर्चा समिति हडाही के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, मंच संचालनकर्ता संतोष यादव, इंद्रदेव यादव, सुखदेव यादव, गोपी यादव, कृष्णा यादव, गाजो यादव, वासुदेव यादव, सुखदेव यादव, जमुना यादव, वीरेंद्र यादव, शिव कुमार यादव आदि हजारों की संख्या में विस्थापित ग्रामीण उपस्थित थे।

# एयरपोर्ट की तर्ज पर बनेगा कोडरमा स्टेशन का नया भवन

### धनबाद रेल मंडल का होगा पहला हाइटेक स्टेशन

गौतम पाल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** एयरपोर्ट की तर्ज पर बन रहे कोडरमा स्टेशन का नया भवन पूरी तरह हाईटेक होगी। और यह धनबाद रेल मंडल में पहला ऐसा स्टेशन होगा जिसमें सारी सुविधाएं यात्रियों को मिलेगी। जबकि इसी बजट में स्टेशन के दक्षिणी दिशा में आरपीएफ का भव्य बैरक भी बनना है। स्टेशन के पूर्वी छोर पर लगभग 42 करोड़ की लागत से बन रहे रेलवे का नया जी-3 भवन वर्ष 2023 के अंतिम माह तक पूरा कर लिया जायेगा। भवन निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी देते हुए निर्माण विभाग (रेलवे) के सहायक अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त भवन का निर्माण कार्य अध्याराज डेवलपर्स प्रा.लि. पटना के द्वारा कराया जा रहा है। सहायक अभियंता श्रीवास्तव ने बताया कि नये भवन के ग्राउंड फ्लोर पर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी। जबकि प्रथम तल्ले पर सामान्य टिकट काउंटर स्वचालित सीढ़ी की व्यवस्था होगी जबकि दूसरे तल्ले पर, बुकिंग काउंटर, आरक्षण काउंटर व प्रतीक्षालय की व्यवस्था होगी, जबकि तीसरे तल्ले पर स्टेशन अधीक्षक सीटीआई वह स्वास्थ्य निरीक्षक के कार्यालय होंगे। इसके अलावा प्रस्तावित चौथे तल्ले पर रेस्ट हाउस फूड प्लाजा कैफिटेरिया समेत अन्य चीजों की व्यवस्था रहेगी। साथ ही इस भवन में ट्राई वेब,गोदाम, माइक्रो बेब शिफ्टिंग आदि की भी व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि भवन के सबसे उपरी तल्ले पर केनोपी भी लगायी जायेगी, जिससे लोगों को धूप से बचाव के साथ-साथ स्टेशन की सुंदरता भी बढ़ेगी। उन्होंने यह भी बताया की नये स्टेशन भवन से प्लेटफार्म तक जाने के लिए एक फुट ओवर ब्रिज का निर्माण भी होगा। बताते चलें यात्रियों को स्टेशन परिसर में यात्रियों के प्रवेश के लिए इंट्री और एक्जिट प्वाइंट होगी। जबकि वीआईपी लोगों के लिए अलग से व्यवस्था होगी, जिसमें उनके कारों को मुख्य द्वार तक आने की सुविधा होगी।उल्लेखनीय है कि डीएफसी डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को लेकर नये भवन का निर्माण किया जा रहा है। उसके पूर्ण निर्माण के बाद पुराने स्टेशन भवन को तोड़ा जाएगा।

## डीसी ने लोगों से समस्याओं की ली जानकारी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आदित्य रंजन ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। एक-एक कर लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में मिले और अपनी फरियाद सुनाई। समस्याओं में मुख्य रुप से ईलाज हेतु सहायता राशि, राशन नहीं देने, रास्ता बनाने के संबंधित, ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने आमजनों से समस्याओं से जुड़े आवेदन लेते हुए जल्द उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

## झारखंड के वित्त मंत्री पहुंचे पुराने साथी से मिलने सदर विधायक आवास



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव मंगलवार को हजारीबाग आने के क्रम में सदर विधायक मनीष जायसवाल के विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ स्थित आवास पंहुचे और अपने पुराने दिनों के साथी रहें हजारीबाग के पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जयसवाल से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और घंटों चाय पर चर्चा करते हुए पुराने दिनों की याद उनसे ताजा की । ज्ञात हो की मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव कल बरही और चौपारण के दौरे में रहेंगे इसी क्रम में हजारीबाग में उनका रात्रि विश्राम था। उनके राजनीतिक पुराना साथी रहे ब्रजकिशोर जायसवाल से उनका बेहद घनिष्ठता वर्तमान में भी है इसी कारण है की उनका अपनत्व भरा प्यार दिखा और वो हजारीबाग आने पर उनसे मिलने उनके आवास पंहुचे । मौके पर विशेषरूप से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, सरदारा, राकेश कुमार सिन्हा, मनोज गिरी और विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## चुरचू में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप का शुभारंभ



**चरही (आजाद सिपाही)।** चरही मंगलवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप का शुभारंभ चीची फुटबॉल मैदान में हुआ। मैच का उद्घाटन चुरचू प्रखण्ड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक द्वारा विधिवत फुटबॉल किक मार कर किया गया ।इस प्रतियोगिता में प्रखण्ड के आठ पंचायत ने भाग लिया। उद्घाटन मैच चुरचू बनम चनारो पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें चुरचू ने 1-0 से विजय हुआ। मौके पर प्रखंड विकास पदा. इंदर कुमार, उपप्रमुख संजय कुमार सिंह, चनारो मुखिया ब्रजबिहारी महतो, बेहरा मुखिया देवकी महतो, चुरचू मुखिया पूनम बेसरा, पंचायत समिती सदस्य रेखाकांत पटेल, जरवा मुखिया सुनीता देवी, इंद्रा मुखिया राधिका देवी,मुखिया प्रतिनिधी सहदेव किस्कू, दशरथ महतो, समाजसेवी सोनू खान, भुनेश्वर तुरी, ज्ञानी सिंह, रंजीत टुडू, कृष्णा हेमब्रॉम,राजू टुडू, संजय करमाली,दिलीप रॉय, रीतलाल हेमब्रोम, महेन्द्र टुडू, समेत कई फुटबॉल प्रेमी शामिल हुए ।

## कांग्रेस ऑफिस रोड से हटा अतिक्रमण

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** नगर आयुक्त के आदेशानुसार सहायक नगर आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में कांग्रेस ऑफिस रोड में सुबह करीब 8 बजे अतिक्रमण हटाया गया। कांग्रेस आफिस रोड पर सुबह-सुबह व्यापारियो द्वारा सब्जी बेची जाती है तथा सामान उतारने के लिए गाड़ियां लगाई जाती है। निगम की टीम द्वारा अतिक्रमण को हटाया गया तथा दुबारा न लगाने को कहा गया। साथ ही साथ मालवाहक गाड़ियों को बाहर ही लगाकर मार्केट तक सामान लाने को कहा गया। इस अभियान में नगर प्रबंधक राजीव रंजन, विकास मंडल, कनीय अभियंता संजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## आजसू नेता की मां का हुआ निधन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ठाकुर मुहल्ला निवासी आजसू नेता गुरुदयाल ठाकुर के 103 वर्षीय मां शीतली देवी का निधन सौंदाडीह बस्ती में हो गई।जिसके बाद उनके शव को बडकागांव लाया गया। तत्पश्चात अग्नि संस्कार प्रखंड के ठाकुर मोहल्ला निकट पीपल नदी में की गई। अग्नि संस्कार बड़े पुत्र सुभाष ठाकुर ने किया। वे अपने पीछे बड़े पुत्र सुभाष ठाकुर, छोटे पुत्र गुरुदयाल ठाकुर, बेटी सुनीता देवी ,निरासो देवी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए।इनका दाह संस्कार पिपल नदी स्थित श्मशान घाट में किया गया। इनके शव यात्रा एवं शोक सभा में सगे संबंधी रिश्तेदारों के अलावा सैकड़ों लोग शामिल थे।

## चरही के पावन भुमि पर दिग्विजय रथ का हुआ आगमन



**चरही (आजाद सिपाही)।** अयोध्या से दिग्विजय रथ चलकर सोमवार को चरही के पावन धरती पर आगमन हुआ। यह रथ अयोध्या के पावन धरती से रवाना होकर जनकपुर के लिए भारत के 27 राज्यों सहित कन्याकुमारी उडीसा के रास्ते झारखंड में प्रवेश किया झारखंड के अन्य जगहों से गुजरते हुए चरही में पहुंचा जहा पर विश्व हिंदू परिषद दल के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस क्रम में ये लोग रहे मौजूद विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद ओझा, चुरचू प्रखंड अध्यक्ष बिनोद ठाकुर, विणा मिश्रा, आशा राय, चंपा रानी, संगीता देवी, विश्व हिंदू परिषद चुरचू प्रखंड मंत्री सतीश कुमार साहू, शिवानंद तिवारी, रोहित रवानी, गौतम सोनी, मुकेश वर्मा, राजेश मिश्रा, मंजीत सिंह, रमेश प्रजापति, रमेश यादव, दिनेश महतो सहित दर्जनों लोगों ने शामिल हुए।

## राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरदाग में पोशाक का वितरण



**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम जोरदाग गाँव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के बिच पोशाक का वितरण किया गयो पोशाक का वितरण प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी व पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव ने कियो इस अवसर पर केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित पोशाक वितरण बच्चों के लिए खास पहल है जिससे स्कूल के बच्चों में शिक्षा और स्कूल आ कर पढ़ाई करने में उत्सुकता बढ़ती है वहीं मुखिया महेश प्रसाद साव ने कहा कि ड्रेस कोड लागू होने से स्कूल के सभी बच्चे सरकारी विद्यालय के प्रति आकर्षित हो रहे हैं साथ हीं अभिभावको के मन में भी सरकारी स्कूल के प्रति शिक्षा और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की बात कही जाती हैं विद्यालय के प्रधानाध्यापक भुनेश्वर राम विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किशोर साव ने कहा कि सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा आवंटित सरकारी लाभों से बच्चों को लाभान्वित कराने का हरसंभव प्रयास किया जाता है साथ हीं शिक्षा और शिक्षा व्यवस्था के प्रति विशेष ध्यान रखा जाता है जिसके फलस्वरूप छात्र छात्राएं स्कूल आने में काफी उत्सुक रहते हैंमौके रामकुमार साव,अखिलेश पासवान,कालो राम,सहायक शिक्षक रूपलाल साव,रीता देवी,शिवदेव प्रसाद सोनी,कृष्णा गुप्ता,जागेश्वर साव,मनोज राम,खीरोधर साव व कुलदीप साव समेत कई लोग मौजूद थे ।

## भराजो पंचायत भवन में पशुधन योजना को लेकर आम सभा का आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के भराजो पंचायत भवन में मुखिया स्वास्तिका कुमारी के अध्यक्षता में पशुधन योजना के तहत आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आये आवेदन के आधार पर लाभुको का चयन किया गया। बैठक में पंचायत सेवक विश्वजीत दुबे, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय,पंसस शोभा देवी, उपमुखिया कौलेश्वर कुमार, धानेश्वर पासवान, रोहित कुमार, सुधीर कुमार, कृष्णा कुमार,दीपक कुमार,सुनिता देवी,सोनी देवी, रघुनंदन प्रसाद, राजेश राम रोजगार सेवक अरविंद कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। सरकार आपके द्वार में आवेदन आया 250, ओनलाइन हुआ 51- प्रत्येक पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा था उसमें भराजो पंचायत भवन में पशुधन योजना के तहत गाय,बकरी,सुकर एवं चुजा पालन के लिए लगभग 250 आवेदन दिया था लेकिन विभाग और सरकारी तंत्र की लापरवाही से 51 लोगों का ही आवेदन ओनलाइन किया गया। वहीं जिन लाभुकों का आवेदन ले कर ओनलाइन नहीं होने पर सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर किया। लाभुकों का कहना है कि अगर नहीं देना था तो आवेदन लेकर परेशान क्यो किया गया। सरकार सिर्फ अपना कोलम को पुरा करती है काम तो अभी तक हुआ ही नहीं।

# डंपर से दबकर स्कूली छात्र और महिला की मौत, बच्चे की मां गंभीर रूप से घायल

**पुलिस - प्रशासन के समक्ष मुआवजा व स्कूल के समय मालवाहक के लिए नो एंट्री की रखी मांग, बीडीओ के आश्वासन के बाद 5 घंटा बाद सड़क जाम समाप्त**





**कुजू (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के आरा कांटा के समीप स्थित रंगोली स्वीट्स के ठीक सामने मंगलवार दोपहर करीब एक बजे एक अनियंत्रित डंपर से दबकर एक स्कूली नन्हा छात्र व एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि स्कूली छात्र को घर ले जा रही मां गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। वही, ग्रामीणों ने नौकरी - मुआवजा और स्कूल के समय नो एंट्री की मांग करते हुए सड़क को जाम कर दिया। इधर, बीडीओ सुधीर प्रकाश और पुलिस इंस्पेक्टर संजय गुप्ता की अगुवाई में ग्रामीणों से वार्ता के बाद 5 घंटे बाद सड़क जाम समाप्त हुआ। जानकारी के अनुसार, दोपहर एक बजे आरा- सारुबेड़ा सड़क मार्ग पर सीसीएल कथारा कोलियरी से डंपर संख्या जेएच09एए- 4307 पर भारी भरकम मशीन लेकर जाया जा रहा था। जैसे ही उक्त सड़क किनारे डंपर पहुंचा कि सामने से आ रहे एक ट्रेकर को बचाने के दौरान दो महिला व एक छात्र को अपने चपेट में ले लिया। साथ ही, आरा- सारूबेड़ा निवासी 6 वर्षीय छात्र गुलाम दिल नवाज पिता मो उस्मान अंसारी, नवाज को स्कूल से लेकर घर ले जा रही उसकी मां साजदा खातून (27 वर्ष) व एक अन्य महिला आईडब्ल्यूएसपी सारूबेडा की 60 वर्षीय जमीला खातून डंपर की चपेट में आकर पास के नाले में जा गिरी और तीनों के शरीर के ऊपर डंपर चढ़ गया। ग्रामीणों द्वारा उक्त फंसे लोगों को काफी निकालने का प्रयास किया गय, लेकिन वे सफल नही रहे। वही, घंटों देर बाद ग्रामीणों ने क्रेन की मदद से तीनों लोगों को बाहर निकालकर तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने गुलाम दिल नवाज व जमीला खातून को मृत घोषित कर दिया। जबकि साजदा की गम्भीर स्थिति बताया जा रहा है। मौत की खबर के बाद नौकरी- मुआवजा और स्कूल के समय मालवाहक के लिए नो एंट्री की मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया। करीब पांच घंटे के बाद बीडीओ सुधीर प्रकाश की अगुवाई में ग्रामीणों से वार्ता के बाद समाप्त हुआ। वार्ता के दौरान नो एंट्री के संबंध में कहा गया कि जल्द ही इसकी बैठक की जाएगी। वही, स्पीड ब्रेकर के तौर पर आइडब्ल्यूएसपी से आरा कांटा तक ड्रम में बालू भरे तीन पुलीस लिख साइन बोर्ड रखा जाएगा और जल्द ही अंचल से मुआवजा दिलाने की बात कही। मौके पर मांडू इंस्पेक्टर संजय गुप्ता के अलावे कुजू ओपी पुअनि कुमूद बागे, चेतन सिंह, कमलेश सिंह सहित सशस्त्र बल और कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## बलजीत सिंह बेदी बने श्रीराम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के रामगढ़ जिलाध्यक्ष



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्रीराम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीतांबर महाराज ने रांची रोड मरार निवासी बलजीत सिंह बेदी को ट्रस्ट का रामगढ़ जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।बलजीत सिंह पूर्व में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति मरार के 16 साल तक अध्यक्ष रह चुके हैं। वे सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति दुर्गा मड़ई मेला टांड़ सुभाष चौक के भी अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा वे हजारीबाग रामनवमी महासमिति के कई पदों का भी दायित्व संभाल चुके हैं।यही नहीं वे रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान के पद पर 6 वर्षों तक योगदान दे चुके हैं। समाज सेवा के क्षेत्र में इनकी अपनी विशिष्ट पहचान है। उन्हें जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर पीतांबर महाराज ने उम्मीद जतायी है कि वे ट्रस्ट के कार्यों को आगे बढ़ायेंगे। वहीं, बलजीत सिंह बेदी ने कहा है कि वे अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे।

## प्रदूषण को लेकर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने किया ट्रांसपोर्टिंग ठप



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बरका सयाल क्षेत्र अंतर्गत उरीमारी बिरसा परियोजना से कोयला ढुलाई का कार्य कर रहे हाईवा को प्रदूषण एवं सड़क निर्माण कार्य को लेकर मंगलवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में ठप करा दिया गया। ट्रांसपोर्टिंग कार्य कर रहे हाईवा से धूल प्रदूषण एवं अन्य समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने राजू यादव से शिकायत की थी। तत्पश्चात सीसीएल प्रबंधन के साथ सभी समस्याओं को लेकर वार्ता हुई। जिसमें प्रबंधन की ओर से उरीमारी परियोजना कार्मिक पदाधिकारी अजय कुमार, बिरसा परियोजना सुनील कुमार, राकेश कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी संजीव कुमार, बिरसा सुरक्षा प्रभारी श्याम सुंदर प्रसाद, उरीमारी सुरक्षा प्रभारी रामस्नेही राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के बीच वार्ता कर समस्याओं का समाधान निकाला गया। वार्ता में धुल कण से निजात पाने के लिए प्रतिदिन तीन बार पानी का छिड़काव किया जाएगा।शनिचरा बाजार से लेकर उरीमारी परियोजना कार्यालय बिरसा चौक तक जर्जर सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाय। सहित अन्य समस्याओं का समाधान के लिए प्रबंधन की ओर से आश्वासन दिया गया। इसके बाद ट्रांसपोर्टिंग कार्य चालू किया गया। मौके पर मुख्य रूप से डा जी आर भगत, सीताराम किस्कू,कानू मरांडी, विश्वनाथ मांझी,उप मुखिया सतीश कुमार, महादेव बेसरा, कंचन मांझी,लालो महतो,महेश, रवि पवरिया,कजरु उरांव,अजय मिश्रा, कृष्णा किस्कू,मन्नाराम मांझी,सिगू हेंब्रम, संजय कुमार यादव,सिबू ठाकुर, सुरेश कुमार, अनिल,मो असलम, सुनील,मनका मांझी,विनय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## सेकुरिटी शिव मंदिर में चौबीस घंटे के हरिकीर्तन से भक्तिमय हुआ क्षेत्र



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कॉलोनी नया नगर बरकाकाना स्थित सेकुरिटी शिव मंदिर में चौबीस घंटे का हरिकीर्तन समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में पुजारी सुबोध पांडेय द्वारा जजमान स्थानीय व्यास ओमप्रकाश चौबे अपनी पत्नी मीणा देवी के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर अखंड हरिकीर्तन व रामायण पाठ की सुरुवात की।हरिकीर्तन समारोह में आस पड़ोस गाँव के कीर्तन मंडळी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को भक्तिमय किया।तदोपरान्त प्रसाद वितरण किया गया जिससे सैकड़ों श्रद्धालु लाभान्वित हुए।मौके पर पीयूष चौबे,मधु कुमारी,जय प्रकाश चौबे,लक्ष्मी राम,सतपाल वोहरा,नागेश्वर राय, जय प्रकाश पाल,राकेश प्रसाद,शिवपूजन प्रसाद,ज्ञानी यादव,सुनील कुमार,बिनोद विश्वकर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बालिका उच्च विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बालिका उच्च विद्यालय मुरपा (कुजू) में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को लोक अदालत, सरकार द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे विधिव सेवा व विभिन्न प्रकार के धारा (एक्ट) व सजा के प्रावधान की जानकारी दी गयी। शिविर में थाना व महिला थाना के बारे में भी जानकारी के सात वर्तमान में हो रहे अपराध, सोशल मीडिया, बाल विवाह, बालश्रम, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ आदि के बारे में बताया गया। मौके पर डालसा पैनल अधिवक्ता कौशल्या, पीएलवी अनुप कुमार, आशीष कुमार, प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद, शिशुपाल महतो, राकेश कुमार महतो, बुलंद अख्तर, कविता सेन, ललिता देवी, सुरेंद्रनाथ रजक, रामनरेश शर्मा मौजूद रहे।

## भाजपा नेता के पिता का निधन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कोठार निवासी सह भाजपा नेता सुरेंद्र रविदास के पिता कैलाश रविदास के निधन पर भाजपाइयों ने उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। साथ ही, उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। शोक संवेदना प्रकट करने वालो में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, छोटन सिंह, रंजीत कुमार सिन्हा, राजू चतुर्वेदी, कुंटू बाबू, राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरि, कीर्ति गौरव, हरिनारायण कुशवाहा, विजय गिरि, दिलीप सिंह, भीमसेन चौहान, सुनील प्रसाद साहू, अर्जुन महतो, विनोद प्रसाद, रंजीत प्रसाद, आनंद बेदिया, दिवाकर सिंह, उमेश प्रसाद साहू समेत कई भाजपाई शामिल रहे।

## बाइक की चपेट में आने से नन्हा बालक घायल

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के तोपा बैरक कॉलोनी निवासी अखबार हॉकर रंजीत सिंह का पोता मंगलवार को बाइक की चपेट में आने से घायल हो गया। बाद में परिजनों ने उसे बेहतर इलाज के लिए अस्पताल ले गया। जानकारी के अनुसार, रंजीत सिंह का चार वर्षीय पोता कार्तिक सिंह अपने क्वार्टर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच बाइक संख्या जेएच24जे-3339 ने अपनी चपेट लेते हुए करीब 20 फीट दूरी तक घसीटा। जिसमें कार्तिक के सिर व शरीर के अन्य हिस्से में चोटे आयी। वहीं, घटना के बाद बाइक सवार बाइक को छोड़कर फरार हो गये। इधर, कार्तिक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया।

## वनांचल कॉलेज मैदान में 1-6 दिसंबर तक बालक बालिकाओं का फुटबॉल प्रतियोगिता

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** वनांचल कॉलेज टंडवा फुटबॉल मैदान में एक दिसंबर से छः दिसंबर तक मुख्यमंत्री आमंत्रण प्रखंड स्तरीय फुटबॉल बालक एवं बालिका प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन किया जायेगा। इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी रंथू महतो ने पत्र जारी बताया की प्रखण्ड के सभी पंचायत के फुटबॉल खिलाडी बालक,बालिका भाग लेंगे।खिलाडी अपने पंचायत से ही खेलेंगे,समय 10 बजे पहुंचेंगे। सभी खिलाड़ियों का पहचान पत्र आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।मैच में रेफरि का निर्णय अंतिम माना जायेगा।खेल में 15 मिनट की देरी पर पहुंचने वाले टीम को आउट किया जायेगा। सभी टीम जर्सी बूट के साथ ही खेलेंगे,इसके लिए मुखिया, पंचायत सचिव, जिला परिषद सदस्य,पंचायत समिति सदस्य, प्रमुख, उपप्रमुख, बीस सुत्री अध्यक्ष, सभी पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष,विद्यायक प्रतिनिधि सांसद प्रतिनिधि एवं प्रखंड प्रखंड के नजीर एव पंचायती राज पदाधिकारी संजय रवानी को नाजिर के सहयोग से समनव्य सहयोग के निर्देश सुचना दिया गया। और जिला क्रीड़ा पदाधिकारी चतरा को सुचना दिया गया।

## राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में टिबड़ेवाल की छात्रा ने जीता गोल्ड



**चतरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान परिषद रांची के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय कला उत्सव प्रतियोगिता में चतरा इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर की कक्षा नवम वर्ग की छात्रा साक्षी प्रिया दुबे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसी प्रदर्शन के आधार पर साक्षी प्रिया का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस अवसर पर चतरा जिले के उपायुक्त अबु इमरान ने छात्रा को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। प्रतिभागी आगामी जनवरी माह में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। बताते चलें कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रांची में आयोजित थी। जिसमें चतरा से कुल 18 बच्चों ने भाग लिया था। जिनमें से दो बच्चों ने गोल्ड एवम दो ने कांस्य पदक जीता। जिनमें रोहित (+2 उच्च विद्यालय चतरा) को पेंटिंग में तथा साक्षी प्रिया दुबे को मिला। विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी हैं। इन बच्चों का नेतृत्व शिक्षक सीमा श्रीवास्तव, श्याम किशोर एवं डॉ मनीष कुमार कर रहे थे।

## ओवर लोडेड वाहनों से हो रही आयरन ओर की ढुलाई, प्रशासन बेखबर

### दुर्घटनाओं को दे रहा है निमंत्रण



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला रोड रेलवे स्टेशन के साइडिंग से हो रहे आयरण ओर की ढुलाई में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।बताया जाता है कि यहाँ से प्रतिदिन दर्जनों हाइवा से क्षेत्र के इनलैंड पवार प्लांट,बीएमएल, आनंदिता,आलोक स्टील, झारखंड इस्पात,एंव माँ छिन्नमस्तिका, प्लांटों में ऑवर लोड गाड़ियों के द्वारा लगातार बैखोफ ढोया जा रहा है। इसके लिए सरकारी मापदंड को भी दरकिनार कर दिया जाता हैं।वही इसे लेकर परिवहन विभाग द्वारा कभी भी कोई कार्रवाई नही किये जाने से कार्य में लगे लोगों का मनोबल दिनोदिन बढ़ते जा रहा है। वही व्यस्ततम मार्ग से होकर ओवर लोड वाहनों के गुजरने से आये दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।साथ ही आबादी वाले क्षेत्र में इस तरह के कारोबार होने से पूरा इलाका प्रदूषण से प्रभावित होते जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आयरन ओर के ढुलाई के समय सड़कों पर पानी का छिड़काव निरंतर करते रहना है लेकिन कार्य से जुड़े लोग अपनी ऊंची पहुँच का धोस दिखाकर दिनभर में एक दो बार ही पानी का छिड़काव कर अपनी जिम्मेदारियों से छुटकारा पा लेते है। इधर ग्रामीणों ने बताया कि प्रदूषण ओर ओवर लोड की शिकायत कई बार विभागों से की गई।लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता हैं। इस संबंध में परिवहन विभाग के अधिकारियों से पछ लेने का प्रयास किया गया।लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नही किया।

## ओपीजेसीसी के 15 वर्ष होने पर टेक्नो-उत्सव मनाया गया



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** ओपीजेसीसी उचरिंगा के 15 वर्ष पूर्व होने पर टेक्नो-उत्सव 2022 का उद्घाटन मंगलवार को जीएसपीएल प्लांट प्रमुख संजय सिन्हा के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया । इस उत्सव का उद्देश्य टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बढ़ावा देना है। इस अवसर पर उन्होंने सभी शिक्षकों प्रधानाध्यापक एवं छात्रों को ओपीजेसीसी के 15 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी और कहा कि आप इसी तरह से ओ.पी.जे.सी.सी. के द्वारा समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करते रहें। ओमप्रकाश जिंदल कम्युनिटी कॉलेज प्राइवेट आईटीआई, भारत सरकार के प्रशिक्षण महानिदेशालय तकनीकी हस्तशिल्प योजना, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल काउंसिल ऑफ वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग से स ?म ?द्धता प्राप्त संस्थान है। जिंदल स्टील एंड पावर के संस्थापक उद्योगपति श्री ओम प्रकाश जिंदल जी का सपना था। उनके इसी सपने को साकार करने के उद्देश्य से नवीन जिंदल, जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमैन की पहल पर सन 2007 में पतरातू स्थित बलकुदरा क्षेत्र को तकनीकी शिक्षा देने, क्षेत्र का विकास हेतु औद्योगिक संस्थान ओम प्रकाश जिंदल कम्युनिटी कॉलेज की स्थापना की गई। प्रधानाध्यापक अजय पांडे ने कहा कि ₹ओपीजेसीसी पिछले 15 सालों में लगभग 1.5 लोगों को ट्रेंड करके देश विदेश में नौकरी देने का काम किया है। मौके पर जीएसपीएल के राजीव रंजन, सीएसआर प्रमुख रवि निवास सहित रामगढ़ जिले के उच्च संस्थानों के लोग मौजूद थे।

## लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने लगाया 14वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से एयरटेल टॉवर स्थित उत्सव मैरिज हॉल में मंगलवार को 14वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया गया। कार्यक्रम के प्रभारी लायन मो. मुमताज अंसारी के नेतृत्व में लगे इस शिविर में निरामया अस्पताल कोकर रांची के आप्थाल्मालॉजिस्ट सरिता कुमारी, हरिदास महतो, गोविंद राम, सिस्टर बसंती व कंचन द्वारा 118 लोगों का स्वास्थ्य व नेत्र जांच किया गया। जांच में 88 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण दिखाई दिए परंतु रक्तचाप एवं मधुमेह की अधिकता के कारण केवल 30 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो ने बताया कि शिविर में पाये गये सभी मोतियाबिंद मरीजों को 30 नवंबर बुधवार को सुबह 11 बजे बस से निरामया अस्पताल कोकर रांची भेजा जायेगा। जहां इनके आंखों का नि:शुल्क ऑपरेशन होगा। साथ रहने खाने व आने-जाने की व्यवस्था भी पूरी तरह फ्री होगी। उन्होंने कहा कि आगे भी क्षेत्रवासियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया जायेगा। सचिव लायन विजयंत कुमार ने कहा कि क्लब अपने सामाजिक दायित्वों के तहत क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाता रहेगा। कोषाध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा ने कहा कि क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने के प्रति लायंस क्लब के लोगदृढ़संकल्पित है। शिविर को सफल बनाने में दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा। शिविर को सफल बनाने में लायन माला शर्मा, अखिलेश शर्मा, संजय सिंह, अंजू देवी, शोभा राय, प्रमोद शर्मा, सूबेदार एचएन यादव, निर्मल अग्रवाल, विजय वर्णवाल, रमेश अग्रवाल, विमल राय सहित राज नर्सिंग होम की सिस्टर संगीता, नीतू, युसूफ अंसारी, अर्चना आदि का विशेष योगदान रहा।

## पीएलवी ने चलाया जागरूकता अभियान



**चतरा (आजाद सिपाही)।** झालसा रांची के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा राकेश कुमार सिंह एवं सचिव महोदया प्रज्ञा वाजपेई के नेतृत्व में सविधान सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को मयूरहंड प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरैनी में पेंटिंग कला का आयोजन किया गया। साथ ही साथ संविधान द्वारा प्रदत्त कानून, अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक विकास कुमार सिंह, शिक्षक रामजीवन सिंह, राधेश्वर प्रसाद, विजय ठाकुर, दयानन्द कुमार शर्मा, मोजाहिरहुसैन उपस्थित थे।

## काले हीरे के लूट में शामिल तस्करों पर पुलिसिया शामत, सरकारी खजाने पर डाके की साजिश विफल

**चतरा (आजाद सिपाही)।** राजपुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से सार्वजनिक जल मीनार और निजी घरों में संचालित अवैध कोयले के काले खेल का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। एसपी राकेश रंजन को लगातार सफेदपोशों के संरक्षण में चल रहे गोरखधंधे की मिल रही गुप्त सूचना के आधार पर स्पेशल ड्राइव चलाकर पुलिस ने हड़कंप मचा दिया है। एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने यह कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान राजपुर थाना क्षेत्र के बड़ा बेंगोकला गांव के सार्वजनिक जल मीनार में सफेदपोश कोयला माफियाओं द्वारा कोयला की तस्करी करने का बड़ा मामला उजागर हुआ है। जो ना सिर्फ स्थानीय पुलिस की सूचना तंत्र को खुली चुनौती है बल्कि निष्क्रियता को भी चरितार्थ कर रहा है। एसडीपीओ के नेतृत्व में स्पेशल टीम ने सार्वजनिक जल मीनार के कमरे से करीब एक हाईवा अवैध कोयला जप्त कर माफियाओं को बड़ा आर्थिक चोट दिया है। ऐसे में यह गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर सार्वजनिक जल मीनार के कमरे में कैसे अवैध कोयले की तस्करी का गैरकानूनी खेल चल रहा था..? तस्करों और माफियाओं द्वारा सार्वजनिक स्थान पर धड़ल्ले से चलाए जा रहे इस तस्करी के खेल की सूचना राजपुर पुलिस तक क्यूं नहीं पहुंच रही थी..? क्या काले हीरे के तस्करी के खेल में माफिया ही नहीं बल्कि पूरा गांव ही संलिप्त था...? राजपुर थाना क्षेत्र में सरेआम धड़ल्ले से कोयला तस्करी कर सरकारी खजाने को प्रतिमाह लाखों के राजस्व का चुना लगाने यह पहला मामला नहीं है...ऐसा ही मामला इसी गांव के राम अवतार दांगी व थाना क्षेत्र के बारा टांड़ गांव निवासी राजेंद्र भुईयां के धर भी उजागर हुआ है। एसडीपीओ ने राजेंद्र भुईयां के घर से दो हाईवा व राम अवतार दांगी के धर के कमरे से एक हाईवा अवैध कोयला जब्त किया है। हालांकि छापामारी के दौरान मौके पर पुलिस को देखकर तस्करी में शामिल तमाम तस्कर भागने में सफल रहे। इनकी धरपकड़ को लेकर पुलिस ने छापामारी अभियान तेज कर दिया है। सूत्रों की माने तो अभियान के दौरान अभी तक करीब एक सौ टन अवैध कोयला का खेप पकड़ा गया है, जिसका अनुमानित मूल्य लाखों में है। छापामारी अभियान निरंतर जारी है...मामले में अभी और भी खुलासे होने बाकी है। मौके पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के साथ छापेमारी अभियान में राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान समेत पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे को सौंदा डी वासियों ने किया सम्मानित



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सौंदा डी से अगवा 4 वर्षीय बच्ची आयत को 48 घंटा के अंदर सकुशल बरामद कर लेने पर मंगलवार को सौंदा डी वासियों ने भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे का स्वागत किया। साथ ही स्थानीय मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंसस प्रतिनिधि डब्लू पांडेय व उप मुखिया संजय भारती द्वारा ओपी प्रभारी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कहा गया कि पिछले 22 वनंबर को सौन्दा डी पंचायत के मस्जिद कॉलोनी से शब्बीर अहमद व आसमा खातून की पुत्री आयत का एक भिखारन व उसके पति द्वारा अपहरण कर लिया गया था। इसके बाद भुरकुंडा पुलिस ने पूरी मुस्तैदी दिखाते हुए 48 घंटा के अंदर बच्ची को बरामद कर लिया था। इस मौके पर ओपी प्रभारी द्वारा आयुष कुमार, अभय कुमार, मेहरू निसा को रेलवे पास व दो जरूरतमंद दल्विन मींज व एक अज्ञात विक्षिप्त को कंबल और खाने-पीने का समान वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्ड सदस्य अंजली एक्का, सुबोध रजक, संजय कुमार, समीर, सुदर्शन, मो. शमशेर, संतोष कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

## खेलो झारखंड के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का डीसी ने किया शुभारंभ

**▸▸ प्रतियोगिता में भाग लेना ही बड़ी उपलब्धी: माधवी मिश्रा**



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड 2022-23 के तहत रामगढ़ कॉलेज मैदान में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी माधवी मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

### प्रतियोगिता में भाग लेना ही बड़ी उपलब्धी

मौके पर डीसी माधवी मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आप सभी के प्रतिभा को निखारना है। उन्होंने सभी को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप प्रतियोगिता में जीते या हारे ये अलग बात है। लेकिन प्रतियोगिता में भाग लेना ही अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।

### कोरोना महामारी को हम भूल नहीं सकते, पर उससे बाहर आ चुके है

डीसी ने कहा कि जिस तरह से कोरोना के 2 वर्ष हमारे लिए बहुत कठिनाई से बीते और हम सभी अपने घरों में थे ऐसी स्थिति में बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए भी इस तरह की प्रतियोगिता का होना बहुत ही आवश्यक है। वही उन्होंने सभी से खेल को पढ़ाई की तरह ही हमारे जीवन मे शामिल करने की अपील की।

### हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ

उपायुक्त ने विभिन्न प्रतियोगिताओं को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता आरम्भ की। साथ ही उन्होने 3000 मीटर बॉयज (कक्षा 9 से 12), 100 मीटर बॉयज (कक्षा 9 से 12), 100 मीटर गर्ल्स (कक्षा 9 से 12) के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## छात्रा का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय किरीगढा की छात्रा स्नेहा कुमारी का जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए चयन होने पर सम्मानित किया गया। छात्रा का चयन होने पर स्कूल परिवार के साथ ही छात्रा के परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील राम ,सहायक शिक्षक उत्तम कुमार रजवार कामेश्वर कुमार ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। वही विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष फौदर सिंह जयंती कुमारी ,छात्रा के पिता महेंद्र रजवार माता संगीता देवी द्वारा स्कूल के शिक्षकों को बधाई दी गई।

## अनमोल बचपन प्ले स्कूल में नन्हें-मुन्ने बच्चों के लिए हुआ ड्राइंग प्रतियोगिता



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसएससी कैंपस में अवस्ति अनमोल बचपन प्ले स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें नर्सरी, एलकेजी यूकेजी एवं कक्षा वन के दर्जनों बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के बच्चों ने एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाये। इस दौरान सबों में काफी उत्साह देखने को मिला। मौके पर संस्था की शिक्षिका उर्मिला कुमारी, नमिता मिश्रा, रुकमणी कुमारी व अंशु कुमारी द्वारा पेंटिंग में विभिन्न रंगों को भरने, रंगों की जानकारी व उसके उपयोग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें बौद्धिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए प्ले स्कूल पहला कदम होता है। हमारा प्रयास है कि बच्चे स्कूल आने के लिए उत्साहित रहें और खेल-खेल के माध्यम से बच्चों में मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास हो सके। प्रतियोगिता में नर्सरी की सुहानी कुमारी प्रथम, शिवांश कुमार द्वितीय व पीहू कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एलकेजी गणेश कुमार प्रथम व रिया कुमारी द्वितीय जबकि यूकेजी में जोयेल प्रथम व संध्या कुमारी ने द्वितीय स्थान पाया। वहीं कक्षा एक में अंश ठाकुर ने अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम स्थान पाने का गौरव हासिल किया।

# शी चिनफिंग के खिलाफ नारे

चीन के तमाम बड़े शहरों में जिस तरह से लोग सरकार की जीरो-कोविड पॉलिसी के खिलाफ सड़कों पर उतर आये हैं, उससे इस पॉलिसी के साथ-साथ चीनी नेतृत्व और वहां की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हुए हैं। यह देखना होगा कि चीन सरकार विरोध की इस नई लहर से कैसे निपटती है, जबकि 1989 में थ्येनआन मन स्क्वेयर पर असंतुष्ट स्टूडेंट्स के जमावड़े से निपटने के लिए कम्युनिस्ट सरकार ने टैंक तैनात किये थे। तब हजारों स्टूडेंट्स मारे गये थे। इस बार भी मामला गंभीर है। जीरो कोविड पॉलिसी से चीनी नागरिकों में असंतोष की खबरें पहले से आ रही हैं। छिटपुट विरोध भी इस बीच होते रहे हैं। बावजूद इसके सरकार ने इस पॉलिसी में किसी तरह के बदलाव का कोई संकेत नहीं दिया। हालांकि दुनिया के अन्य देशों का इस महामारी से जूझने का अनुभव थोड़ा अलग है, जिसके परिणाम भी पॉजिटिव रहे हैं। पूरी दुनिया अब इससे उबरती दिख रही है। कतर में फुटबॉल वर्ल्डकप में बहुत कम लोग मास्क में दिख रहे हैं। भारत में तो रोजाना नए केसों की संख्या 500-600 के आसपास आ गयी है, लेकिन जर्मनी और फ्रांस जैसे देशों में जहां रोजाना के केसों की संख्या 25-30 हजार के बीच है, वहां भी इसका हौवा नहीं बनाया जा रहा। नतीजा यह कि वहां जनजीवन सामान्य हुआ और लोग कोरोना के साथ जीना सीख रहे हैं। लेकिन चीन में शी चिनफिंग सरकार ने जीरो कोविड पॉलिसी को अपनी नाक का सवाल बना लिया है। पिछले दिनों हुए महत्वपूर्ण पार्टी कांग्रेस में भी राष्ट्रपति ने इस पॉलिसी के कसीदे पढ़े। वैसे यह बात सही है कि चीन में कोरोना से मौत की संख्या कम रही है। जहां अमेरिका जैसे देशों में लाखों लोग मारे गए, वहां चीन में इससे मरने वालों की संख्या 5200 ही बताई जाती है। लेकिन सच यह भी है कि वायरस का जोर वहां कम नहीं हुआ है, बल्कि नए केसों की संख्या रेकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई है। साफ है कि एक तो चीन में नैचरल इम्यूनिटी डिवेलप नहीं हुई और दूसरे लगातार लॉकडाउन ने इकॉनमिक ग्रोथ पर बुरा असर डाला। आइएमएफ ने 2023 की चीन की विकास दर 4.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया है, जबकि पिछले चार दशकों में उसकी औसत ग्रोथ 10 फीसदी रही है। ध्यान रहे, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी अपनी मजबूती का एक बड़ा आधार तेज ग्रोथ को मानती आयी है। उसकी यह सोच रही है कि लोग समृद्ध होंगे तो लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग नहीं करेंगे। लेकिन अभी जो प्रदर्शन हो रहे हैं, उसमें कम्युनिस्ट पार्टी और उसके मौजूदा नेता शी चिनफिंग दोनों को सत्ता से हटाने की मांग उनकी जबान पर आ गयी है। यह बात इसलिए खास अर्थ रखती है कि शी को कम्युनिस्ट पार्टी के इतिहास में सर्वाधिक शक्तिशाली नेताओं में शामिल किया जाता है।

**चीनी कम्युनिस्ट पार्टी अपनी मजबूती का एक बड़ा आधार तेज ग्रोथ को मानती आयी है। उसकी यह सोच रही है कि लोग समृद्ध होंगे तो लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग नहीं करेंगे। लेकिन अभी जो प्रदर्शन हो रहे हैं, उसमें कम्युनिस्ट पार्टी और उसके मौजूदा नेता शी चिनफिंग दोनों को सत्ता से हटाने की मांग उनकी जबान पर आ गयी है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में डेयरी क्षेत्र बड़े पैमाने पर सहकारी संरचना के तहत संगठित है और सहकारी समितियों ने डेयरी किसानों के मोल-भाव की ताकत बढ़ाने और अपने-अपने क्षेत्रों में दूध खरीद तथा दूध बिक्री की कीमत को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। चावल और गेहूं जैसी फसलों के परिदृश्य के विपरीत, सरकार डेयरी उत्पादों की कीमतों को निर्धारित नहीं करती है और दूध की खरीद में शामिल नहीं होती है।**

# भारत डेयरी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार



**पुरशोत्तम रुपाला**



देश ने 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाया। यह अवसर महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दिवंगत डॉ वर्गीज कुरियन की 101वीं जयंती को रेखांकित करता है, जिन्हें भारत की 'श्वेत क्रांति' का सूत्रपात करने का श्रेय दिया जाता है। भारत के डेयरी क्षेत्र में विकास और उन्नति कई मायनों में, वैश्विक मानचित्र पर देश के सम्मान और प्रभाव के रेखा-चित्र का प्रतीक रहा है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, देश के दूध उत्पादन में 44 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गयी है और वर्ष 2020-2021 में, हमने 210 एमटी दूध का उत्पादन किया, जो दुनिया के कुल दूध उत्पादन का 23 प्रतिशत है। भारत की प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 2020-21 में 427 ग्राम प्रति दिन रही, जबकि इसी अवधि के दौरान विश्व औसत 394 ग्राम प्रति दिन था।

भारत में डेयरी क्षेत्र बड़े पैमाने पर सहकारी संरचना के तहत संगठित है और सहकारी समितियों ने डेयरी किसानों के मोल-भाव की ताकत बढ़ाने और अपने-अपने क्षेत्रों में दूध खरीद तथा दूध बिक्री की कीमत को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। चावल और गेहूं जैसी फसलों के परिदृश्य के विपरीत, सरकार डेयरी उत्पादों की कीमतों को निर्धारित नहीं करती है और दूध की खरीद में शामिल नहीं होती है। इससे डेयरी सहकारी समितियों की स्वायत्तता को बढ़ावा मिला है और वे बाजार उन्मुख होने के लिए प्रोत्साहित हुई हैं। वास्तव में, देश की कुछ प्रमुख डेयरी सहकारी समितियों ने प्रदर्शन और लाभ, दोनों में निजी कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। भारत की सबसे बड़ी डेयरी कंपनी अमूल, देश में सहकारी प्रारूप की शक्ति और सफलता का एक उत्कृष्ट प्रमाण है।अब जब हम वैश्विक महामारी से उबर रहे हैं, तो लॉकडाउन अवधि के दौरान और उसके बाद डेयरी किसानों की सहायता के लिए, सरकार और डेयरी सहकारी समितियों द्वारा निभायी गयी भूमिका पर प्रकाश डालना उचित होगा। महामारी के दौरान डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में वृद्धि जारी रही, क्योंकि इसने किसानों के अतिरिक्त दूध की खरीद की, जो अन्यथा निजी और असंगठित क्षेत्र के व्यवसायियों को बेचा जाता था।

**वर्तमान में दुनिया भर में 75 से अधिक ऐसे देश हैं, जहां दूध की कमी है।**

2020-21 के दौरान डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। सहायता प्रदान करने के लिए, भारत सरकार ने मौजूदा केंद्रीय क्षेत्र की योजना- डेयरी कार्यों से जुड़े डेयरी सहकारी समिति और किसान उत्पादक संगठन (एसडीसीएफपीओ) योजना के तहत कार्यशील पूंजी ऋण पर ब्याज में छूट घटक लॉन्च किया। इस तरह के उपायों से हमारे डेयरी उद्योग को पिछले दो वर्षों में सक्षम बने रहने में मदद मिली है।

प्रौद्योगिकी की बढ़ती क्षमता का लाभ उठाने के क्रम में, पशुधन प्रबंधन को आसान बनाने और इसकी दक्षता बढ़ाने के लिए ई-गोपाला नाम का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया गया। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग पशु आधार, पशु पोषण, संजातीय-पशु चिकित्सा दवाएं (इवीएम), पशु प्रजनन संबंधी सेवाओं और सूचनाओं को प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, इ-गोपाला ऐप डेयरी पशुओं, गोजातीय वीर्य, भ्रूण आदि की खरीद और बिक्री के लिए भी एक मंच प्रदान करता है। इस कार्य के पूरक के रूप में, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा डेयरी किसानों की सहायता के लिए 'पशु मित्र' नामक एक हेल्पलाइन स्थापित की गयी है, जो किसानों को पशुओं के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी प्रश्नों का विशेषज्ञों द्वारा सीधे जवाब प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करेगा। यह देखते हुए कि वर्ष 2025 तक भारत का दूध उत्पादन 270 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) तक पहुंच जाने की उम्मीद है, व्यापारिक निगमों को प्रसंस्करण से जुड़ी सुविधाओं में निवेश करने की जरूरत होगी और यह डेयरी क्षेत्र के भीतर 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की क्षमता प्रदान करता है। डेयरी क्षेत्र में मोटे तौर पर बुनियादी ढांचे में पैमाने की दृष्टि से 120-130 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) की कमी है। यह कमी अगले 9-12 वर्षों में निवेश पर 17-20 प्रतिशत के अपेक्षित लाभ के साथ लगभग 2.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की संभावनाएं खोलती है। निर्यात बाजार में हमारी बढ़ती उपस्थिति डेयरी क्षेत्र में निवेश बढ़ाने का एक और प्रेरक है। उदाहरण के लिए, एचएस कोड 0406 के तहत भारत का पनीर निर्यात 2015-2020 की अवधि के दौरान 16 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा है। जिन प्रमुख देशों को पनीर का निर्यात किया गया उनमें संयुक्त अरब अमीरात, भूटान और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल थे।

वर्तमान में दुनिया भर में 75 से अधिक ऐसे देश हैं, जहां दूध की कमी है। इनमें से अधिकांश देश एशिया, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका के हैं। यह भारत के लिए नये बाजारों में पैठ बनाने का एक बढ़िया अवसर प्रदान करता है। इसके लिए, राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन जैसी हालिया पहल पता लगाने की क्षमता (ट्रेसबिलिटी) संबंधी मानकों को बेहतर करने की दिशा में एक लंबा सफर तय करेगी और भारतीय कंपनियों को आयात करने वाले देशों द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों को पूरा करने में सक्षम बनायेगी।

डेयरी क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) ने डेयरी निवेश त्वरक की स्थापना की है, जिसके तहत गेट्स फाउंडेशन और इन्वेस्ट इंडिया जैसी संस्थाएं निःस्वार्थ सेवाएं प्रदान करने के लिए सहयोग करेंगी। इसमें समस्या समाधान, निवेश सुविधा, निर्यात रणनीति में सहायता, बाजार अनुसंधान, स्थान मूल्यांकन आदि जैसे पहलू शामिल होंगे। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि डेयरी क्षेत्र ने फसलें खराब हो जाने की स्थिति में पारंपरिक किसानों को आय का एक विश्वसनीय स्रोत प्रदान किया है।

वर्तमान सरकार के प्रयास डेयरी उद्योग को असंगठित से संगठित क्षेत्र में बदलने पर केंद्रित हैं, जिसका अंतिम लक्ष्य किसानों की आय में वृद्धि करना और मूल्य श्रृंखला में रोजगार का सृजन करना है। पशुपालन अवसंरचना विकास कोष, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, पशुपालन ग्रैंड स्टार्ट-अप चैलेंज, और पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड सुविधाओं के विस्तार जैसी हालिया योजनाओं से हमारे डेयरी क्षेत्र में बेहतर मानकों और नवाचारों की शुरुआत होगी। इस प्रकार, डॉ कुरियन की 101वीं जयंती के अवसर पर हमें यह विश्वास है कि भारत आने वाले समय में डेयरी उत्पादों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरने के लिए तैयार है।

**(लेखक : केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### ग्रामीण क्षेत्र में आजसू पार्टी ने महिला समिति का किया गठन

# मुखी उरांव अध्यक्ष और तारा गोप सचिव मनोनीत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** ईचागढ़ में लेपाटांड पंचायत के भांगा बांध चौक स्थित हाटतोला प्रांगण में आजसू पार्टी की एक बैठक आयोजित की गई। मंगलवार को आयोजित बैठक में सभी के सहमति से पार्टी की अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड महिला संघ का पंचायत कमेटी की गठन की गई। बैठक के दौरान सभी के सहमति से लेपाटांड पंचायत के मुखी उरांव को अध्यक्ष एवं तारा गोप को सचिव पद पर मनोनीत किया गया। इसके अलावा कार्यकारी अध्यक्ष चंदना लायेक, उपाध्यक्ष कल्याणी गोप, सह सचिव प्रमिला प्रमाणिक, कोषाध्यक्ष गुड़िया उरांव, सह कोषाध्यक्ष भारती देवी एवं कार्यकारी सदस्य रेवती गोप को बनाया गया। मौके पर आजसू पार्टी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुरुपद सोरेन, ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो, जिला उपाध्यक्ष जितुराम महतो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष तपन उरांव, शरत महतो,रामसाई उरांव, अशोक लायेक, तपन उरांव के आलावे सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे।

# आनंद मार्ग और पूर्णिमा नेत्रालय ने मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से गदरा शिव मंदिर के पास मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 30 से ज्यादा लोगों के आंखों का जांच कर 8 मोतियाबिंद रोगियों का चयन किया गया। मंगलवार को पूर्णिमा नेत्रालय में निशुल्क ऑपरेशन के बाद लेंस लगाकर दवा ,चश्मा देकर सभी को उनके घर तक पहुंचाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों के बीच लगभग 20 आंवला का पौधा वितरित किया गया।

### कोल्हान विश्वविद्यालय का दो दिवसीय इंटर कॉलेज बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न

# महिला वर्ग में पीजी डिपार्टमेंट केयू और पुरुष वर्ग में जीसी जैन कॉलेज की टीम विजेता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बिरसा मुंडा इंडोर स्टेडियम में मंगलवार को कोल्हान विश्विद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय इंटर कॉलेज बैडमिंटन टूनार्मेंट का समापन हुआ। आज महिला वर्ग के फाइनल मैच में पीजी डिपार्टमेंट कोल्हान विश्विद्यालय (केयू) की टीम विजय रही तथा टाटा कॉलेज चाईबासा की महिला टीम उप विजेता रही। पुरुष वर्ग में ज्ञानचन्द (जीसी) जैन कॉमर्स कॉलेज की टीम करीम सिटी कॉलेज जमशेदपुर को हरा कर विजेता बनी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीएफओ नीतीश सिंह उपस्थित थे। उन्होंने सभी सफल टीमों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खेल के साथ-साथ पढ़ाई पर भी ध्यान देना चाहिए। केवल खेल ही नहीं पढ़ाई भी, और केवल पढ़ाई नहीं खेल पर भी ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोल्हान विश्विद्यालय के कुलसचिव प्रो जयंत शेखर ने कहा कि खेल हमेशा सद्भावना पूर्वक खेलना चाहिए। जाति, धर्म से ऊपर उठकर खेल की भावना होनी चाहिए। कार्यक्रम में कोल्हान विश्विद्यालय के वित्त अधिकारी डॉ प्रभात कुमार पाणि, कोल्हान विश्विद्यालय के वितीय सलाहकार रमेश वर्मा, कोल्हान विश्विद्यालय के छात्र कल्याण डीन प्रोफेसर एस सी दाश, बैडमिंटन असोसिएशन के सचिव अशोक जोशी, कोल्हान विश्विद्यालय के खेल अधिकारी मनमंत नारायण सिंह, समाज सेवी सुरेश कुमार सिंह,कोल्हान विश्विद्यालय के एन एस एस कोडिनेटर दारा सिंह गुप्ता, ज्ञानचंद जैन कॉमर्स कॉलेज के प्रोफेसर डॉ मुरारी लाल बैध, प्रोफेसर बसन्ती कलुंडिया, प्रोफेसर मुकुल मुंडा, प्रोफेसर स्वाति राजा, प्रोफेसर पूजा साहू, प्रोफेसर लक्ष्मी बोदरा, प्रोफेसर जी वी आर आर शाश्त्री, चंद्रमोहन संवाइयां, भगवान कलुण्डिया, युवराज कालंदी, राहुल अग्रवाल, और महाविद्यालय के बहुत से छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मध्य बागबेड़ा पंचायत में डिस्पेंसरी मैदान सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास

# जिला परिषद चेयरमैन ने कहाः महिलाओं की शिकायत सुनने के लिए टीम का गठन होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की मध्य बागबेड़ा पंचायत में मंगलवार को जिला परिषद पूर्वी सिंहभूम के 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत 4 लाख 20 हजार 700 की प्राक्कलित राशि से डिस्पेंसरी मैदान के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। सर्वप्रथम स्थानीय पार्षद डॉ कविता परमार ने सभी का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में अपनी योजनाओं और आने वाले समय में उसके क्रियान्वयन के विषय में सभी पंचायत से आए हुए प्रतिनिधियों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा दिए गए योजना में सभी पंचायत के 10 योजनाओं को समाहित किया गया था लेकिन जिला परिषद द्वारा सिर्फ एक योजना को स्वीकृत करते हुए आज के काम का शिलान्यास किया गया। स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, स्वच्छता इस चार गंभीर विषयों को ध्यान में रखते हुए सांसद और विधायक के साथ साथ जिला परिषद अध्यक्ष से सहयोग की मांग की। अपने संबोधन में चेयरमैन बारी मुर्मू ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए उनकी सुरक्षा के लिए और क्षेत्र के विकास के लिए जो कुछ भी संभव हो सकेगा हम करने की पूरी कोशिश करेंगे। खासकर महिलाओं के लिए उन्होंने कहा कि थाना में उनकी सुनवाई हो इसके लिए महिला की टीम गठित करके और विशेषकर थाना में महिला कांस्टेबल जो महिलाओं की बातों को सुने इसके लिए हम लोग शहर के सीनियर एसपी से भी बात करेंगे। इस अवसर पर आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह और तमाम जनप्रतिनिधि व मुखिया उपस्थित थे। कन्हैया सिंह ने कहा कि पंचायती क्षेत्र में सर्वाधिक जनता के नजदीक वार्ड सदस्य होते हैं और उन वार्ड सदस्यों को जनता की समस्याएं और उसके निदान के लिए मुखिया, पंचायत समिति, जिला परिषद से समन्वय बनाकर और उन लोगों तक अपनी बात पहुंचा कर विकास का सुंदर काम किया जा सकता है। मगर हकीकत यह है कि ग्राम सभा चुपके चुपके होती है और गांव वालों को पता भी नहीं चलता है पंचायती राज व्यवस्था पर ठेकेदारी सिस्टम हावी है और यही वजह है कि काम सही तरीके से नहीं हो पाता।

# भाई की साली को भगा ले जाने वाले को 25 साल का सश्रम कारावास, 35 हजार का जुर्माना भी लगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के ग्रामीण इलाका जादूगोड़ा थाना क्षेत्र की हुड़कू गांव की रहने वाली 15 वषीर्या नाबालिग की शादी के नीयत भगा ले जाने वाला जीजा के भाई सूरज पात्रो ईचड़ा गांव थाना जादूगोड़ा को अदालत ने मंगलवार को पोस्को की धारा 6 के तहत 25 साल का सश्रम कारावास की सजा दी हैं। अदालत ने सूरज पर 30 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया हैं। जुर्माना नहीं देने पर अलग से तीन साल का सजा भुगतने का आदेश दिया हैं जबकि अदालत ने धारा 366 ए ( अपहरण ) में 5 साल 5 हजार रूपये का जुर्माना लगाया हैं। जुर्माना नहीं देने पर तीन माह का अतिरिक्त सजा भुगतने होंगे, सभी सजाए साथ-साथ चलेगी। नाबालिग को भगाने में सहयोग करने वाला सूरज के साथी पोटका के कालिकापुर के रहने वाला अभिराम पात्रो को अदालत ने साक्ष्य के अभाव मे बरी कर दिया था। इस मामले की सुनवाई जमशेदपुर कोर्ट के एडीजे-1 संजय कुमार उपाध्याय की अदालत कर रही हैं। अपर लोक अभियोजक राजीव कुमार ने बताया कि इस मामले में कुल 10 लोगों की गवाही हुई थी। इस मामले नाबालिग के परिवार वाले जादूगोड़ा थाने में सूरज और उसके साथी अभिराम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमे बताया गया था कि नाबालिग के बड़े भाई साली हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### झारखंड सेक्टर के महानिरीक्षक अमित कुमार ने भंडरिया प्रखंड के सीआरपीएफ कैंपों किया निरीक्षण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भा.पु.से. महानिरीक्षक सीआरपीएफ झारखण्ड सेक्टर के अमित कुमार ने भंडरिया प्रखंड के सीआरपीएफ कैंप पुंदाग, बेहराटोली, हेसातु और कुल्ही का किया निरीक्षण। इस दौरान इन्होंने 172 बटालियन सी०आर.पी०एफ के अतिरिक्त, 62 बटालियन सी०आर०पी०एफ० की कंपनी 203 कोबरा की टीमों, छत्तीसगढ़ तथा झारखण्ड पुलिस बल के जवानों और अधिकारियों को बूढ़ा पहाड़ अभियान की सफलता पर बधाई दी। इन सभी कैंपों में उन्होंने परिचालनिक/ प्रशासनिक व्यवस्था का निरीक्षण किया और व्यवस्था की सराहना की। विजिट के दौरान आशीष कुमार झा कमान्डेंट 172 बटा. सी.आर.पी.एफ. नृपेन्द्र कुमार सिंह, कमान्डेंट, सी.आर.पी.एफ., अंजनी कुमार झा, पुलिस अधीक्षक गढ़वा, अमरेन्द्र कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, विवेकानन्द अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) गढ़वा, सुशील पाण्डेय द्वितीय कमान अधिकारी, ईमानुअल बास्की द्वितीय कमान अधिकारी के अतिरिक्त और अधिकारी तथा कार्मिक शामिल रहे।

### झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता की टीम गठन के लिए ट्रायल 2 दिसंबर को



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड फुटबॉल संघ के द्वारा दिसंबर 2022 में आयोजित होने वाले झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए गढ़वा जिला फुटबॉल टीम का गठन करना है झारखंड फुटबॉल संघ के द्वारा अभी तारीख की घोषणा नहीं की गई है, मगर टीम तैयार करने की सूचना प्राप्त है। इसके लिए 2 दिसंबर 2022 को रामा साहू स्टेडियम में एक दिन का ट्रायल रखा गया है। जिसमें जिले के सभी फुटबॉल खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इसी ट्रायल के माध्यम से गढ़वा जिला फुटबॉल टीम का गठन किया जाएगा। सिलेक्शन ट्रायल का प्रभारी पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी अरविंद कुमार जो कि गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के कार्यकारी सचिव हैं और जगन्नाथ राम जो कि गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष हैं, इनके साथ सदस्य के रूप में कमांडो शर्मा और नीलकंठ सिंह रहेंगे।

### अमहर खास पंचायत भवन परिसर में रात्रि कृषि चौपाल का किया गया आयोजन



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत अमहर खास पंचायत भवन के परिसर में अंचलाधिकारी सुश्री निधि रजवार की अध्यक्षता में रात्रि कृषि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में सैकड़ों किसान शामिल हुए। इस मौके पर अंचलाधिकारी निधि रजवार ने कहा कि 30 नवंबर तक सभी किसान सूखा राहत के लिए सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देश के आलोक में प्रज्ञा केंद्र से एक रुपए का टोकन देकर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने के बाद 29 दिसंबर तक किसानों के खाते में एकमुश्त राशि भेज दी जाएगी। किसानों को 3500 रुपए प्रति राशन कार्ड राहत के रूप में सरकार देगी। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने पूर्व में फसल राहत योजना के तहत आवेदन दिया है उनको भी एक रुपए का टोकन कटवाना होगा। उन्होंने कहा कि आवेदन करने के लिए हल्का कर्मचारी से सत्यापित भूमि के आधार पर ही राशि का भुगतान किया जाएगा। भूमिहीन किसान भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

# गढ़वा में बम ब्लास्ट से मकान क्षतिग्रस्त, दहशत में परिवार

- दस वर्ष से जमीन को लेकर चल रहा है विवाद
- जमीन को लेकर कई बार हो चुकी है मारपीट
- मामला फिलहाल अदालत में, पुलिस मामले की कर रही है जांच

**राजू सिंह**

**विशुनपुरा/गढ़वा।** सोमवार की रात अमहर गांव निवासी बनारसी मेहता के कच्चा मकान को बम से उड़ा दिया गया। जिसमें घर का पिछला भाग काफी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना सोमवार की रात्रि लगभग एक बजे की बतायी गयी।

बनारसी मेहता के भाई बलराम मेहता ने बताया कि रात्रि में सभी परिवार घर पर सो रहे थे। तभी अचानक जोरदार आवाज हुई। उसके बाद देखा कि घर के पीछे कुछ भाग गिरा हुआ है। घटना की खबर सुन अमहर खास मुखिया ललित नारायण सिंह ने घटना स्थल पहुंच मंगलवार सुबह स्थानीय थाना को सूचना दी। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी बुद्धराम सामद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, पुलिस इंस्पेक्टर राजेश कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबिन में जुट गए हैं।

परिजनों ने बताया कि रात्रि में बम ब्लास्ट होने के बाद पूरा घर कम्पित हो गया। पूरे घर में धूल भर गया। इधर घर के बीरेंद्र मेहता की पत्नी अंजली देवी ने बताया कि क्षतिग्रस्त हुआ मकान मेरे हिस्सा में है। उन्होंने बताया कि हम शादी में मैके गये हुए थे। बाकी और परिजन घर पर ही थे। बताया कि घटना से सभी परिवार दहशत में हैं। मकान के छप्पर दूर दूर बिखरे हुए थे।

मकान को विस्फोट करने के लिए लगभग 150 मीटर दूर तक तार बिछाया हुआ था। मौके पर एक झोला फेंका हुआ भी मिलने की बात बतायी जा रही है। घटना को लेकर गांव के लोग सहमे हुए हैं।

वहीं बनारसी मेहता के द्वारा घटना को लेकर थाना में दिये आवेदन में गांव के ही राम जबीत मेहता पर घटना को अंजाम देने की आशंका जतायी गयी है। उन्होंने पूर्व से चल रहे जमीन विवाद, मारपीट की घटना का जिक्र किया है।

वहीं थाना प्रभारी बुद्धराम सामद ने बताया कि इस घटना को लेकर बनारसी मेहता के द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।



### घटना कैसे घटी इसका अनुसंधान जारी है : एसडीपीओ

बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद केशरी के द्वारा डॉग स्क्वायड टीम को बुलाया गया। घटना स्थल पर पहुंची डॉग इस्क्वॉयड टीम ने खोजी कुत्ता के सहयोग से घटना की हर जगह की बारीकी से जांच की। लेकिन खोजी कुत्ता द्वारा कोई सुराग नहीं मिल पाया। यह अवनी स्निपर डॉग स्क्वॉयड खोजी कुत्ता बम बारूद के अवशेष को खोजने के लिए एक्सपर्ट बताया गया। वहीं एसडीपीओ प्रमोद केशरी ने बताया कि यह घटना कैसे घटी इसका अनुसंधान जारी है। यह नक्सलवाद का मामला नहीं है। आपस में जमीन को लेकर घरेलू विवाद चल रहा है। इस विषय पर भी जांच की जा रही है।

## सरवर डाउन रहने की वजह से नहीं हो पा रहा ई-केवाइसी

- किसान हो रहे हलकान, सीएम सुखाड़ राहत योजना के लिए 30 नवंबर तक आवेदन की है अंतिम तिथि
- ई-केवाइसी का समय नहीं बढ़ाने से सूखा राहत पाने से वंचित रह जाएंगे किसान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

मेराल। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने वाले किसानों को एक बार फिर प्रज्ञा केंद्र से ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। इसके लिए सरकार द्वारा 30 नवंबर तक अंतिम तिथि निर्धारित किया गया है। परंतु दो दिनों से सर्वर डाउन होने की वजह से आवेदकों का ई-केवाईसी नहीं हो पा रहा है। जिससे किसान हलकान हो रहे हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना का लाभ लेने के लिए सभी आवेदकों को ईकेवाईसी कराना अनिवार्य है। इसके लिए सरकार द्वारा मात्र 3 दिन 28 से 30 नवंबर तक का तिथि निर्धारित किया गया है।

**प्रज्ञा केंद्र पर उमड़ रही किसानों की भीड़ :** सूखा राहत योजना का लाभ लेने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से कराने की जानकारी मिलने के बाद 28 एवं 29 नवंबर के सुबह से ही सभी प्रज्ञा केंद्रों पर किसानों की भीड़ लगी रही। परंतु सर्वर डाउन होने की वजह से किसानों का ईकेवाईसी नहीं हो पा रहा है, जिसके चलते किसान हलकान हो रहे हैं।

इस संबंध में प्रज्ञा केंद्र जहीर अंसारी, शशि विश्वकर्मा, विशाल कुमार, उपेंद्र चंद्रवंशी ने बताया कि 28 तथा 29 नवंबर के सुबह में 8-10 लोगों का केवाईसी हो पाया उसके बाद पूरा दिन सरवर डाउन रहने के कारण एक भी केवाईसी नहीं हो पाया है। सरवर डाउन रहने की वजह से किसानों के साथ-साथ प्रज्ञा केंद्र संचालक भी परेशान हैं। मेराल के कृषक मित्र वीरेंद्र महतो, डॉ लाल मोहन, कमलेश कुमार मेहता, मुरली महतो आदि ने कहा कि विगत 2 दिनों से सुबह से ही प्रज्ञा केंद्रों का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण ई केवाईसी नहीं हो पा रहा है। सरकार द्वारा मात्र तीन दिन का समय निर्धारित किया गया है। किसानों ने सर्वर डाउन होने का हवाला देते हुए सरकार से ई-केवाईसी के लिए समय बढ़ाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर सरकार द्वारा समय नहीं बढ़ाया गया तो किसान मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत पाने से वंचित हो जाएंगे।



## पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल बालक-बालिका प्रतियोगिता का शुभारंभ

- खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर राज्य स्तर के खिलाड़ी बन क्षेत्र का नाम रौशन करें : बीडीओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड के जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के खेल मैदान में मंगलवार को पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल बालक-बालिका प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

इस फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम दिन हरिहरपुर पंचायत तथा डूमरसोता पंचायत के बालकों के खिलाड़ियों के बीच खेला गया। इससे पूर्व कांडी बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने फीता काट खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए फुटबॉल पर किक मार कर प्रारंभ किया। मौके पर उपस्थित खिलाड़ियों को हौसला बढ़ाने हेतु कहा कि खेल से मानसिक संतुलन बना रहता है। खिलाड़ी अच्छे खेल का प्रदर्शन कर जिला के साथ राज्य स्तर के खिलाड़ी निकलें ताकि इस क्षेत्र का नाम रोशन हो सके। खेल के बिना खेल प्रभारी द्वारा फुटबॉल का निर्धारित समय 30-30 मिनट रखा गया था। निर्धारित समय के अनुसार दोनों टीमें एक-एक गोल मारकर बराबरी पर रहीं। दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला रहा तत्पश्चात खेल प्रभारी तथा रेफरी के द्वारा निर्णय पर दोनों खिलाड़ियों के बीच पांच-पांच मिनट का गोल्डन चांस दिया गया। जिसमें हरिहरपुर पंचायत के खिलाड़ियों ने एक गोल मारकर डूमर सोता पंचायत के खिलाड़ियों को एक गोल से पराजित किया। दूसरा मैच बुधवार को मझीगावा बनाम पतीला लमरी बनाम सरकोनी पतीला बनाम घटाहुआ कला कांडी बनाम गड़ा खुर्द पंचायत के खिलाड़ियों के बीच खेला जाएगा।

मौके पर दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर बबलू सिंह, विकास कुमार सिंह, मुखिया ललित बैठा, राजेश शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि रिंकू सिंह के अलावे अन्य कई लोग मौजूद थे।



## माध्यमिक शिक्षकों की सेवा संपुष्टि पांच दिसंबर तक कर दी जाये : उपसचिव

- उपसचिव से मिलकर संघीय पदाधिकारियों ने माध्यमिक शिक्षकों की समस्याओं से कराया अवगत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में संघीय पदाधिकारियों ने परिसदन गढ़वा में पहुंचकर उपसचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड सरकार ओमप्रकाश तिवारी से जिले के माध्यमिक शिक्षकों की कई समस्याओं को बिन्दुवार अवगत कराया और इनका समाधान करने का करबद्ध आग्रह किया।

जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने इस बाबत बताया कि उपसचिव महोदय ने परिसदन भवन गढ़वा में सभी संवर्ग के संघीय पदाधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के सभी स्तर के पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से बैठक की, जिसमें माध्यमिक शिक्षक संघ की तरफ से मेरे द्वारा गढ़वा जिले के माध्यमिक शिक्षकों की कई वर्षों से लम्बित समस्याओं जैसे- नियुक्ति पत्र में कार्यालय द्वारा की गई कई त्रुटियों में सुधार, सेवा पुस्तिका का ओपेन किया जाना, सेवा संपुष्टि किया जाना, जिले के 119 टीजीटी शिक्षकों का नौ मार्च 2019 से जून 2019 तक का बकाया वेतन देने, बालिका बाहुल्य विद्यालयों में महिला शिक्षिकाओं की पदस्थापना किया जाना, वरीय शिक्षकों, लिपिकों, आदेशपालों को वरीय वेतनमान एवं प्रवरण वेतनमान प्रदान करना, जिले के पचपन सेवानिवृत शिक्षकों से राशि रिकवरी नहीं करने, नियमानुकूल छात्र शिक्षक अनुपात में युक्तिकरण विधि से माध्यमिक शिक्षकों का आवश्यकतानुसार विद्यालयों में स्थानांतरण करने, जिले के लगभग तीन सौ अतिथि शिक्षकों का लगभग चार वर्षों से लंबित बकाया मानदेय को यथाशीघ्र भुगतान करने, उच्च न्यायालय रांची के आदेशानुसार जिले के प्लस टू उच्च विद्यालयों में प्रभारी प्रधानाध्यापक का पद वरीय टीजीटी को प्रदान करने, एक ही यू-डाइस वाले विद्यालयों में एक ही वरीय टीजीटी को प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाये जाने, प्लस टू उच्च विद्यालयों में उत्क्रमित हो चुके उच्च विद्यालयों में पीजीटी शिक्षकों की व्यवस्था करने, विगत फरवरी माह में कार्यमुक्त किये गये कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कार्यरत चौदह शिक्षिकाओं तथा लेखापालों को पुनः जांचोंपरांत सेवा में बहाल करने आदि को उपसचिव महोदय के समक्ष रखा और इसे यथाशीघ्र समाधान करने का करबद्ध आग्रह भी किया गया। ततपश्चात उपसचिव महोदय ने बैठक में उपस्थित नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री अनीता पूर्ति को जिले के सभी माध्यमिक शिक्षकों की सेवासंपुष्टि पांच दिसंबर तक कर देने का एवं अन्य समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर जिलासचिव नागेंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार यादव, संयुक्त सचिव संतोष कुमार आदि कई शिक्षकवृंद उपस्थित थे।



## गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ आयोजन कमेटी का गठन



- 22 से 24 दिसंबर 2022 तक स्वतंत्रता सेनानी कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल 9वीं राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता करने का लिया गया निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ की बैठक उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में तथा उन्हीं के कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आयोजन कमेटी का गठन व प्रतियोगिता का नामकरण करना था। बैठक मैं सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रतियोगिता का नाम स्वतंत्रता सेनानी कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल 9वीं राज्य स्तरीय रोड साइकिल प्रतियोगिता 2022-23 होगी तथा आज की बैठक में आयोजन कमेटी का गठन किया गया जो इस प्रकार से है।

चेयरमैन राजेश कुमार राय डीडीसी गढ़वा, वाइस चेयरमैन राज महेश्वरम एसडीओ गढ़वा, उपाध्यक्ष उमेश लोहरा जिला खेल पदाधिकारी गढ़वा, मयंक भूषण अंचल अधिकारी गढ़वा, आलोक मिश्रा, उदय नारायण तिवारी, राकेश पाल, धीरज कुमार दुबे, राघवेंद्र नारयण सिंह, स्टेट कोऑर्डिनेटर शैलेंद्र कुमार पाठक, महासचिव झारखंड साइकिलिंग संघ, आयोजन सचिव अरविंद दुबे सचिव गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ, सहायक सचिव रामप्रवेश तिवारी, चंद्र बहादुर सिंह, अरविंद कुमार, प्रभात रंजन तिवारी, किशोर कुणाल, रामा शंकर सिंह, राजेश कुमार चंद्रवंशी, सत्येंद्र प्रसाद यादव, धर्मेंद्र पाल, आशुतोष पांडे, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ कोषाध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि खेलकूद गढ़वा, सदस्य सुबोध पाठक, शिवकुमार, राजन केसरी, धनंजय पासवान, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता आदि के नाम शामिल हैं। प्रतियोगिता की तिथि 22 से 24 दिसंबर 2022 निर्धारित की गयी। उक्त जानकारी गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ सचिव अरविंद दुबे ने दी।

### मंडल कारा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा मंडल कारा जेल में संविधान में प्रदत्त अधिकारों पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष कमलनयन पांडे, पैनल अधिवक्ता प्रेमचंद तिवारी, दीपक कुमार सिंह, कृष्ण मुरारी तिवारी के द्वारा कारा बंदियों को उनके अधिकारों एवं मूलभूत सुविधाओं पर विधिवत रूप से कानूनी जानकारी दी गई। मंच का संचालन स्थाई लोक अदालत के सदस्य राकेश त्रिपाठी के द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन कारापाल मनोज कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय कर्मी आदि एवं काफी संख्या में कारा बंदी उपस्थित रहे।


**जिला अभियंता का कार्यालय,**
**जिला परिषद, खूँटी**
**(अभियंत्रण शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 13/2022-23 PR No-281681 District (22-23)D के द्वारा प्रकाशित विज्ञापन को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR.NO.283693 District(22-23):D

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग,**
**मुख्य अभियंता का कार्यालय,**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन,**
**कचहरी रोड, राँची**

पत्रांक– दिनांक–

**आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी के निविदा आमंत्रण संख्या– **82/RI/2022-23/RWD/ KHUNTI, दिनांक– 28.11.2022, PR NO.- 283660** द्वारा प्रकाशित निविदा के क्रमांक (1.) आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/ KHUNTI/ 08/2022-23 दुलमी से बगोदर होते हुए माहुलडीह तक पथ निर्माण (लं– 2.200 कि0मी0)** कार्य को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 283787 Rural Work Department(22-23).D

**कार्यालय जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग**

**आम सूचना**

**विषय :– मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत अर्थदण्ड जमा करने के संबंध में।**

एतद् द्वारा कर्णांकित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि प्रधान महालेखाकर कार्यालय के द्वारा लेखा परीक्षण के दौरान संदर्भ OBS-428427, जिसमें वाहनों का वर्तमान पता दर्ज करने के समय कर भुगतान के विलम्ब पर अधिरोपित दण्ड को कम माना गया है जो केन्द्रीय मोटर वाहन नियमावली 1989 के नियम 59 एवं JMVT एक्ट की धारा 5 का अवहेलना है।

अतः कर्णांकित वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि संलग्न सूची के अनुसार अर्थदण्ड शुल्क अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में 7 दिनों के अंदर जमा करें अन्यथा उक्त वाहनों को Black List करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

**DTO, Hazaribag**

**Short realisation of tax and penalty at the time of recording of present address**

| Sl No | PA Register Page | Vehicle No | DOR | RLW | Date of NOC | Period of tax | Date of payment | Leviable tax and penalty | Amount paid | Short realisation |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 336 | CG04JA6425 | 19-12-2007 | 25000Kg | 10-08-2017 | 10-8-17 to 9-2-20 | 21-01-2020 | 141112 | 71477 | 69635 |
| 2 | 194 | UP92T5359 | 07-05-2014 | 28000Kg | 23-02-2019 | 23-2-19 to 22-5-19 | 12-04-2019 | 8400 | 6750 | 1650 |
| 3 | 220 | TN47AE7375 | 03-04-2014 | 25000Kg | 03-11-2017 | 3-11-17 to 2-8-18 | 03-05-2018 | 39634 | 32936 | 6698 |
| 4 | 228 | TN47AE7610 | 09-04-2014 | 25000 | 03-11-2017 | 3-11-17to 2-8-18 | 03-05-2018 | 39634 | 36172 | 3462 |
| 5 | 234 | JK13D5987 | 27-07-2017 | 35200 | 11-10-2018 | 11-10-18 -to 10-7-19 | 05-07-2019 | 60843 | 35948 | 24895 |
| 6 | 247 | TN47AH9074 | 04-07-2016 | 25000 | 25-10-2017 | 25-10-17 to 24-7-18 | 27-04-2018 | 45296 | 41635 | 3661 |
| 7 | 248 | TN47AH8962 | 29-06-2016 | 25000 | 03-11-2017 | 3-11-17 to 2-8-18 | 03-05-2018 | 39634 | 36272 | 3362 |
| 8 | 249 | TN07AH8942 | 29-06-2016 | 25000 | 03-11-2017 | 3-11-17 to 2-8-18 | 03-05-2018 | 39634 | 36272 | 3362 |
| | | | | TOTAL: | | | | **414187** | **297462** | **116725** |

PR.NO.283733 Transport(22-23):D

जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 30 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
08

# मनरेगा योजना में करोड़ों रुपये का घोटाला पंचायत प्रतिनिधियों ने बताने से किया इनकार

राहुल पांडेय

**लातेहार।** जिला के मनिका प्रखंड क्षेत्र में बिचौलियों के द्वारा पिछले कई वर्षों से मनरेगा योजना में करोड़ों रुपयों का घोटाला करने का मामला प्रकाश में आया है। एक ऐसा ही मामला मनिका प्रखंड अंतर्गत स्थित बरवैया पंचायत का है जहां मनरेगा योजना के कार्यों में करीब एक करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। जबकी लाभुक बेली देवी पति सनीचर भुइयां मजदूरी का काम करती है। उसके पास रहने के लिए मात्र 2 डिसमिल जमीन है इसके अलावा कोई जमीन नहीं है। परंतु पदाधिकारी, कर्मी और बिचौलियों की सांठगांठ से उस मजदूर के नाम पर फर्जी तरीके से 90 फीट लंबा 90 फीट चौड़ा और 10 फीट गहरा एक डोभा बना दिया गया। इसकी पूरी राशि 375790 (तीन लाख पचतर हजार सात सौ नब्बे) रुपये



निकाल ली गयी। इतना ही नहीं घोटाले की हद तो तब पार कर गई। जहां उसी लाभुक बेली देवी के साथ लालो देवी के ट्रेंच के नाम पर 99,900 रुपए दलाल ने निकाल लिए। लाभुक मालती कुंवर जिसके पास घर के सिवा कुछ नहीं है। इसके नाम पर भी बिचौलियों ने मनरेगा टीसीबी योजना के नाम पर 74250 रुपए निकाल लिया। ग्रामीणों ने बताया कि हाल में ही मालती कुंवर की मौत हो गयी है। घोटाले की हद तो तब हो गयी जब डोभा के लाभुक कृष्णा साव ने बताया कि 403744 रुपए कैसे निकले मुझे पता नहीं उसने बताया कि डोभा में जेसीबी और मजदूर दोनों काम किए थे। वहीं लाभुक अरुण प्रसाद का डोभा विजय साव के खेत में बना दिया गया जबकि अरुण प्रसाद गांव में रहता भी नहीं है।लाभुक कृष्णा साव ने बताया कि डोभा का काम रौशन प्रसाद ने कराया है। वहीं अन्य ग्रामीणों ने कहा कि यहां सारी योजनाएं रौशन ही कराता है। ग्रामीणों ने बताया कि वह मनिका में प्रज्ञा केंद्र भी चलाता है। ग्रामीणों ने कहा कि फर्जी तरीके से योजना करा कर गरीब लोगों को फंसाने का काम कर रहा है। मौके पर बीपीओ अमित कुमार ने कहा कि यह मामला मेरे कार्यकाल का नहीं है। मनरेगा में भुगतान की प्रक्रिया में जिओ टैग रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, मुखिया, बीपीओ के सत्यापित करने के बाद ही भुगतान होता है। भूमिहीन को लाभुक बनाना सबसे गंभीर विषय है। बिना डोभा, टीसीबी बनाए राशि निकालना गलत है। बरवैया कला पंचायत में घोटाले की लंबी फेहरिस्त है परंतु बिचौलिया और अधिकारियों की तगड़ी सांठगांठ है कि इनके खिलाफ जांच की कोई आंच ही नहीं पड़ती। सूत्रों ने बताया कि पूरे प्रखंड में यदि जांच हो तो मनरेगा में करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ है। मौके पर प्रदेश मनरेगा वाच सदस्य जेम्स हेरेंज ने कहा कि भूमिहीन लाभुक के लिए जो फर्जी दस्तावेज तैयार कर योजना स्वीकृति दिलाने का काम किया है उन पर एफआईआर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस धांधली में बिचौलिया, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, मुखिया, बीपीओ, जेई, एई पूरी तरह से संलिप्त हैं। इस मामले से सभी संलिप्त लोगों पर जांच कर कार्रवाई होगी। मैं खुद जाकर जांच करूंगा। मौके पर कई लोग उपस्थित थे। बीपीओ से पूछे जाने परः कहा कि यह योजना मेरे कार्यकाल का नहीं है। मनरेगा भुगतान प्रक्रिया मे जियो टैग रोजगार सेवक, मुखिया, बीपीओ, पंचायत सेवक के सत्यापित करने के बाद ही होता है। पूछे जाने पर, मुखिया और रोजगार सेवक ने कहा कि यह मेरे कार्यकाल का नहीं है।

## एक दिसंबर से कुडू जिंगी रोड से हटेगा अतिक्रमण

**लोहरदगा।** कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल, लोहरदगा के पत्रांक 49 दिनांक 21.01.2022 के आलोक में चट्टी से कुडू (टाटी चौक) तथा कैरो नया टोली से जिंगी मोड पथ के सार्वजनिक भूमि पर अवैध रूप से स्थायी एवं अस्थायी संरचना का निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है, जो कि झारखंड लोक भूमि अनावाद सर्वसाधारण की भूमि है। झारखंड लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 की धारा 6 (क) (ई) के अंतर्गत सर्वजनिक भूमि है। उक्त अतिक्रमण वाद संख्या 04/2022-23 में आदेश पारित किया गया है। जिसमें अतिक्रमणकारियों को दिनांक 03.08.2022 तक अवैध संरचना को हटाने का आदेश निर्गत किया गया था परंतु निर्धारित तिथि तक मो. नईम पिता मो. नेसार, गंगा सागर महतो पिता स्व. शंकर महतो, गोपी लोहरा पिता स्व. गणेश लोहरा, राजू टाना भगत पिता स्व. मदुवा टाना भगत, बंदे भगत पिता स्व. फगुवा उरांव, अध्यक्ष-सचिव कांग्रेस भवन जिंगी, राजेंद्र प्रसाद साहू पिता स्व. बनारसी साहू व मनीष टाना भगत पिता विनोद टाना भगत सभी ग्राम जिंगी के द्वारा सार्वजनिक भूमि पर अवैध रूप से निर्मित अवैध संरचना को नहीं हटाया गया।

## गीता जयंती पर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा



**लोहरदगा।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के शौर्य पथ संचलन की तैयारी जोरों पर है। विहिप के मुख्य संरक्षक, आर्मी रिटायर्ड सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने जिले के विभिन्न ग्राम एवं पंचायतों के सभी सनातनी से अपील करते हुए कहा की लोहरदगा में 11 दिसंबर को शौर्य पथ संचलन की शोभायात्रा में आप सभी सनातनी शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनायें। बताया कि बजरंग दल का जन्म हिंदू समाज की रक्षा के लिए हुआ है, बजरंग दल ने सदैव हिंदू धर्म की रक्षा के लिए कार्य किया है। चाहे गौ रक्षा का विषय हो या हिंदू कन्या की रक्षा का विषय हो, बजरंग दल हर समय हिंदू समाज की सेवा सुरक्षा के लिए तैयार रहता है। उन्होंने बताया कि युवाओं को आज बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद से जोड़ने की आवश्यकता है और जुड़ना चाहिए ताकि हिंदू समाज को और अधिक मजबूती प्रदान की जा सके। विहिप के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि आये दिन विगत रूप से जिस तरह विश्व में लव जिहाद की घटनाएं हो रही है उसे रोकने हेतु मैं केंद्र एवं राज्य सरकार से अपील करता हूं। कहा कि पूरे भारत में गीता जयंती के अवसर पर शौर्यपथ संचलन शोभा यात्रा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ निकाली जायेगी। बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार ने बताया कि 11 दिसंबर 2022 को निकलने वाली पद संचलन शोभा यात्रा को भव्य बनाने में कोई कमी नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा इस बार सनातन हिंदुओं की मजबूती का मिसाल लोहरदगा में देखने को मिलेगा।

## हत्या में संलिप्त फरार आरोपी गिरफ्तार



**बरवाडीह।** बरवाडीह पुलिस ने छिपादोहर थाना क्षेत्र के केड पंचायत निवासी ओमप्रकाश यादव हत्या प्रकरण में हत्या में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरवाडीह थाना कांड संख्या 86 /21 दिनांक 10/09/ 2021 धारा 364 /302 /201/ 34 आईपीसी 27 आर्म्स एक्ट के तहत पुलिस अधीक्षक लातेहार के गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलू लोहरा के निर्देश पर ओम प्रकाश यादव चर्चित हत्या प्रकरण में ग्राम केड छिपादोहर को जेजेएमपी उग्रवादियों सूरज जी तथा उसके साथियों द्वारा जेजेएमपी के प्रतिबंधित उग्रवादी सूरज जी के पत्नी से प्रेम संबंध का आरोप लगाकर हत्या किया गया था। इस कांड में सकलदीप सिंह तथा इसके साथियों के द्वारा ओमप्रकाश यादव को दिनांक 09/09/2021 को छिपादोहर बाजार से हथियार के बल पर उठा कर उकामांड रेलवे ट्रेक के बगल में ओमप्रकाश यादव को गोली मारकर हत्या कर रेलवे ट्रेक के बगल में पोल संख्या 253/29 के पास शव को फेंक दिया था। जहां से ओम प्रकाश यादव का शव क्षत क्षविशत बरामद किया गया था। इस संबंध में बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह ने बताया कि हत्या प्रकरण में संलिप्त फरार अभियुक्त सकलदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त सकलदीप सिंह ग्राम उक्कामाड को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## मृतक के परिजनों ने दाह संस्कार कराने से किया इनकार

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत परसही पंचायत के समीप बेहराही ग्राम के तुकुवापथल में मगंलवार की सुबह एक महिला का स्व बरामद किया गया है। मृतक की पहचान जीरवा कुंवर पति स्वर्गीय नागेश्वर प्रजापति (40) लातेहार बाईपास चौक निवासी के रूप में की गई है। ज्ञात हो कि जब ग्रामीणों द्वारा शौच के लिए खेतो में गए तो ग्रामीणों ने देखा की एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस को सुचना मिलते ही एसआई गौरव सिंह घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी लिया। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वही श्री सिंह से बताया कि प्रथम दृष्टया से पता चला कि महिला की मौत नायलॉन की रस्सी से गला दबाकर हत्या की गयी है। पुलिस के द्वारा मृतक के परिजनो को दूरभाष के माध्यम से कई बार सूचना दिया गया। सूचना मिलने के बावजूद भी परिजनों ने घटनास्थल में आने से साफ मना कर दिया। सूत्रों के मुताबिक बताया जाता है। मृतक का कोई नहीं था। अकेले ही जीवन यापन कर रही थी।

## डीडीसी की अगुवाई में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों के लिए सघन चेकिंग अभियान चलायें : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सिविल सर्जन, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि गुड सैमरिटन में चिह्नित व्यक्तियों को भुगतान कराना सुनिश्चित करेंगे। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल रांची के कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गयी कि बरही स्थित केंद्रीय विद्यालय के समीप वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक साइनबोर्ड एक दिन के अंदर लगा लिया जायेगा। जिला परिवहन पदाधिकारी, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि विद्यालयों में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता के लिए चिह्नित किये गये सड़क सुरक्षा नोडल शिक्षकों को आवश्यक प्रशिक्षण अगले 10 दिनों के नगर भवन में दिया जाना



सुनिश्चित करें। आपदा के तहत सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मिलने वाली मुआवजा के संबंध में जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा जानकारी दी गयी कुल 20 मामलों में से 18 मामलों में भुगतान किया जा चुका है, अन्य का प्रगति में है। जिला परिवहन पदाधिकारी, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि नियमित रूप से वाहन का सघन जांच अभियान चलाएं। साथ ही, राजस्व के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भी कार्रवाई की जाय। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जाये। नगर परिषद, कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि शहर में पार्किंग स्थल के लिए स्थल का चयन कर लिया गया है। उत्पाद अधीक्षक, लोहरदगा द्वारा जानकारी दी गयी कि जिला में अवैध शराब निर्माण से संबंधित छापेमारी से कुल 2.17 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को निदेश दिया गया कि जिला में सड़क दुर्घटनाओं की ऑनलाईन रिपोर्टिंग आईरैड एप के माध्यम से ससमय की जाय। पुलिस सड़क दुर्घटना और स्वास्थ्य विभाग अस्पताल में सड़क दुर्घटना से घायल व्यक्ति की रिपोर्टिंग करे। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास, डीडीएमो विभाकर कुमार कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल रांची, पथ प्रमंडल लोहरदगा के कार्यपालक अभियंता रविंद्र कुमार, समाजसेवी संजय बर्म्मन, अरूण राम समेत अन्य उपस्थित थे।

# छात्र पढ़ाई के साथ अन्य कार्यों में रूचि लें : डालसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) दिनांक 26 नवंबर से 02 दिसंबर, 2022 तक 'संविधान सप्ताह' मानने का कार्य कर रही है। संविधान सप्ताह के चौथे दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा चुन्नी लाल उच्च विद्यालय परिसर में 'संविधान और आपका दायित्व' विषय पर आयोजित डिबेट में पंद्रह विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें काजल कुमारी को प्रथम पुरस्कार दिया गया। डालसा सचिव ने




मौके पर अन्य विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया, साथ ही संविधान दिवस को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। रिया लकड़ा को बेहतरीन पेंटिंग बनाने के लिए प्रथम पुरस्कार दिया गया। मौके पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि संविधान ने नागरिकों को मौलिक अधिकार दिया है किंतु मूल कर्तव्यो की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 51 'क' में मूल कर्तव्यों की व्याख्या की गयी है जिसका हम सब को पालन करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य कमल बारला ने किया। मौके पर अधिवक्ता शशांक कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संविधान की महत्ता की जानकारी देने का काम किया, मौके पर पीएलभी, गौतम लेनिन, रीतु लकड़ा, मनीबाला, जन्मजय यादव, मानस कुमार सिन्हा, बिंदी ब्रजबाला सांगा, अंजना रानी मिंज, मुकेश कुमार, लक्ष्मी नारायण तिवारी, विजय शंकर, सत्यप्रकाश केसरी, निशा नीलम कुजुर, नीलिमा तिर्की, सुरज कुमार, नाहिद नूर हसन सहित कई शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थी।

## कुडू के तीन पंचायत में आजसू पार्टी महिला मोर्चा का किया गया गठन

# आजसू को सशक्त बनाना लक्ष्य है: नीरू शांति भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू/लोहरदगा।** आजसू पार्टी की ओर से लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के कुडू प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों में आजसू पार्टी महिला पंचायत इकाई का गठन किया गया। इधर बैठक के माध्यम से समिति का गठन एवं विस्तार करते हुए कार्यकताओं को पार्टी हित में कार्य करने की बात पूर्व विधायक प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजसू पार्टी गरीब असहाय एवं जरूरतमंद की समस्याओं को लेकर शुरू से ही



संघर्ष करते आयी है। कहा कि कार्यकर्ता अपनी जिम्मेवारी का सही तरीके से निर्वहन करें निश्चित रूप से आने वाला समय आजसू पार्टी और पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत के द्वारा सजाये गये सपना को साकार करने का होगा। इधर बैठक मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत महिला प्रवक्ता अंजू देवी लोहरदगा जिला अध्यक्ष अनीता साहू महिला इकाई की कुडू प्रखंड अध्यक्ष बीणा उरांव उपस्थित थे। आजसू पार्टी को सशक्त बनाने हेतु और पार्टी के प्रति लोगों का रूझान बढ़ाने को लेकर पार्टी द्वारा पूरे विधान सभा क्षेत्र के सभी पंचायत एवं प्रखंडो में संगठन विस्तार एवं मजबूती पर जोरदार तरीके से काम किया जा रहा है। इस दौरान कुडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ककड़गढ़ में आजसू पार्टी महिला इकाई का बैठक कर गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष सशन्ति उरांव सचिव कोयली देवी संगठन सचिव लुखिया उरांव को बनाया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत लवागाई में अध्यक्ष मीना कुमारी सचिव शांति देवी को बनाया गया।

## शिविर में नहीं हो रहा है किसानों का आवेदन अपलोड



**चंदवा।** चंदवा में पंचायत समिति की बैठक प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रमुख मनीषा उरांव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि नल जल योजना का निगरानी करें, काम सही हो इसके लिए काम पर नजर रखें, नल जल योजना के तहत यह सुनिश्चित किया जाय कि पाईप के माध्यम से हर घर में नल पहुंचे, उन्होंने आगे कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य चल रहा है, बीएलओ से संपर्क कर नए लोगों का नाम जुड़वाने के लिए लोगों को प्रेरित करें। पंचायत समिति की मद का सदुपयोग करने की बात कही कहा कि विवाद को पहले निपटा लें उसके बाद कार्य शुरू करें। कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का पोर्टल में दो दिनों से सर्वर डाउन रहने का मामला उठाते हुए कहा है कि आज जमीरा समेत अन्य पंचायत में शिविर लगा है लेकिन मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना की पोर्टल का सर्वर डाउन है इस लिए शिविर में एक भी किसान का आवेदन ऑनलाइन नहीं हो पाया, दो दिनों से सर्वर डाउन चल रहा है, इसपर बीडीओ ने तुरंत फोन कर इसे जल्द ठीक कराने की बात कही, अयुब खान ने कहा कि पंचायतों में आयोजित शिविर का और प्रज्ञा केंद्र का चक्कर लगा कर किसान काफी परेशान हैं।

## नाटक प्रतियोगिता का आयोजन

**लोहरदगा।** संविधान सप्ताह के अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह रंगकर्मी अरुण राम ने बतलाया कि नाटक बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम है। अभिनय में जिस चरित्र को निभाते हैं उसमें डूब जाना पड़ता है, उस पात्र का जीवंत करना होता है। नाटक में संवाद के साथ-साथ आंगिक भाव भी प्रदर्शित किया जाता है जो दर्शकों में संदेश देने का कार्य करता है। इस विद्यालय के बच्चों में प्रतिभा कूट-कूट कर भरी है, इन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इनके दैनिक जीवन में अभिनय की कौशलता का लाभ मिलेगा। विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार ने विद्यालय के बच्चों की नाटक में अभिरुचि की सराहना करते हुए बतलाया की अगर इन्हें उचित मंच और अवसर मिले तो यह काफी आगे तक जाएंगे। इन्होंने अपनी प्रतिभा से निर्णायकों को प्रभावित करने का भी कार्य किया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटक प्रतियोगिता का सफल आयोजन में उसुर्लाइन प्राइमरी टीचर एजुकेशन कॉलेज लोहरदगा के प्रशिक्षु शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर नेहा मिंज, सुचिता बाड़ा, अंजना प्रीति खलखो, अर्चना गिद्ध, सुनम सांगा, दिव्या डुंगडुंग, अनूपा निभा खलखो, प्रियंका डुंगडुंग, सुचिता किस्पोट्टा, मीना मेरलेट टोप्पो, अंकिता खलखो, अर्चना केरकेट्टा, पूजा कुजूर, चंचल बरला, रजनी डुंगडुंग, रेशमा इंदवार, प्रभा लकड़ा, संयोजिका किरण देवी, सुमन देवी, पुष्पा देवी, संगीता देवी सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**लातेहार।** नालसा, दिल्ली एवं झालसा, रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार संविधान सप्ताह के अवसर पर कस्तुरबा गांधी विद्यालय, लातेहार में विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकारए स्वाती विजय उपाध्याय, कस्तुरबा गांधी विद्यालय, लातेहार की वार्डन पिंकी कुमारी, शिक्षीका अरूणा लकडा, शिक्षीका दिव्य गुलाब बेक उपस्थित थी। विधार्थीयी ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन होते रहने से उनका ज्ञान वर्धन होते रहेगा एवं सामाजिक कर्तव्यों के प्रति जागरुकता भी बढेगी। उक्त अवसर पर कस्तुरबा गांधी विद्यालय, लातेहार कर्मचारीगण, विधार्थीगण, पीएलवी एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## डोभा में मिला अर्द्धविक्षिप्त का शव

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के उडुमुडू बारीडीह गांव में मंगलवार 29 नवंबर की सुबह कदम टोली स्थित डोभा में एक अर्धविक्षिप्त का सड़ा गला शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची कुडू पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर शिनाख्त की और जानकारी लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान गम्हरिया नामक करीब 35 वर्षीय युवक के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कुछ वर्ष पहले बारीडीह गांव पहुंचा था और अपना नाम गांव एवं जिले सभी का नाम गम्हरिया ही बताता था। जिसके बाद उसे ग्रामीण गम्हरिया के नाम से ही जानते थे। और गांव में ही रह कर किसी का पशु चराने या पशु चारा काट देता था जिसके बदले में गांव वाकई उसे खाने पीने के लिए दे देते थे। शव की स्थिति देखर अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसकी मौत तीन चार दिन पहले हुई होगी। पुलिस तमाम पहलुओं पर जांच कर रही है।

## खलियान में धान में लगी आग



**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के कचमची गांव स्थित नगड़ा डाढ़ में विगत रात अज्ञात बदमाशों ने खलियान में रखे 12 गांज धान में आग लगा दिया जिससे धान गांज पूरी तरह खाख हो गया जिसमें अनुमानित एक लाख रुपये नुकसान हुआ। जानकारी के मुताबिक कचमची निवासी विजय खाख और अनिल उरांव गांव स्थित नगड़ा डाढ़ में धान कटकर मिसने के लिए 12 गांज धान रखे थे जिसे रात में अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दिया जिससे पूरा गांज जल गया जिसमें किसान को लाखो रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी पुलिस को दे दिया गया है।

## किसान उत्पादक समूह का गठन

**लोहरदगा।** बाएएफ और एचडीएफसी बैंक परिवर्तन सीएसआर के सहयोग से सेन्हा प्रखंड के कंडरा गांव में किसान उत्पादक समूह का गठन की प्रक्रिया की शुरूवात की गयी और किसान उत्पादक समूह के फायदे और उस से होने वाली सामूहिक आमदनी के बारे में किसानों से चर्चा की गयी। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर का गठन किया गया। जिसमे 18 गांवो के ग्रामीण उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाएएफ संस्था के राज्य प्रभारी डीके तिवारी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी सेन्हा रघुनंदन वैश्य उपस्थित रहे। बाएएफ संस्था से (प्रोजेक्ट ऑफिसर) कमलेश मिश्रा, आनंद मोहन सिंह, आलोक कुमार साहू, प्रेम कुमार, पंकज कुमार, अभिरंजन कुमार सिंह, रामनारायण दास (इंटर्न), चिन्मय साहू (इंटर्न ) एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एसपी ने सेन्हा थाना का किया निरीक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने मंगलवार को सेन्हा थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर में साफ सफाई, हाजत, सिरिस्ता, स्वागत कक्ष, बाल कक्ष, पंजी समेत अन्य चीजों को देखा। निरीक्षण के दौरान गुंडा पंजी अपराध पंजी, रनिंग पंजी, रोकड़ पंजी, गुमशुदा पंजी गृह भेदन पंजी, चोरी लूट पंजी, गिरफ्तारी पंजी, अवकाश पंजी, फरारी पंजी,कांड का निष्पादन पंजी, केस डायरी, कांड संख्या, यूडी कांड सहित सभी का विस्तार पूर्वक निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश सेन्हा थाना प्रभारी एवं पुलिस अधिकारियों को दिया। मौके पर एसपी ने थाना प्रभारी ऋषिकांत एवं पुलिस अधिकारियो को कहा की थाने में जनता को सुविधा मिले। जनता को सुरक्षा देना पुलिस का पहला काम है। थाना में आनेवाले हर व्यक्ति की समस्या का समाधान करना आपका कर्तव्य है। इधर थाना पहुंचने पर जवानों द्वारा एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी ऋषिकांत, एएसआई राजेश शर्मा, दिनेश सिंह, नमिता गोस्वामी, पवन सोरेन, ललित साहु सहित सभी पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना युवक घायल

**हेरहंज-(लातेहार)।** हेरहंज-पांकी मुख्य पथ पर हेरहंज व इनातू के बीच 14 माइल नामक स्थान पर बाइक सवार हिमांषु सिंह (बालूभांग) जिसका गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर (पीबी02 बीए-1155) व्यक्ति ने अनियंत्रित होकर गिर गया। राहगीरों ने इसकी सूचना हेरहंज थाना को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शुभम कुमार के निर्देश पर थाना के एएसआई व पुलिस बल के जवानों ने पहुंचकर घटना स्थल से घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक संपन्न



**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर सभागार में बीडीओ सह सिओ सह निर्वाचक निबंध पदाधिकारी दीपाली भगत की अध्यक्षता में मंगलवार को संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 को लेकर बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सर्वप्रथम अनुपस्थित रहने वाले बीएलओ पर नाराजगी जताते हुए कारण पुछ नोटीस जारी किया गया। इसके पश्चात उपस्थित बीएलओ से मतदाता पहचान पत्र को आधार से जुड़े का जानकारी लिया। आगे कहा कि आप सभी 5 जनवरी तक अपने अपने क्षेत्र में अभियान चला कर 17 व 18 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य करें। साथ ही साथ आहर्ता युक्त वैसे व्यक्ति जिनका नाम किसी कारण वश मतदाता सूची में पंजिकरण नहीं हुआ है उनका नाम भी मतदाता सूची में अंकित करते हुए आधार से जोड़ने का निर्देश दिया। बीडीओ सह सिओ भगत ने प्रखंड वासियों से कहा कि जिनका उम्र एक जनवरी 2023 को 17 या 18 वर्ष हो रहा है वह संबंधित बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में अपना नाम अंकित कराने का अपील किया। आगे कहा कि जिनका उम्र 17 वर्ष है 18 वर्ष पुर्ण होते ही स्वतः मतदाता सूची में नाम अंकित हो जायेगा। मौके पर प्रखंड निर्वाचन के शशि शेखर रंजन, ऑपरेटर आलोक दुबे, संजिव, कुमार, मो साजिद, भिम प्रजापति सहित कई बीएलओ उपस्थित थे।

### विद्युत बिलिंग एजेंसी की लापरवाही से विद्युत राजस्व में भारी गिरावट, जेबीवीएनएल निदेशक ने कहा

# बिलिंग एजेंसी के खिलाफ होगी कार्रवाई

**जिले के तीनों सबडिवीजनों में है ऊर्जा मित्रों की भारी कमी**

**आफताब अजुम**

गुमला। विद्युत आपूर्ति की खराब बिलिंग को लेकर गुमला में कार्यरत बिलिंग एजेंसी को बिलिंग सुधारने की चेतावनी दी गई है। बताया जा रहा है कि विद्युत आपूर्ति प्रमंडल गुमला से विद्युत कार्यपालक अभियंता ने पत्र लिखकर बिलिंग एजेंसी कम्पीटेंट सिनर्जीस प्राइवेट लिमिटेड को यथाशीघ्र बिलिंग स्थिति सुधारने की चेतावनी दी है। खराब बिलिंग को लेकर होने वाले राजस्व नुकसान का सीधा जिम्मेदार बिलिंग एजेंसी को ठहराया जा रहा है। बिलिंग एजेंसी और उसके मैनेजरों की लापरवाही के कारण सरकार के करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले चार-पांच महीनों से विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत बिल नहीं दिया जा रहा है।




### उपभोक्ता 100 यूनिट फ्री बिजली का नहीं ले पा रहे हैं लाभ

**कई महीनों से लगातार विद्युत बिल नहीं मिलने के कारण उपभोक्ताओं का बिल जमा नहीं हो रहा है। जिससे एक ओर तो राजस्व का नुकसान हो ही रहा है दूसरी ओर उपभोक्ताओं का उससे बड़ा नुकसान हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही सौ यूनिट फ्री विद्युत योजना का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण उपभोक्ता भी बिलिंग एजेंसी और उनकी कार्यशैली से काफी नाराज चल रहे हैं।**

विद्युत आपूर्ति के लिए गुमला जिला को तीन सबडिवीजन में विभक्त किया गया है। यह सब डिविजन जिस प्रकार विद्युत आपूर्ति करते हैं उसी प्रकार विद्युत आपूर्ति की बिलिंग भी अलग-अलग कराये जाने का प्रावधान है। तीनों सब डिवीजन में अलग-अलग सुपरवाइजर के माध्यम से ऊर्जा मित्रों को बहाल किया जाता है, और उनसे बिलिंग करायी जाती है। लेकिन बिलिंग एजेंसी के दोषपूर्ण नीति की वजह से पर्याप्त संख्या में ऊर्जा मित्र नहीं हैं। बिलिंग के लिए कामडारा सबडिवीजन में लगभग 30 से 35 उर्जा मित्रों की जरूरत है। वहीं घाघरा में बिलिंग के लिए कम से

### जेबीवीएनएल के निदेशक के सख्त निर्देश के बाद विभाग ने एजेंसी को लिखा पत्र

**गुमला सर्किल की बिलिंग एजेंसी की खराब बिलिंग कार्य को लेकर सख्त निर्देश दिए गये हैं। यह निर्देश जेबीवीएनएल के वाणिज्य एवं ऊर्जा लेखा के निदेशक मनीष कुमार ने दिया है। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को निगम मुख्यालय में राजस्व संग्रहण को लेकर अयोजित बैठक में दिया। उक्त बैठक में राज्य के जीएम और डिप्टी जीएम भी शामिल थे। बैठक में कहा गया कि गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा में बिलिंग की स्थिति बहुत ही खराब है। उन्होंने इस पर नाराजगी प्रकट करते हुए उप महाप्रबंधक को एजेसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश भी दिया। इस पर कार्रवाई करते हुए विभागीय पदाधिकारियों ने महज खानापूर्ति की और एक औपचारिक पत्र भेज दिया।**

कम 20 से 25 ऊर्जा मित्र की बहाली होनी चाहिए। गुमला सबडिवीजन में नगरीय क्षेत्र को मिलाकर कम से कम 100 ऊर्जा मित्रों की जरूरत है। यानी जिले भर में अच्छी बिलिंग के लिए कम से कम 150 से 170 ऊर्जा मित्रों की जरूरत है। लेकिन अनुमानित आंकड़े के अनुसार बिलिंग एजेंसी ने 50 प्रतिशत ऊर्जा मित्र भी बहाल नहीं किये हैं। अब ऐसे में सीधा सा प्रश्न है की अच्छी बिलिंग कैसे हो?

मजे की बात यह भी है कि बिलिंग एजेंसी का सारा काम विभागीय पदाधिकारियों की देखरेख में होता है। फिर लगातार हो रही खराब बिलिंग के बावजूद इस एजेंसी से बिलिंग का काम लेना समझ से परे है। इतने खराब प्रदर्शन के बावजूद यह बिलिंग एजेंसी और एजेन्सी के पदाधिकारी आराम से काम कर रहे हैं। यह किस ओर इशारा कर रही है। समझा जा सकता है।

#### विद्युत बिलिंग में घटते राजस्व को लेकर विभाग के पदाधिकारी हैं काफी परेशान

हालांकि विद्युत विभाग के अधिकारी राजस्व में आयी गिरावट को लेकर काफी परेशान हैं। लेकिन कार्यशैली सुधारने की जगह केवल परेशान रहने से व्यवस्था नहीं सुधरती। आये दिन विभागीय पदाधिकारी बिजली बिल के बढ़ते बकाया को लेकर विद्युत कर्मियों के साथ शहर में घूमते दिखाई दे जाते हैं इस बात में कतई शक नहीं कि राजस्व संग्रहण को लेकर विभागीय पदाधिकारी काफी चिंतित हैं लेकिन लापरवाह एजेंसी और एजेंसी के पदाधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं करने के कारण राजस्व की स्थिति काफी बिगड़ी है।

#### ईएसई ने कहा, नये साफ्टवेयर के कारण बढ़ी अव्यवस्था

विद्युत प्रमंडल के ईएसई से बात करने पर उन्होंने बताया कि नया सॉफ्टवेयर आ जाने के कारण बिलिंग प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि हमने एजेंसी को पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि वह अपनी कार्यशैली को जल्द से जल्द सुधारे अन्यथा उन पर कार्रवाई की जाएगी।

## अलाव की मांग को लेकर वार्ड पार्षद ने नप के कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



गुमला (आजाद सिपाही)। दिन ब दिन ठिठुरती ठंड में हो रहे ईजाफे को देखते हुए शहरी क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था किये जाने को लेकर वार्ड संख्या 21 की पार्षद शैल मिश्रा ने नप के कार्यपालक पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। पार्षद ने ज्ञापन में कहा है कि शाम ढलते ही सर्द हवा चलने के कारण ठिठुरन बढ़ जाती है, जिससे राहगीरों की परेशानी में बढ़ोत्तरी हुई है। इस बाबत लोक सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर के सार्वजनिक स्थलों यथा टावर चौक, पटेल चौक, मिशन चौक, बस स्टैंड आदि जगहों पर अलाव की व्यवस्था किये जाने की आवश्यकता जतायी है।

## अघोरेश्वर महाप्रभु के महानिर्वाण दिवस पर गरीबों के बीच कंबल का वितरण

**गुमला (आजाद सिपाही)।** अघोरेश्वर महाप्रभु के 31वें महानिर्वाण दिवस के मौके पर श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह गुमला के प्रागंण में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः सात बजे प्रार्थना गृह परिसर में सदस्यों द्वारा श्रमदान कर साफ-सफाई से की गयी। तत्पश्चात नौ बजे पूजन आरती व सफल योनी का पाठ किया गया। अपराह्न दो बजे नगर के जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े, कंबल आदि का वितरण समूह के सदस्यों के द्वारा किया गया और संध्या में अघोरान्ना परो मंत्र संकीर्तन के पश्चात संध्या आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। पूरे कार्यक्रम में समूह के सभी महिला-पुरुष सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया पेंटिंग प्रतियोगिता व क्विज का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झालसा के तहत प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला संजय कुमार चंधरियावी के मार्गदर्शन पर संविधान सप्ताह मनाया जा रहा है और इसी क्रम में मंगलवार को कस्तूरबा बालिका विद्यालय गुमला में छात्राओं के बीच क्विज तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लीगल कैडेट कोर्स के छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने देशभक्ति की थीम के ऊपर चित्र बनाये तथा उनमें से प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय प्रतिभागी को पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार संध्या कुमारी, द्वितीय पुरस्कार शीलवंत बागे एवं तृतीय पुरस्कार अनामिका कुमारी को दिया गया। क्विज प्रतियोगिता में संविधान संबंधित प्रश्नोत्तर सम्मिलित थे। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार स्वरूप छात्राओं को हिंदी तथा अंग्रेजी के ग्रामर को किताबें दी गयीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला पार्थसारथी घोष एवं पैनल लॉयर बुंदेश्वर गोप, पीएलबी जरीना खातून एवं नीलम तथा विद्यालय की शिक्षिका एवं बच्चियां उपस्थिति थीं।

## भूख से हुई मौत तो मुखिया होंगे जिम्मेवार : हिमांशु शेखर

**राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष ने किया सीधे सभी मुखिया से संवाद, जिम्मेदारी व कर्तव्यों का दिया प्रशिक्षण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** नगर भवन में राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी की अध्यक्षता में जिले के सभी मुखिया के साथ संवाद किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों के मुखिया को उनके कार्य और दायित्व की जानकारी दी गई। मुखिया के साथ संवाद जनसुनवाई एवं लंबित परिवाद पत्रों की सुनवाई हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी, सदस्य शबनम परवीन और आयोग के अन्य सदस्यों ने विभिन्न पंचायतों से आये हुए मुखिया से बातचीत की। इस दौरान उन्हें राज्य खाद्य आयोग के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जुड़ी जन वितरण योजना, मध्याह्न भोजन योजना, आंगनबाड़ी केंद्र, मातृ वंदना योजना से संबंधित जानकारी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा दी गई। इस दौरान मौजूद सभी मुखिया को बताया गया कि वो अपनी शिकायत कहां रख सकते हैं। मुखिया की जिम्मेदारी क्या है और वो दूसरे लोगों को भी कैसे जानकारी दे सकते हैं। यदि कोई शिकायत करनी हो तो कहां पर करें, यदि दूसरे लोगों को शिकायत करनी है तो वह कहां पर शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य खाद्य आयोग का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। पंचायत मुखियाओं को संबोधित करते हुए झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा आयोग अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने कहा कि जिले में एक भी मौत भूख से होने पर उसकी जवाबदेही पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधियों खासकर मुखियों पर होगी। क्योंकि वही पंचायत स्तर पर बनी खाद्य सुरक्षा योजना की निगरानी समिति के पदेन अध्यक्ष होते हैं। इस नाते इस योजना से जुड़ी सभी जानकारी और उनके क्रियान्वयन में आ रही कठिनाई को दूर करने के लिए शिकायत का अधिकार उनके ही पास होता है। इस योजना से जुड़ी जानकारी जन प्रतिनिधियों को दी जा रही है। कार्यक्रम में उपस्थित डीडीसी हेमंत सती द्वारा राष्ट्रीय खाद्य आयोग के गठन के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी।

वहीं अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने राष्ट्रीय खाद्य आयोग से संबंधित विस्तृत जानकारी दी एवं इससे जुड़े नियम कानूनों के बारे में बताया।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम शमदानी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, सिविल सर्जन राजू कच्छप, जिला शिक्षा अधीक्षक ने अपने अपने विभागों द्वारा चलायी जा रही संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं वर्तमान स्टेटस से अवगत करवाया।

## कामडारा में हो रही है मनरेगा कार्यों में बरती गयी अनियमितता की जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कामडारा।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ स्थानो पर मनरेगा योजना अधिनियम के विरुद्ध किये गये कार्यो की जांच की मांग पर गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव ने जिले के प्रशिक्षु आइएएस आशिष गंगवार पुनः आज दुसरे दिन कामडारा भेजा। श्री गंगवार ने सबसे पहले अनियमितता व भ्रष्टाचार का आरोप लगाये गये मनरेगा योजनाओं से संबंधित संचिका व दस्तावेजों की गहन जांच की। इसके बाद कार्यालय पहुंच कर कंप्यूटर ऑपरेटर के कंप्यूटर को खंगाला। इसके बाद श्री गंगवार ने कामडारा बीडीओ अमृता प्रियंका एक्का से लगभग आधे घंटे तक पूछताछ की।

### जांच को प्रभावित करने के लिए बीपीओ के नेतृत्व में दिया गया धरना



**गुमला (आजाद सिपाही)। कामडारा में जिला प्रशासन द्वारा मनरेगा कार्यों की जांच को बीपीओ रेणुका मिंज के द्वारा प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। बीपीओ की अगुवाई में प्रशिक्षु आईपीएस श्री गंगवार की जांच को प्रभावित करने के लिए दिए गए धरना प्रदर्शन से ग्रामीण आवाक हैं। ग्रामीणों का मानना है कि भ्रष्टाचार में जो भी पदाधिकारी लिप्त हों उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। निष्पक्ष जांच के लिए सरकारी पदाधिकारियों व कर्मचारियों को इस जांच में सहयोग करना चाहिए। लेकिन बीपीओ रेणुका शायद ऐसा नहीं चाहतीं। ग्रामीणों ने कहा कि कहीं ना कहीं यह आरोपित बीडीओ को बचाने के लिए उठाया गया कदम है। चर्चा तो यह भी है कि खुद जांच से बचने के लिए बीडीओ अपने अधिनस्थ कर्मियों पर दबाव बना कर यह सब करा रही हैं। बीपीओ की इस हरकत से जहां प्रखंड प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है वहीं इस धरना को जिला प्रशासन की कार्रवाई के विरुद्ध आंख दिखाने जैसा माना जा रहा है। आजाद सिपाही द्वारा पूछे गए सवाल पर बीपीओ ने चुप्पी साध ली। उनसे दूरभाष पर प्रश्न किया कि क्या पत्रकार गलत खबर को छाप रहे हैं, इस पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया और फोन पर बात करना बंद कर दिया।**

इधर जांच के उपरांत स्थानीय पत्रकारों ने श्री गंगवार से जांच के बाद मिली त्रुटियां व परिणाम के संबंध में पूछा तो उन्होंने कहा कि फिलहाल जांच प्रक्रिया जारी है।जल्द ही नतीजा भी सामने आ जायेगा।

बता दें कि कामडारा प्रखंड के एक समाजिक कार्यकर्ता ने पिछले दिनों उपायुक्त व उप विकास आयुक्त को आवेदन सौंपकर प्रखंड क्षेत्र मे मनरेगा कार्यों मे बरती गई अनियमितता की जांच कराने की मांग रखी थी।

### भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा : नवडीहा पंचायत में कार्यादेश के बगैर लगाया जा चुका है सोलर हैंड वाश सिस्टम

# अब बिचौलिये पैसा निकासी के लिए दिनभर लगा रहे हैं ब्लॉक का चक्कर

**मुखिया और बिचौलियों की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि किसी तरह से कार्यादेश मिल जाए**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड के नवडीहा पंचायत में भ्रष्टाचार की हदें पार कर दी गई हैं। बिचौलियों के द्वारा बगैर कार्यादेश के ही सोलर हैंड वाश सिस्टम लगा दिया गया है। लगने के बाद मुखिया और बिचौलियों के द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि किसी तरह से कार्यादेश मिल जाए पर पंचायत सचिव श्याम किशोर प्रसाद कार्यादेश देने से साफ इनकार कर दिये हैं।





### बिना कार्यादेश के योजना पूरा होना ही गलत है : बीडीओ

**इस संबंध में बीडीओ विष्णु देव कच्छप से पूछने पर उन्होंने कहा बिना कार्यादेश के योजना शुरू होना और पूरा भी हो जाना गलत है, ऐसा नहीं होना चाहिए। जो भी अनियमितता बरती गई है उसकी जांच की जाएगी। जिसके बाद ही भुगतान किया जाएगा। सोशल मीडिया व मौखिक तौर पर मुझे इस अनियमितता की जानकारी मिली है। जिसके बाद से ही मैंने भुगतान करने पर रोक लगा दी है। अब जांच के उपरांत ही भुगतान किया जायेगा।**

यहां बता दें कि संत युद्ध मध्य विद्यालय नवडीहा व आंगनबाड़ी गम्हरिया स्थलों पर सोलर हैंड वॉश सिस्टम लगाया गया है। जिसकी लागत लगभग 45000 होगी, पर बिचौलियों के द्वारा ढाई लाख रुपये निकालने का प्रयास किया जा रहा है। बतातें चलें कि घाघरा प्रखंड के ही अरंगी पंचायत में भी दो हैंडवाश लगाये गये हैं, जिसमें एक में 247600 व दूसरे में 247635 रुपये का भुगतान भी हो चुका है। जिसकी खबर अखबारों में प्रमुखता से छपने के बाद बीडीओ विष्णुदेव कच्छप सकते में आये और सभी संबंधित कर्मियों को सख्त निर्देश दिया है कि किसी भी पंचायत में सोलर हैंडवाश का कार्य नहीं होगा और

### मुझे पता नहीं, कहां हैंड वाश लगा है : पंचायत सचिव

**इस संबंध में पंचायत सचिव श्याम किशोर प्रसाद से पूछने पर उन्होंने कहा मैंने किसी भी हैंड वाश योजना के लिए कोई कार्यादेश नहीं दिया है। हैंड वाश लगने के बाद मुझे पंचायत के लोगों से मौखिक सूचना मिली, जिसके बाद मैंने देखा तो पता चला कि मानक के विपरीत हैंड वॉश लगाया गया है। जब तक उसे मानक के अनुसार नहीं बनाया जाता है तब तक पेमेंट नहीं किया जायेगा।**

### नहीं होगा भुगतान : मुखिया

**पंचायत के मुखिया राजकुमार भगत से इस संबंध में पूछने पर उन्होंने कहा मैंने और ना ही पंचायत सेवक ने कोई कार्यादेश दिया है। अपने मन से बिचौलियों के द्वारा हैंड वॉश लगाया गया है और वह पूरा मानक के विपरीत है, टीना का लगाया गया है। जब तक मानक के अनुसार नहीं बनेगा तब तक भुगतान नहीं किया जायेगा।**

जितना भी कार्य हुए हैं, उसे जांच के बाद पैसा कटौती कर भुगतान किया जायेगा। यहां बता दें कि गम्हरिया आंगनबाड़ी में हैंडवाश लगने के तुरंत बाद ही फर्श टूट गया था। जिसे एक समाजसेवी के द्वारा सोशल मीडिया पर फोटो खींचकर वायरल किया गया। जिसे देखने के बाद बिचौलियों ने जाकर उसकी लीपापोती कर ढंकने का प्रयास किया है।

गौरतलब है कि नवडीहा पंचायत में दो जगह हैंडवाश लगाया गया है वह भी टीना का ही लगाया गया है जो बिल्कुल मानक के विपरीत है और बिचौलियों के द्वारा पैसा निकासी के लिए दिनभर ब्लॉक का चक्कर लगाया जा रहा है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रमुख एवं पंसस की बैठक में योजनाओं की समीक्षा कर विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गयी



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यों के साथ प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी तेज कुमार हस्सा और अंचलाधिकारी संजीव कुमार की अगुवाई में विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना, पशुपालन विभाग, मनरेगा, प्रशासनिक सेवा सहित अन्य सभी विभागों से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गयी। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

### प्रमुख ने पंसस के साथ बैठक कर कार्यो को सुचारू रूप से कराने के दिये निर्देश

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड प्रमुख कार्यालय पर मंगलवार को प्रमुख सुनील सुरीन के नेतृत्व पर पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री सुरीन ने उपस्थित सभी पंचायत समिति सदस्यों से कहा कि जितने भी पुराने कार्य हैं, उन्हें शीघ्र पूरा करें और सभी नये कार्यों को नियमित व सुचारू रूप से कराने का प्रयास करें। जिससे क्षेत्र में आपलोगों की छवि एक अच्छे जनप्रतिनिधि के रूप में बन सके। बैठक में उपप्रमुख शकुंतला देवी, पंचायत समिति सदस्य क्रमशः दिलीप आईंद, जिरन तोपनो, मारवाड़ी बिरहोर, जेम्स होरो, तेरेसा तोपनो, राखी कुमारी, अरसल्यानी गुड़िया, मलेरिया सुरीन, सुड़ालेन बरला और सुशीला देवी मौजूद थे।

### झिकिरमा गांव में दो महीने बाद लगा ट्रांसफॉर्मर, लोगों में खुशी की लहर

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट प्रखंड के झिकिरमा पंचायत के झिकिरमा गांव में दो महीने बाद ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। यह ट्रांसफॉर्मर कांग्रेसी नेता सह 20 सूत्री समन्वय समिति के उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता गुड्डू के लगातर प्रयास से लगाया गया। उन्होंने बीते दिनों जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलकर नया 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगवाने में अहम भूमिका निभायी। ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन मंगलवार को संतोष कुमार गुड्डू, पीसीसी डेलीगेट सुशेना लकड़ा, वरिष्ठ कांग्रेसी अनुप लकडा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। झिकिरमा ग्राम में बिजली जलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों ने विधायक भूषण बाड़ा और संतोष कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया है। मौके पर महोद्रा भगत, महाबीर महतो, अनुज महतो, मनोज इन्दवार, बहादुर इन्दवार, सोमरु लोहरा, अमीर किंडो, सुकरा एक्का, चामु महतो, सोमरा धनवार, गोपाल गोप, लीलन लोहरा, जितवहान दास, विशुण दास, बुधवा लोहरा, सिलवेस्टर उरांव, सुरेश टेटे, सुधीर सोरेंग के साथ अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता में की जा रही है खानापूर्ति

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता में सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए पंचायतों को 5-5 हजार व प्रखंड में 10 हजार रुपये विभाग द्वारा मुहैया करायी गयी है। जबकि प्रखंड के दो पंचायत भुरसो व छारदा को छोड़कर बाकी 16 पंचायतों में बिना फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किये टीमों का गठन कर प्रखंड स्तर पर सोमवार को ललित उरांव स्टेडियम महुआडीपा में प्रतियोगिता शुरू कर दी गयी है। इस बावत विभिन्न पंचायतों से पहुंचे खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे पंचायत में फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित नहीं हुई है। गत रविवार को हमारे पंचायत के मुखिया व पंचायत समिति के माध्यम से हमें प्रखंड प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए कहा गया। जिसके बाद हम सभी आज महुआडीपा स्टेडियम में मैच खेलने पहुंचे हैं। वहीं दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के उद्घाटन में न तो कोई मुखिया और न ही अधिकारी पहुंचे। इक्के-दुक्के पंचायत समिति सदस्य, नवजीवन एथलेटिक्स क्लब ललित उरांव स्टेडियम महुआडीपा के सदस्य व खेल प्रेमियों के द्वारा प्रतियोगिता शुरू की गयी। पहले दिन बालक वर्ग में मात्र आठ पंचायत भदौली, ओल्मुण्डा, कुदरा, लरंगो, भुरसो, शिवनाथपुर, घाघरा, पंडरिया और बालिका वर्ग में तीन पंचायत सिसई, भुरसो, भदौली की टीम भाग लेने पहुंची। उद्घाटन मैच ओल्मुण्डा व लरंगो के बीच खेला गया।

### सीताराम साव सशिविमं का विद्या भारती के प्रांतीय सदस्य ने किया निरीक्षण

**भरनो (आजाद सिपाही)।** सीताराम साव सशिविमं, भरनो विद्यालय का निरीक्षण विद्या भारती झारखंड के प्रांतीय सदस्य, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सह गुमला सविमं सचिव अमृत कुमार मेटे, संकुल संयोजक सह सचिव प्रभात कुमार दास, सदस्य अमित कुमार व प्रधानाचार्य देवकुमार सिंह ने प्राथमिक खंड से दशम कक्षा तक की शैक्षणिक पक्ष, वन्दना, अनुशासन, जलपान, समय पालन, वेश, मध्यावकाश, अवकाश सहित अन्य व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। अंत में आचार्यों के साथ बैठक कर भविष्य के कर्णधार नन्हें बच्चों के शैक्षणिक विकास सहित विभिन्न सुधारात्मक विन्दुओं पर सुझाव दिये। मौके पर वीरेंद्र कुमार, मुकेश शाही, लिविन केरकेट्टा, वासुदेव मुंडा, नूरी खातुन, पूनम कुमारी, महिमा, कविता, नमिता, सुमति, सुमन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय ग्रेपलिंग में झारखंड के खिलाड़ियों ने जीते चार पदक, गुमला के तीन खिलाड़ी शामिल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भारतीय कुश्ती संघ एवं ग्रेपलिंग कमेटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 24 से 27 नवंबर तक राष्ट्रीय ग्रेपलिंग कुश्ती जिसका उत्तर प्रदेश के नंदिनी नगर में समापन हुआ। जिसमें झारखंड के पहलवानों ने चार पदक झटके। स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक सैयद जुन्नू रैन ने कहा कि गुमला जिला से कुल चार सदस्य झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, जिसमें दो पुरुष और दो महिला जिसमें से गुमला जिला के स्पोर्ट्स अकादमी के तीन पहलवानों ने मेडल प्राप्त किये और रांची को एक मेडल प्राप्त हुआ। जिसमें जूनियर वर्ग में बाबूलाल साहू के पुत्र आदित्य साहू ने अपने भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं सीनियर महिला में रीता सुरिन ने रजत व कलावती ने भी रजत पदक प्राप्त किया। साथ ही सीनियर पुरुष में रांची के ओवैस अराफत ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस बड़ी उपलब्धि से गुमला जिला बहुत ही गर्व महसूस कर रहा है। साथ ही अकादमी के अध्यक्ष व ग्रेपलिंग कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष हाफिजुर रहमान के नेतृत्व में गयी टीम जिस पर स्पोर्ट्स अकादमी का परिवार खुश है। इन चारों खिलाड़ी व कोच रहमान के गुमला आगमन पर कल 10 बजे टॉवर चौक पर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी और प्रशिक्षक द्वारा जोरदार स्वागत किया जायेगा। साथ ही उन्हें प्रशासनिक पधाधिकारियों से मेडल के साथ अवगत और परिचय कराया जायेगा और साथ ही माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

## जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में दिखे प्रतिभा के रंग

# सुखी जीवन के लिए खेल को बनायें जीवन का अभिन्न अंग : डीसी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना के पलामू इकाई के तत्वावधान में स्थानीय पुलिस स्टेडियम में दो दिवसीय खेलो झारखंड समारोह उत्साह के वातावरण में शुरू हुआ।खेलो झारखंड-2022 समारोह के मुख्य अतिथि पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने झंडोत्तोलन के साथ छह सौ मीटर के दौड़ का शुभारंभ किया तथा विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी के संयोजन में आयोजित खेलो झारखंड में पलामू प्रमंडल क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक शिवनारायण साह की उपस्थिति रही।समारोह का संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया।इस अवसर पर प्रतिभागी बच्चों को हौसला बढ़ाते हुए डीसी श्री दोड्डे ने कहा कि वे जीतने-हारने वाले सभी बच्चों को बधाई दे रहे हैं, क्योंकि वास्तव में खेल में



कोई हारता नहीं है,बल्कि कुछ न कुछ जरूर सीखता है। उन्होंने कहा कि खेल हमारा शारीरिक व मानसिक विकास करता है इसलिए हमें इसे जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए।उपायुक्त ने 600 मीटर के विजेता प्रथम,द्वितीय व तृतीय क्रमशः साधना,पल्ली व फूलजहां तथा रोहित कुमार, अजित सिंह व जुलफराज अंसारी को अपने हाथों मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। समाचार लिखे जाने तक जूनियर के 100 मीटर बालक बालिका वर्ग में क्रमशः कौशल सिंह, सुधाकर कुमार,राजेन्द्र कुमार व पलक चांदनी, सोनाली को क्रमशः प्रथम,द्वितीय व द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार 1500 मीटर सीनियर में छोटू कुमार, मनोज कुमार मेहता व उपेन्द्र यादव तथा काजल कुमारी,पूजा कुमारी व मुस्कान कुमारी को प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर सीनियर में रंजन कुमार सिंह, हिमेश राम व अंकित सिंह तथा जसींता कुमारी, खुशी कुमारी व बुधनी कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। खेलो झारखंड के प्रथम दिन को सफल बनाने में एपीओ जान मुथू,उदय सिंह,राजीव चौबे, संजय त्रिपाठी, कमलानंद दूबे, बीपीओ मनोज तिवारी,मणि पाण्डेय, ओमप्रकाश कुमार, अनु सिंह, नन्द किशोर कुमार, अर्पण गुप्ता, नीतू कुमारी व पप्पू सिंह समेत अनेक शिक्षा कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# खासमहल पर सकारात्मक परिणाम शीघ्र : आनंद शंकर

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड चेंबर की मंगलवार को एक्जीक्यूटिव बैठक में डाल्टनगंज के खास महल का मुद्दा छाया रहा। बैठक के प्रारंभ में ही अध्यक्ष आनंद शंकर के पत्र पर चर्चा की गई। जिस पर पूरे सदन में इस पर त्वरित कार्रवाई के लिए मांग रखी और जब सचिव इंद्रजीत सिंह ने सदन के सामने पूरे मुद्दे को प्रमुख रूप से रखा तब वहां उपस्थित कैबिनेट ने एवं पूर्व अध्यक्षों में इस पर विशेष बैठक करने की बात कही। जिसमें यह बात सामने आई कि चूकि है लीगल मैटर पेचीदा है इसलिए इसे मंत्रिमंडल में ही पास कराना श्रेकर रहेगा। चेंबर मुख्यमंत्री जी पर इससे सरल करने के लिए और इसे समस्या का हल करने के लिए दबाव बनाएगा और चेंबर के सदस्यों ने आश्वासन दिया की जरूरत पड़ी तो झारखंड चेंबर इस पर पलामू के लिए आंदोलन भी करेगा। बैठक में आनंद शंकर का धन्यवाद पत्र भी पढ़ा गया जिसमें उन्होंने रेंट रेगुलेशन और पलामू में चौधारना



बाजार की समस्या के हल के लिए चेंबर अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को धन्यवाद दिया कि उन्होंने उनकी मांग पर विचार करते हुए जनहित में चौधराना बाजार का दर 4 रुपया कर दिया है। किशोर मंत्री जी ने बताया की उनकी बात मुख्यमंत्री जी से हो गई है और खास महाल में कुछ इंक्वायरी के पश्चात और कुछ पच्छों की जानकारी की जानी है जिसके पश्चात उन्हें आशा है संभवत इसी सप्ताह या आने वाले कुछ दिनों में इस पर भी एक सकारात्मक पहल होगी और एक जन उपयोगी निर्णय आएगा। बैठक में रीजनल वाइस प्रेसिडेंट संजय कुमार ने भी पूरे सदन को पलामू चैंबर की मदद के लिए धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया।

# अजाप्टा के सदस्यों ने राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव का किया स्वागत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ हुसैनाबाद पलामू के सदस्यों ने दो बार हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा के प्रतिनिधित्व कर चुके व नव-निर्वाचित राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव से उनके आवास पर भेंट की और पुनः दुबारा अध्यक्ष चुने जाने के बाद बधाई दी। फूलमाला और बुके देकर सम्मानित किया।साथ ही शिक्षक विभाग द्वारा किए जा रहे प्रगति के बारे में चर्चा की। विदित हो कि चार सूत्री मांगों के संबंध में शिक्षको ने उन्हें 12 नवंबर को ज्ञापन समर्पित किया था।इस संबंध में उन्होंने कहा कि आपसबों की मांग शिक्षा शिक्षक हितार्थ है, गरीब गुरबों व अभिवंचित वर्गों के प्रतिनिधित्व करनेवालों की सरकार है,आपसब उसी वर्ग से आते हैं, गैर शैक्षणिक कार्यों के अलावे शिक्षा का दीप जला रहें हैं, बेशक आपकी मांगों पर सरकार ध्यान देगी। कुछेक दो चार दिनों में रांची प्रवास के दरम्यान संघीय पदाधिकारियों के उपस्थिति में उच्च स्तरीय बैठक बुलाने का प्रयास करेंगे।उनके इस घोषणा से शिक्षकों की उम्मीदें बलवती हुई है। शिक्षकों का मानना है कि राजद यूपीए फोल्डर के सशक्त पार्टी है, हमारी मांगों को उचित फोरम पर रखकर शिक्षकों की आवाज बनेंगे।स्वागत करनेवालों में प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी, सचिव निर्मल कुमार, पलामू प्रमंडल सोशल मीडिया प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता, वरीय शिक्षकों में रविन्द्र चौधरी, अरुण कुमार चौधरी सचिव हैदरनगर, प्रेम कु० चौधरी संगठन सचिव, शकील अहमद, इकबाल अहमद, जितेंद्र राम, सुरेंद्र राम, कन्हैया प्रसाद, परमानंद प्रियदर्शी, अवधेश पासवान, महेंद्र बैठा सहित दर्जनों शिक्षक शामिल थे।



# दुकान में चोरी, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** दंगवार ओपी क्षेत्र के नदीआईन गांव निवासी राकेश कुमार ने अपने दुकान में चोरी की घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है की बीते रविवार की शाम अपने एक रिश्तेदार को लेने के लिये गढ़वा गया था,उसी शाम करीब 5 बजे दो अजनबी दुकान पर पहुँचे उस वक़्त मेरे पिता जी दुकान पर मौजूद थे,एक व्यक्ति ने पिता जी तंबाकू की माँग की तभी दूसरा व्यक्ति मेरे ऑनलाइन दुकान से लैपटॉप और अलमीरा में रखे बीस हजार रुपए लेकर फरार हो गए।इस संबंध में दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा ने बताया की लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

# झामुमो नेता से रंगदारी मांगने गये दो अपराधी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर थाना क्षेत्र के गंगा हॉस्पिटल के निदेशक सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व विधायक प्रत्याशी संजीव कुमार तिवारी को अमन साहू के नाम पर धमकी दिए जाने के मामले में विपुल कुमार पांडे व धीरज कुमार शर्मा को शहर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। संजीव कुमार तिवारी के द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार सोमवार की रात 9:45 बजे दो लोग हॉस्पिटल के बाहर बार-बार आना-जाना कर रहे थे। साथ ही दोनों व्यक्ति ड्राइवर से बकझक कर रहे थे। जिसके बाद वे दोनों हॉस्पिटल के अंदर आये। संजीव तिवारी से बोले कि अमन साहू से बात कर लीजिये। इन दोनों के द्वारा संजीव तिवारी को बार-बार धमकी दी जा रही थी कि दादा को पहचानते हो कि नहीं दादा से बात करो अभी। संजीव तिवारी ने बताया कि वे लोग बार-बार अपने कमर के पास हाथ डाल रहे थे। संभवत उनके पास हथियार था। गोली मारने की धमकी भी दे रहे थे। जब ये दोनों व्यक्ति चले गये तो संजीव ने शहर थाना को फोन किया। जिसके तुरंत बाद शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिंन्हा व टीओपी प्रभारी रामजीत सिंह अपने पुलिस बल के साथ गंगा हॉस्पिटल पहुंच गये। धमकी देने आये दोनों व्यक्तियों की सारी करतूत सीसीटीवी में कैद हो चुकी थी।जिसके बाद पुलिस ने दोनों का फोटो देखने के बाद तुरंत छापेमारी शुरू कर दी। छापेमारी में विपुल कुमार पांडे व धीरज कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। विपिन कुमार शर्मा लातेहार के चंदनडीह का रहने वाला है। वह गायत्री मंदिर के पास किराये के मकान में रह रहा था. जबकि धीरज कुमार शर्मा सतबहिनी का रहने वाला है। जो बैरिया के पास किराये के मकान में रह रहा था। गिरफ्तार करने के बाद शहर थाना पुलिस व डीएसपी सुरजीत कुमार ने उनसे गहनता से पूछताछ किया। शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि विपुल कुमार पांडे व धीरज कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। संजीव कुमार तिवारी ने त्वरित कार्रवाई के लिए जिले के एसपी चंदन कुमार सिन्हा व शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा को धन्यवाद दिया है कि इतनी तत्परता से तुरंत इस मामले का उद्भेदन कर लिया गया।

# पलामू के 8 प्रखंडो के 14 पैक्सों में आम निर्वाचन की प्रक्रिया 6 दिसंबर से

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सहकारी सहयोग समिति लिमिटेड का चुनाव कराने को लेकर कार्य शुरू कर दिया गया है। इस लेकर चुनाव संचालन पदाधिकारी अश्विनी कुमार ओझा ने बताया कि दिसंबर में जिले के 8 प्रखंडो के 14 पैक्स में विशेष आम सभा के माध्यम से चुनाव कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। अलग-अलग पैक्सों में चुनाव संपन्न कराने को लेकर विभिन्न प्रखंडों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने बताया कि पांकी के कोनवाई पैक्स पैक्स के चुनाव के लिये के छतरपुर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सखी चन्द्रदास को निर्वाचन पदाधिकारी एवं सहकारिता पदाधिकारी मुख्यालय के विपिन किशोर कंडुलना को अनुकल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह पांकी के तेतरई पैक्स के चुनाव हेतु पांडू के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी मुकेश कुमार सिंहा को निर्वाचन पदाधिकारी एवं मुख्यालय के सहकारिता पदाधिकारी को संध्याबाराभुईंया अनुकल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं मनातू के सिलदिलिया पैक्स के चुनाव के लिये पांकी प्रखंड के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी निशीतोष ठाकुर को निर्वाचन पदाधिकारी एवं पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार को अनुकल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। इसी क्रम में उंटारीरोड के मुरमा लकला पैक्स के चुनाव के लिये हरिहरगंज के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार को निर्वाचिन पदाधिकारी एवं मुख्यालय सहकारिता प्रसार पदाधिकारी आशीष खलखो को अनुकल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। छतरपुर के तेलाड़ी पैक्स में चुनाव के लिये विश्रामपुर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार को निर्वाचन पदाधिकारी एवं मुख्यालय के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह को अनुकल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। इसी तरह पड़वा के गाड़ीखास पैक्स में चुनाव के लिये नौडीहा बाजार के सहकारिता पदाधिकारी को निर्वाचन पदाधिकारी एवं पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी दिव्या राज मोहन सिंह को अनुकल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है।

# निगम को विकास की नयी ऊंचाई पर ले जाना ही उद्देश्य है : मनोज

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम चुनाव की सरगर्मी तेज है, भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह जनता के बीच आशीर्वाद व समर्थन के लिए पहुँच रहे है। जनता के बीच श्री सिंह अपनी बात को रख रहे है। श्री सिंह ने वार्ड नम्ब चार के हाउसिंग कॉलोनी क्षेत्र मे भ्रमण के दौरान उन्होंने लोगों से बदलाव की अपील की तथा उनपर भरोसा जताने का आग्रह किया। श्री सिंह ने कहा कि उनका राजनीति मे आने का एकमात्र मकसद जनसेवा है,वे जनता के बीच जाकर हर मुद्दों पर चर्चा कर,मूलभूत सुविधाओं में सुधार की बात कर रहे हैं। श्री सिंह घर-घर पानी,हर गली सड़क बनवाने की बात कर रहे हैं। उन्होंन ने बताया कि मतदाता साथ मे जुड़ रहे और अपना समर्थन दे रहे है। आज 22 वे दिन भी घर घर यात्रा जारी रहा। भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कहा कि यह ऊर्जा जनता की ओर से मिल रहा है,जनता का सकारात्मक ऊर्जा उन्हें आगे बढ़ने में मदद कर रहा है। श्री सिंह ने जनता से मेदिनीनगर निगम को अव्वल बनाने के लिए संकल्प लिया। यात्रा में राहुल सिंह,संतोष लाल, गोलू सिंह,अमित रंजन, संजीव तिवारी,रौशन साव, आलोक पांडे,चेतन्य सिंह, राजू प्रसाद गुप्ता,आनंद तिवारी, विवेक तिवारी सहित कई लोग शामिल थें ।



# हरिहरगंज के धोबी मुहल्ले में नाली का गंदा पानी बनी समस्या, नरकीय जीवन जी रहे हैं यहां के लोग, प्रशासन मौन

## 2020 से लगातार कई बार की गयी शिकायत, नहीं हुआ निवारण

प्रसिद्ध कुमार

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला के हरिहरगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या 8 धोबी मुहल्ले में गंदे नाली के पानी की समस्या वहां के निवासियों के लिए बड़ी मुसीबत बनी हुई है। जिससे यहां लोग नरकीय जीवन जीने पर बिवस हैं।वहां के बुजुर्ग महिला या बुजुर्ग पुरुष बाहर नहीं निकल पाते हैं। गंदे पानी से उनके दरवाजे के समक्ष सड़क पर काई जम गया है। बुजुर्गों में फिसलने का डर बना रहता है।वह कहीं फिसल कर गिर न जाएं। कई बुजुर्ग गिर कर हांथ पांव भी तोड़ कर घर पर बैठे हुए हैं। बदबू के कारन लोगों को कए दस्त भी होती है। खाना खा रहे हैं, हजम नहीं कर पा रहे हैं। बुजुर्गों का कहना है कि सुनते हैं कि देश प्रदेश में कोरोना आया है पर मेरे ही मुहल्ले में कोरोना दिख रहा है। यहां के बच्चों पर भी आफत आई हुई है।कहा जाता है कि खेल कूद से मांशिक के साथ बौद्धिक विकास होता है।पर धोबी मुहल्ले के बच्चे किसी प्रकार का खेल कूद नहीं कर



सकते। क्यों कि उनके दरवाजे के समक्ष नाली के गंदे पानी का जमावड़ा लगी हुई है। वह खेल कूद से वंचित हैं। वहीं रहवासियों के दरवाजे पर नाली का गंदा पानी का जमावड़ा को देख मुहल्ले के शादी योग्य लड़का व लड़कियों की शादी नहीं हो पा रही है, अगुआ कनी काट लें रहे हैं। हरिहरगंज नगर पंचायत के वार्ड नं 8 के धोबी मुहल्ले में नाली की समस्या ही क्षेत्र के प्रशासन की अव्यवस्था दर्शा रहा है और मौन धारण किए हुवे हैं। इस मूलभूत समस्या को लेकर विगत 3 वर्षों से रहवासियों ने अनेकों बार प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं नगर कार्यपालक पदाधिकारी से लिखित शिकायत की। पर गंदी नाली के पानी की मूलभूत समस्या हल करने में प्रसाशन अब तक असफल हैं। धोबी मोहल्ले में क्षेत्र के गंदे नालियों का पानी सड़क पर आने से कई लोगों के घर में पानी घुस जा रहा है। इसके साथ ही धोबी मोहल्ले के सटे हरिहरगंज मेन बाजार अवस्थित होने के कारण इस रास्ते से सैकड़ो राहगीर बाजार में खरीदारी के लिए जाते हैं। इससे बाजार में खरीदारी करने के लिए जाने वाले राहगीरों के लिए भी एक बड़ी मुसीबत बनी हुई है। नाली का गंदा पानी रहवासियों के दूरे दरवाजे पर बह रहा है। पानी के बदबू से लोगों को संक्रामक बीमारियों का भय सता रहा है। इससे लोगों में रोष गहराता जा रहा है।इसकी जानकारी क्षेत्र के समाजसेवी दिलीप स्वर्णकार तथा मनोज सोनी ने हरिहरगंज आजाद सिपाही संवाददाता प्रसिद्ध कुमार को दी थी।इस दौरान मुहल्ले के रहवासी राधा देवी, बेबी देवी, चंदा देवी, सहोदरी देवी, रंजू देवी आदि बुजुर्ग महिलाओं ने संवाददाता को समस्या से अवगत कराया।

# निः शुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला में मनी पुण्य तिथि



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आदरणीय नागरिकों का अभिनंदन है जिन्होंने पाठशाला के बच्चों की सहायतार्थ अपने बच्चों का जन्मदिन शादी की सालगिरह या पुण्यतिथि या किसी भी बहाने उनकी जरूरतें पूरी करने पाठशाला जरूर पहुंचते हैं। इसी क्रम में डेली न्यूज के ब्यूरो मनोहर जी के श्वसुर स्व. रघुवीर राम जी की पुण्यतिथि लगभग पांच वर्षों से इसी पाठशाला में मनाई जाती रही है। जिनके परिवार की ओर से प्रत्येक वर्ष बच्चों की आवश्यकतानुसार पाठ्य सामग्री खेलकूद सामाग्री उनके बीच बड़े ही निष्ठा के साथ वितरण किए जाते हैं। इस बार भी स्कूल बैग बच्चों के बीच वितरण कर यह परिवार बहुत ही बढ़िया कार्य किया है क्योंकि इन बच्चों के पास इतनी सामर्थ्य नही कि वे खरीद सकें। स्व.राम जी की पत्नी राधिका देवी पुत्री विद्या देवी बेटे रोहित कुमार रंजन कुमार वनाथी आदित्य वर्धन विवान वर्धन ने इस नेक कार्य में अपना सराहनीय योगदान दिया। मिशन समृद्धि संस्था परिवारजनों का हार्दिक आभार प्रकट करता है जिनके कारण जरूरतमंद बच्चों को जरूरत की चीजें मिल जाती है।इस कार्य में मिशन समृद्धि संस्था की टीम सदस्य बैजनती गुप्ता डॉ देव प्रकाश प्रो वन्दना श्रीवास्तव आदि का सहयोग रहा।

# नौडीहा बाजार अंचल में पिछले चार वर्षों से अंचलाधिकारी का पद प्रभार में चल रहा

**नौडीहा बाजार /पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले नौडीहा बाजार अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी का पद प्रभार में ही चल रहा है गौरतलब है कि अब तक नौडीहा बाजार अंचल में अंचलाधिकारी के रूप में केवल एक ही अंचलाधिकारी हीरा कुमार का प्रतिनियुक्त हुआ है वह अंचलाधिकारी 2/7/2016 में नौडीहा बाजार अंचल में योगदान दिए और वे 28/8/2018 तक नौडीहा बाजार अंचल में अंचलाधिकारी के पद पर रहे और हीरा कुमार अंचलाधिकारी के 2018 में ट्रांसफर हो जाने के कारण नौडीहा बाजार अंचल को अभी तक अंचलाधिकारी नहीं मिला है और करीब चार वर्षों से भी अधिक होने को है तब से ही नौडीहा बाजार अंचल वहां पर पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी के पास अंचलाधिकारी का प्रभार में ही चल रहा है और कब इस अंचल का अंचलाधिकारी मिलेगा कहना मुश्किल होगा ।




## स्पोर्ट्स

**मैं पीकेएल इतिहास में सबसे अच्छा डिफेंडर बनूंगा : मोहम्मदरेजा शादलोई चियानेह**

# दूसरे छोर पर उमरान की गेंदबाजी मेरे लिए चीजों को आसान बनाती है: अर्शदीप सिंह

**क्राइस्टचर्च।** भारत के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि उनके साथी गेंदबाजी उमरान मलिक ने उनके लिए चीजों को आसान बना दिया और कहा कि वे मैदान पर और बाहर एक-दूसरे की कंपनी का आनंद लेते हैं। शिखर धवन एंड कंपनी क्राइस्टचर्च में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ने के लिए तैयार है। भारत 1-0 से पिछड़ चुका है और उसका लक्ष्य बुधवार को होने वाले अंतिम वनडे मैच को जीतकर सीरीज बचाना होगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की सीरीज का



दूसरा वनडे बारिश के कारण रद्द हो गया था। उमरान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में चार बार 150 किमी/घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकी और डेवोन कॉनवे और डेरिल मिशेल के विकेट हासिल किए। अर्शदीप और उमरान ने ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में डेब्यू किया। अर्शदीप ने प्री-मैच कॉन्फ्रेंस में कहा, ₹उमरान के साथ खेलना मेरे लिए फायदेमंद है। वह 155 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करता है और मेरे लिए चीजों को आसान बना देता है। हम मैदान पर और मैदान के बाहर भी अपनी साझेदारी को पसंद कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह लंबे समय तक जारी रहेगा। मुझे नहीं लगता कि मेरी यात्रा आसान या चुनौतीपूर्ण है। हम खिलाड़ी के रूप में खेलने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, प्रक्रिया का आनंद लेते हैं, और इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचते हैं कि यह आसान या चुनौतीपूर्ण है। जब हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं, तो यह अच्छा लगता है। 23 वर्षीय अर्शदीप ने एशिया कप के सुपर फोर चरण के मुकाबले में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की पारी के 18वें ओवर में आसिफ अली का एक महत्वपूर्ण कैच छोड़ा था। जिसके बाद अली ने जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए अपनी टीम को जीत दिला दी। अर्शदीप ने कहा, ₹लोग हमसे और हमारे खेल से बहुत प्यार करते हैं। इसलिए जब हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं, तो लोग हमें प्यार करते हैं और जब हम प्रदर्शन नहीं करते हैं, तो लोग अपनी निराशा दिखाते हैं।

# पुणे में 13वीं कुराश वर्ल्ड चैंपियनशिप का आयोजन

**रांची (आजाद सिपाही)।** छह दिवसीय 13वीं वर्ल्ड कुराश वर्ल्ड चैंपियनशिप का आयोजन महाराष्ट्र के पुणे शहर के बालेवाडी स्टेडियम में विगत 23 नवंबर से 28 नवंबर तक किया गया. वर्ल्ड कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष हैदर फरमान और जगदीश टाइटलर ने दीप प्रज्वलित और फीता काटकर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की. भारतीय कुराश महासंघ के अध्यक्ष रमेश पोपली एवं भारतीय कुराश महासंघ के महासचिव लाल सिंह ने बताया कि लगभग 80 देशों के लगभग 400 से जायदा खिलाड़ियों ने भाग लिया. कार्यक्रम का आयोजन महाराष्ट्र कुराश संघ के अध्यक्ष अंकुश नागर तथा महाराष्ट्र संघ के महासचिव संजय धोपकार के द्वारा की गई थी. कुराश एसोसिएशन झारखंड के महासचिव रवि शंकर मोदी एवं कुराश एसोसिएशन झारखंड की ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रियंका वर्मा ने झारखंड का प्रतिनिधित्व किया. कुराश एसोसिएशन झारखंड के अध्यक्ष टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने भारतीय कुराश संघ एवं महाराष्ट्र कुराश संघ को शुभ कामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य के कामना की.भारतीय कुराश संघ की पूरी टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाया.कार्यक्रम का समापन 28 नवंबर को किया गया जहां प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया.



## एटीएम मशीन चोरी प्रकरण में इपीएस एजेंसी के सलाहकार का निरीक्षण, थाना में मामला दर्ज

**झरिया (आजाद सिपाही)।** जोडापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा पुटकी मार्ग अम्बेडकर चौक के समीप बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम को चोरो द्वारा मशीन सहित कैश बॉक्स उखाड़ कर ले जाने के प्रकरण में मंगलवार को ईपीएस एजेंसी के कानूनी सलाहकार संतोष सिंह ने निरीक्षण किया। जिसकी जोडापोखर थाना में लिखित मामला दर्ज कराया है। श्री सिंह ने बताया कि सोमवार को बैंक के एटीएम में रखा 18 लाख रुपये सहित मशीन कैश बॉक्स को अज्ञात चोर उखाड़ कर ले गये । उन्होंने कहा कि इस तरह के घटना में जोडापोखर पुलिस को चाहिए था कि मामला दर्ज होने के पहले अपराधियों की धड़पकड़ के लिए लगातार छापेमारी शुरू कर देना चाहिए। इधर जोड़ापोखर पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। अभी तक अपराधियों का कोई सुराग पुलिस को नही मिल पाया है। घटना के बाद कम्पनी के झारखंड प्रदेश प्रभारी मिथिलेश शर्मा घटना स्थल पर पहुंचे। श्री शर्मा ने बताया कि सीसीटीवी 20 नवंबर को छिपकिली घुसने के कारण सॉर्ट सर्किट के कारण खराब हो गया था। बैंक द्वारा गार्ड रखने का कोई प्रवधान नहीं है। इसलिए एटीएम पर गार्ड की व्यवस्था नही की गई है। जोड़ापोखर थाना प्रभारी ने बताया कि लिखित शिकायत पर कांड संख्या 261/22 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। बहुत जल्द अपराधी पकड़ा जायेगा।

## पुलिस ने जुआ अड्डा पर छापेमारी कर जुआड़ियों संग उनके वाहन को किया जब्त



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को मदनाडिह स्थित झाड़ी में चल रहे जुआ अड्डा पर औचक छापेमारी कर मनोज चौहान नामक एक जुआड़ी को पकड़ा। बाकि जुआड़ी भागने में सफल रहा। पुलिस मौके से दो टेंपो और एक अपाची मोटरसाइकिल और ताश के पत्ते जब्त किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। पकड़ा गया जुआड़ी को हिदायत दे कर छोड़ दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संगठित गिरोह द्वारा उक्त स्थान पर जुआ अड्डा चलाया जा रहा है जहां पर टेंपो से जुआड़ी आते हैं जुआं खेलने के लिए। ग्रामीण द्वारा मना करने पर ये लोग मानते नहीं हैं। छापेमारी का नेतृत्व एएसआइ सीपी मेहता कर रहे थे। पुलिस की कार्रवाई से जुआ अड्डा का संचालन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

## सेल के विभिन्न संयत्रों के सामग्री प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्षों की दो दिवसीय बैठक आरंभ




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** 29 नवंबर को बोकारो निवास के कांफ्रेंस हाल में सेल के विभिन्न संयत्रों के सामग्री प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्षों की दो दिवसीय बैठक आरंभ हुई। बैठक में अधिशासी निदेशक (सीएमएमजी), सेल कॉर्पोरेट ऑफिस एसजे अहमद, अधिशासी निदेशक(एमएम), बीएसएल ए श्रीवास्तव सहित विभिन्न संयत्रों के एमएम विभाग के विभागाध्यक्ष, मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के प्रथम दिन पूर्वाहन भिलाई स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, दुगार्पुर स्टील प्लांट, बोकारो स्टील प्लांट. सलेम स्टील प्लांट, एलॉय स्टील प्लांट तथा चंद्रपुर फेरो प्लांट के अधिकारियों ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सेल के विभिन्न इकाइयों में सामग्री प्रबंधन विभाग की उत्कृष्ट कार्य प्रणालियों एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज को एक दूसरे से साझा किया.अपराहन विभिन्न संयत्रों के एमएम विभाग के अधिकारियों ने बीएसएल के सेंट्रल स्टोर्स विभाग का भ्रमण किया तथा सेंट्रल स्टोर के कार्यप्रणाली से अवगत हुए. विभिन्न संयत्रों के सामग्री प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्षों की बैठक 30 नवंबर को भी जारी रहेगी जिसमें इन्वेंटरी, सेल एमएसइ पालिसी, रिविजन ऑफ सेल गाइड लाइंस से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जायेगी।

## नावागढ़ में श्रीश्री चित्रगुप्त महापरिवार, बाघमारा अंचल की बैठक संपन्न



**मधुबन (आजाद सिपाही)।** बांसजोड़ा पंचायत सचिवालय में श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार, बाघमारा अंचल की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता अंनत किशोर लाला ने की। बैठक को संबोधित करते हुए बांसजोड़ा पंचायत के मुखिया समीर कुमार लाला ने 3 दिसंबर को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं अमर शहीद खुदीराम बोस की जयंती मनाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर बैठक में उपस्थित सभी चित्रांशों ने सहमति जाहिर की। बैठक में किड्स केयर स्कूल, कतरास के प्राचार्य दिलीप वर्मा ने इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार, बाघमारा अंचल, सिनीडीह के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि समाज के हर विभूतियों की याद में इस तरह के आयोजन स्वर्गीय सतीश वर्मा आयोजित किया करते थे। इस तरह के आयोजन अगर लगातार होते रहे तो उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गौरव सिन्हा के अनुसार यह कार्यक्रम जामडीहा लाला टोला में होगा। बैठक में उमेश श्रीवास्तव, अजय राणा, सुजित सिन्हा, नीरज कुमार लाला, अजय कुमार लाला, प्रितम सिन्हा, निशांत कुमार लाला, चंदन श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### झरिया-बलियापुर मुख्यमार्ग का सही तरीके से कार्य नहीं होने पर ग्रामीणों में नाराजगी

# स्थानीय लोगों ने पुरजोर विरोध प्रदर्शन किया





आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली झरिया-बलियापुर मुख्य सड़क का निर्माण और चौड़ीकरण कार्य में अनियमितता बरतने की शिकायत ग्रामीणों ने संयुक्त मोर्चा के नेताओं से की। वहीं ग्रामीणों की शिकायत के आलोक में मंगलवार को संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने 44 करोड़ की लागत से बनने वाली नव निर्माण सड़क का कार्य जांच करने पहुंचे। जांच के दौरान निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा भारी अनिमितता बरती जा रही है। वहीं संयुक्त मोर्चा के नेता युधेशवर सिंह ने कहा कि लगभग दो दशक से झरिया बलियापुर मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति के कारण आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। आये दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे थे। कई लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जिसे देखते हुए स्थानीय लोगों ने पुरजोर विरोध प्रदर्शन किया था। जिसे देखते हुए झरिया विधायक पुर्णिमा नीरज सिंह विधान सभा में पुरजोर तरीके से उठाने का काम किया था। जिसके बाद राज्य सरकार द्वारा झरिया बलिया पूर सड़क निर्माण कार्य को लेकर 44 करोड़ की बजट पास किया। जिसका बिधिवत झरिया विधायक ने पूजा कर शिलान्यास किया। तत्पश्चात संवेदक द्वारा कार्य को चालू किया गया। लेकिन निर्माण कार्य में भरी अनिमीतता बरती जा रही है। अगर समय रहते संवेदक अपनी कार्य में सुधार नही किया तो इसकी शिकायत धनबाद उपायुक्त से किया जायेगा।

**निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही**

**वही मसास नेता बिंदा पासवान ने बताया कि कई वर्षो की लड़ाई के बाद मुख्य मार्ग की मरमति कार्य शुरू हुआ लेकिन निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। जिस तरह से सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। वह पांच साल भी चलना मुस्किल है। वही संवेदक के इंजीनियर बाबु चक्रबर्ती ने बताया कि सड़क में जिस जगह पीसीसी निर्माण किया जा रहा है। अगर कहीं सड़क में थोड़ी बहुत दरारें पड़ जा रही है तो उसे पुन: खरोच कर फिर से युक्त स्थल पर मरमती कार्य को पूरा किया जाएगा। सड़क मरमत्ति के बाद भी पांच साल तक सड़क की देखरेख की जवाबदेही संवेदक की होगी। इसके लिए सरकार बजट का 10 प्रतिशत फंड अपने पास जमा रखती हैं। तो ऐसे में सड़क में अनियमितता बरतने की कोई सवाल नहीं होता है।**

# जामाडोबा के ग्रामीणों के लिए लाभदायक बनी मशरूम की खेती




आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ), जामाडोबा ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्थायी आजीविका के अवसर, कृषि विकास के माध्यम से सामुदायिक सशक्तिकरण, बाजार संपर्क और युवा कौशल विकास के क्षेत्रों में अपने परिचालन स्थानों में कई पहल शुरू किये हैं, जिसका लक्ष्य किसानों को आजीविका के स्थायी साधन उपलब्ध कराना है। इस क्षेत्र में वनस्पति के पैटर्न को ध्यान में रखते हुए, टीएसएफ ने अपनी पायलट परियोजना, मशरूम की खेती को छोटे किसानों और जामाडोबा के आस-पास रहने वाले लोगों के साथ एकीकृत किया है ताकि उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके। घरेलू स्तर पर मशरूम का उपयोग और इसकी बिक्री की जा सकती है। इसकी खेती प्लास्टिक की थैलियों में की जा सकती है जिसमें कम जगह की आवश्यकता होती है और यह कम निवेश वाले छोटे किसानों के लिए आजीविका का एक अच्छा स्त्रोत है। टीएसएफ जामाडोबा, जिला बागवानी विभाग, धनबाद के सहयोग से जामाडोबा और सिजुआ के पांच अलग-अलग गांवों (कंचनपुर, पेटिया, डोलाबार, कुमारझुरी और भेलाटांड़) में पांच दिवसीय मशरूम की खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में कुल 194 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जायेगा (45 कंचनपुर से, 35 भेलाटांड़ से, 53 पेटिया से, 35 दरदहा से, और 26 कुमारजोरी से)। सुरेंद्र कुमार राम, डिस्ट्रिक्ट हॉर्टिकल्चर ऑफिसर, धनबाद और डिस्ट्रिक्ट हॉर्टिकल्चर विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में कंचनपुर और भेलाटांड़ की 80 महिला किसानों ने अपना पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा कर लिया है और डिस्ट्रिक्ट हॉर्टिकल्चर विभाग से प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है। टीएसएफ ग्रामीण युवाओं के लिए लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहा है ताकि उन्हें उज्जवल भविष्य और सतत आजीविका हासिल करने में मदद मिल सके।

### पेयजल समस्या को लेकर लोगों ने निगम एवं माडा के खिलाफ किया प्रदर्शन

# पेयजल समस्या का समाधान नहीं हुआ तो नगर निगम कार्यालय का करेंगे घेराव : चुन्ना यादव



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** चुन्ना यादव के नेतृत्व में सलानपुर बस्ती के लोगों ने आज नगर निगम और माडा के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मौके पर उपस्थित जागो संस्था के प्रमुख चुन्ना यादव ने विरोध जताते हुवे कहा कि सलानपुर बस्ती को 2017 से पीने का पानी नहीं मिल रहा है। यहां के लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं और विभाग कान में तेल डालकर सोया हुवा है। इस दौरान उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर सलानपुर बस्ती के लोगों के पेयजल समस्या का समाधान नहीं हुआ तो नगर निगम कार्यालय का घेराव किया जायेगा। वहीं वे इस मुद्दे पर नगर निगम के आयुक्त तथा जलापूर्ति शाखा के सहायक हरीश पाठक से वार्ता की साथ ही इंजीनियर समीर सुमन से वार्ता कर यथा शीघ्र समस्या का समाधान करवाने की बात कही। वहीं उनके द्वारा बतायी गई समस्या पर जलापूर्ति विभाग ने आश्वस्त किया कि वो यथाशीघ्र अपने टीम के साथ मौके पर पहुंच कर समस्या का समाधान करने की कोशिश करेगी। इस मौके पर राजेश कुमार दास, डॉ अमित राय, निर्मल चक्रवर्ती, बिशु रवानी, शंकर वर्मा, तरुण चटर्जी, दुलाल दस, साधन दास, गुड्डू यादव, विश्वनाथ चटर्जी, पिंटू दस, गोपाल खत्री, रंजीत यादव, विनय चौहान, संजय चौहान, संदीप यादव उपस्थित थे।

# डीएवी-6 में करियर सलाह विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में कैरियर परामर्श संबंधी कार्यशाला का आयोजन हुआ। कैरियर काउंसलर बी.टेक, आइआइटी मद्रास के सुधीर थे। उन्होंने भविष्य निर्माण के मार्ग में आने वाली सभी कठिनाइयों का विस्तार पूर्वक बताया। इस परामर्श संबंधी कार्यक्रम में कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के विज्ञान, कला एवं वाणिज्य के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उन्हें प्रेरित किया गया। विद्यार्थी अपनी सूझबूझ एवं दक्षता के आधार पर विषय वस्तु का चयन करें। सही मार्गदर्शन से जीवन में सफलता की प्राप्ति संभव है। इंजीनियरिंग एवं मेडिकल के अलावा कई क्षेत्रों में विद्यार्थी अपना कैरियर बना सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य एसके. मिश्र ने कहा कि उचित मार्गदर्शन से छात्र-छात्राओं को सही मुकाम की प्राप्ति आसान होती है। अपनी इच्छा के अनुरूप भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक भोलाचल स्वाइन रजनीश सिंह, जाहनवी बनर्जी, राजेश स्वरूप कुमार नाथ, अनुराग मिश्रा एवं बीके झा उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– **RDD/SD/HZB/18/2022-23**

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RDD/SD/HZB/ 18/2022-23 | चलकुशा | चलकुशा प्रखण्ड के उपस्वास्थ्य केन्द्र, चौबे का उन्नयन कार्य। | 5174100.00 | 103500.00 | 10000.00 | 12 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 03.12.2022
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 03.12.2022 से 12.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय– 13.12.2022 अपराह्न 3.00 बजे तक ।
4. तकनीकी निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय– ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 14.12.2022 अपराह्न 02.00 बजे ।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–8986648686
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 283767 Rural Development(22-23)D



झारखण्ड सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय

102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- **128/2022-23/RWD/RANCHI** दिनांक :- **29.11.2022**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ RANCHI/23/ 2022-23 | बुढ़मू चामा पथ से मुन्ना एवं करम्बा तक पथ निर्माण कार्य (लं– 5.600 कि0मी0) | 5,93,39,300.00 | पाँच करोड़ तेरानवे लाख उनचालीस हजार तीन सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 2. | RWD/ RANCHI/24/ 2022-23 | गैसवे महादेवटोली से चैनगड़ा उच्च विद्यालय भाया सालहन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 2.900 कि0मी0) | 3,04,25,900.00 | तीन करोड़ चार लाख पच्चीस हजार नौ सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 3. | RWD/ RANCHI/25/ 2022-23 | टुटीहारा इमली पेड़ के पास से पोस्ता बेड़ा तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.700 कि0मी0) | 2,50,60,700.00 | दो करोड़ पचास लाख साठ हजार सात सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 4. | RWD/ RANCHI/26/ 2022-23 | सेतु प्रिंटर्स रिंग रोड से राजकीय मध्य विद्यालय गागी तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (लं– 2.910 कि0मी0) | 2,01,16,600.00 | दो करोड़ एक लाख सोलह हजार छः सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 5. | RWD/ RANCHI/27/ 2022-23 | अरमालड़दाग मुख्य पथ से डुमरडीहा तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.650 कि0मी0) | 1,82,22,600.00 | एक करोड़ बेरासी लाख बाईस हजार छः सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 6. | RWD/ RANCHI/28/ 2022-23 | पंचायत चंदाघासी आर0ई0ओ0 रोड से प्रगति नगर के विभिन्न गलियों में पथ एवं नाली निर्माण कार्य (लं– 1.400 कि0मी0) | 1,76,54,000.00 | एक करोड़ छिहत्तर लाख चौवन हजार रू0 मात्र | 12 माह |
| 7. | RWD/ RANCHI/29/ 2022-23 | पंचायत सुण्डील ग्राम नवासोंसों में आर0ई0ओ0 रोड से दामाद कॉलोनी होते हुए दो सीमानी तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.500 कि0मी0) | 1,48,11,700.00 | एक करोड़ अड़तालीस लाख ग्यारह हजार सात सौ रू0 मात्र | 09 माह |
| 8. | RWD/ RANCHI/30/ 2022-23 | चालाटोली अंजनी बिहार कटहल मोड़ में बली भगत के घर से ततो उराँव के घर तक भाया फुटकल पेड़ एवं आनन्द एक्का के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.320 कि0मी0) | 1,25,42,300.00 | एक करोड़ पच्चीस लाख बयालीस हजार तीन सौ रू0 मात्र | 09 माह |
| 9. | RWD/ RANCHI/31/ 2022-23 | फुटकलटोली पंचायत में हनुमान नगर में विभिन्न गलियों का पथ एवं नाली निर्माण कार्य (लं– 1.080 कि0मी0) | 1,18,82,500.00 | एक करोड़ अठारह लाख बेरासी हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 09 माह |
| 10. | RWD/ RANCHI/32/ 2022-23 | पंचायत सपारोम आर0ई0ओ0 रोड से दलादिली गाँव के विभिन्न गलियों में पथ एवं नाली निर्माण कार्य (लं– 1.250 कि0मी0) | 1,12,21,100.00 | एक करोड़ बारह लाख इक्कीस हजार एक सौ रू0 मात्र | 09 माह |
| 11. | RWD/ RANCHI/33/ 2022-23 | पंचायत तिगरा ग्राम पतराटोली में तिगरा नवाटोली मध्य विद्यालय से मकबूल अंसारी के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.250 कि0मी0) | 1,04,85,400.00 | एक करोड़ चार लाख पचासी हजार चार सौ रू0 मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **12.12.2022**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **23.12.2022** अपराह्न 5.00 बजे।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **27.12.2022** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **28.12.2022** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक / अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम / अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **राँची** के पक्ष में एवं **राँची** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

**PR283777 (Rural Work Department)22-23*D**

# डिजिटल रुपये का खुदरा चलन कल से

## मुंबई, दिल्ली, बंगलुरू और भुवनेश्वर में शुरू होगा : लेनदेन और खरीदारी कर सकेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** थोक डिजिटल रुपये के बाद आरबीआइ एक दिसंबर से खुदरा डिजिटल रुपये का चलन शुरू करने जा रहा है। खुदरा डिजिटल रुपये से ग्राहक आपस में लेनदेन के साथ किसी भी दुकान से खरीदारी भी कर सकेंगे। खुदरा डिजिटल रुपये का चलन अभी देश के चार शहरों से पायलट रूप में शुरू किया जा रहा है। इन शहरों में मुंबई, दिल्ली, बंगलुरू और भुवनेश्वर शामिल हैं। इसके बाद अहमदाबाद, गंगटोक, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, लखनऊ,



पटना और शिमला जैसे शहरों में डिजिटल रुपये का चलन शुरू होगा।

**पायलट प्रोजेक्ट के शुरू होगा पूर्ण चरण :** डिजिटल रुपये के थोक एवं खुदरा चलन के पायलट प्रोजेक्ट के बाद पूर्ण रूप से डिजिटल रुपये के चलन को शुरू किया जायेगा। आरबीआइ के मुताबिक डिजिटल रुपये को जारी करने का काम बैंक करेंगे। फिलहाल चार बैंक भारतीय स्टेट बैंक, आइसीआइसीआइ बैंक, यस बैंक और आइडीएफसी फर्स्ट बैंक देश के चार शहरों में खुदरा डिजिटल रुपया जारी करने का काम करेंगे। बाद में बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक भी इस पायलट प्रोजेक्ट से जुड़ेंगे।

# मेलियोइडोसिस जागरूकता, निदान और अनुसंधान पर कार्यशाला

**मेलियोइडोसिस की प्रस्तुति की विविधता से सेप्सिस हो सकती है, मिट्टी के संपर्क में जीवाणु संक्रमण होता है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत में छिटपुट घटना के रूप में मेलियोइडोसिस ने अब ओडिशा में भी अपनी उपस्थिति के माध्यम से चिकित्सा समुदाय का ध्यान खींचा है। यह रोग जो बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों में स्थानिक है, पर्यावरणीय ग्राम-नकारात्मक जीवाणु, बुर्कहोल्डरिया स्यूडोमेली के कारण होता है। माइक्रोबायोलॉजी द्वारा संयुक्त रूप से मेलियोइडोसिस जागरूकता, निदान और अनुसंधान पर आयोजित कार्यशाला में विभिन्न विशिष्टताओं के विशेषज्ञों ने बताया कि मिट्टी में स्वाभाविक रूप से मौजूद जीवाणु को इनोक्यूलेशन, इनहेलेशन और अंतर्ग्रहण द्वारा प्राप्त किया जा सकता है, अधिकांश मामले मानसून के दौरान और मानसून के बाद पेश होते हैं। विभाग, एम्स भुवनेश्वर और केएमसी मणिपाल मेडिकल



माइक्रोबायोलॉजिस्ट (माइक्रोकॉन-2022) के 45वें वार्षिक सम्मेलन की प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशाला श्रृंखला के हिस्से के रूप में।

मेलियोइडोसिस ने चिकित्सा समुदाय को तेज बुखार, निमोनिया, आंतों के फोड़े के साथ तीव्र रूप से प्रस्तुत करने वाले असंख्य अभिव्यक्तियों को चकित कर दिया है, जो लगातार निम्न-श्रेणी के बुखार, लिम्फैडेनाइटिस की अकर्मण्य प्रस्तुतियों के लिए जीवन के लिए खतरनाक सेप्सिस की परिणति है और इस प्रकार महान मिमिकर का मोनिकर अर्जित किया है, डॉ बिजयिनी ने सूचित किया बेहरा, अतिरिक्त प्रोफेसर, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, एम्स भुवनेश्वर। खराब नियंत्रित मधुमेह वाले रोगियों, शराब के खतरनाक स्तर की खपत और चावल के धान के खेतों के संपर्क में आने से बीमारी होने का सबसे अधिक खतरा रहता है। एम्स भुवनेश्वर के अतिरिक्त प्राध्यापक जनरल मेडिसिन, डॉ रश्मिरंजन मोहंती ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी यह बीमारी हो सकती है। व्यापक निर्माण गतिविधियां, और नॉरवेस्टर पवन (कलाबैसाखी) भी सांस लेने के मार्गों द्वारा रोग प्राप्त करने के पर्यावरणीय कारकों से जुड़े हैं। डीन-हेड पल्मोनरी मेडिसिन प्रोफेसर पी.आर महापात्र ने कहा, सटीक निदान और उपचार के बिना, बीमारी आधे से अधिक मामलों में घातक हो सकती है।

जनरल सर्जरी विभाग के अतिरिक्त प्रो डॉ प्रकाश सासमल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में मेलियोइडोसिस के निदान और उपचार के दो सौ से अधिक मामले यहां एम्स में पाए गए हैं, जिनमें से आधे से अधिक मामले खोरदा जिले से हैं।

केएमसी मणिपाल टीम का नेतृत्व इंडियन मेलियोइडोसिस रिसर्च फोरम के संस्थापक प्रो. चिरंजय मुखोपाध्याय कर रहे हैं। कार्यशाला में देश के कई राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्हें आवश्यक जैव सुरक्षा सावधानियों का पालन करते हुए, विभिन्न पारंपरिक, आणविक और देखभाल सीरोलॉजिकल विधियों द्वारा बर्कहोल्डरिया स्यूडोमेली के प्रयोगशाला निदान पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

# अनगुल-सुकिंदा रेल लाइन परियोजना का परिचालन एवं रखरखाव को लेकर समझौता

- पूर्व तट रेलवे और अनगुल-सुकिंदा रेलवे लिमिटेड के बीच हुआ समझौता

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर की उपस्थिति में मंगलवार को रेल सदन में अनगुल-सुकिंदा रेल लाइन परियोजना के संचालन और रख-रखाव समझौते पर पूर्व तट रेलवे और अनगुल-सुकिंदा रेलवे लिमिटेड के बीच हस्ताक्षर किये गये। एएसआरएल के प्रबंध निदेशक दिलीप कुमार सामंतराय और पूर्व तट रेलवे के मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक एचएल लुआंग ने समझौते पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक शरद कुमार श्रीवास्तव सहित पूर्व तट रेलवे के सभी विभागों के प्रधान प्रमुख और हितधारकों के अधिकारी उपस्थित थे। अनगुल-सुकिंदा रेलवे लिमिटेड, एक एसपीवी को, रेल मंत्रालय द्वारा रेल विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से ओड़िशा में बूढ़ापंक स्टेशन और बघुआपाल स्टेशन के बीच ब्रॉड गेज सिंगल रेलवे लाइन 98.70 किमी के निर्माण और रख-रखाव के लिए पूरा किया गया है। यह नयी रेल-लाइन अनगुल क्षेत्र में इस्पात और स्पंज आयरन उद्योगों के लिए ओड़िशा के लौह-अयस्क समृद्ध क्षेत्रों के बीच एक सीधी लिंक प्रदान करेगी। यह कलिंगा नगर औद्योगिक क्षेत्रों में तालचेर के कोयला खनन क्षेत्र से कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट के बीच एक शीघ्र और सुगम वैकल्पिक मार्ग भी प्रदान करता है। यह नयी लाइन अनगुल क्षेत्र में इस्पात संयंत्रों, नालको और ओड़िशा के कलिंग नगर क्षेत्रों में स्थित उद्योगों के एक समूह की समीपता में होगी। परियोजना लाइन राउरकेला और धामरा/पारादीप बंदरगाहों के बीच की दूरी को भी कम करेगी। खड़गपुर के रास्ते की तुलना में तालचेर-संबलपुर-झारसुगुड़ा के माध्यम से कलिंग नगर परिसर से मुंबई और दिल्ली के गंतव्यों तक इस्पात संयंत्रों के तैयार उत्पादों का प्रेषण भी नये सरेखण के माध्यम से कम और सस्ता होगा।

# पद्मपुर उप चुनाव के लिए धर्मेंद्र प्रधान ने किया जोरदार प्रचार

**भुवनेश्वर।** बरगड़ पद्मपुर उपचुनाव को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मंगलवार से तीन दिवसीय पद्मपुर दौरे पर हैं। वह बीजेपी उम्मीदवार प्रदीप पुरोहित के लिए मैराथन प्रचार कर रहे हैं। श्री प्रधान 29, 30 नवंबर और 1 दिसंबर को पद्मपुर के विभिन्न स्थानों पर जोरदार प्रचार करेंगे। पद्मपुर उपचुनाव के लिए प्रचार करते हुए केंद्रीय शिक्षा, उद्यमिता और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बीजेडी सरकार पर निशाना साधा है। इसी तरह धर्मेंद्र ने राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग मंत्री पर भी निशाना साधा है।

# पलटा गैस टैंकर, गैस रिसाव, दो दिन राष्ट्रीय राजमार्ग बंद रहेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कोरापुट-आंध्र को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर पलट गया। उसके टैंक से गैस लीक हो हो रही है।

खबरों के मुताबिक मंगलवार सुबह पटांगी प्रखंड के रालेगडा के पास राजगुड़ा में गैस टैंकर पलट गया, जिससे टंकी से गैस का लगातार रिसाव हो रहा है। इसलिए अगले दो दिनों तक राष्ट्रीय राजमार्ग बंद रहेगा।



घटना के संबंध में अग्निशमन विभाग ने सूचित किया। पुलिस और तहसीलदार के साथ पटांगी और सेमिलीगुड़ा दमकल विभाग मौके पर मौजूद है।

# अदालत ने दो दुष्कर्मियों को सुनायी मौत की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जगतसिंहपुर जिला विशेष पॉक्सो कोर्ट ने दुष्कर्म करियों को फांसी की सजा सुनायी है। जगतसिंहपुर जिला विशेष पॉक्सो ने दुष्कर्म मामले में विचार कर यह फैसला सुनाया। इस मामले में चार आरोपी शामिल थे। इनमें दो दुष्कमियों को मौत की सजा सुनायी गयी, जबकि अन्य दो आरोपियों को कोर्ट ने बरी कर दिया। बता दें कि 2014 में दुकान से लौटते वक्त दुष्कर्मी पीड़िता को उठा ले गये थे। फिर उन्होंने उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद उसे जान से मार दिया था। इस घटना पर पुलिस की ओर से धारा 302, 376, 376(डी) आदि के तहत मामला 8 साल से चल रहा था। मंगलवार को सुनवाई के बाद सरकारी वकील दोल गोबिंद दास ने कहा कि पॉक्सो अदालत ने दोनों आरोपियों को मौत की सजा सुनायी।

# मेक इन ओड़िशा 2022 में आगंतुकों के स्वागत को तैयार है वेदांता एल्युमिनियम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** वेदांता एल्युमीनियम भुवनेश्वर के जनता मैदान में आयोजित होने वाले मेक इन ओडिशा 2022 कॉन्क्लेव में ओड़िशा के लोगों को अपने स्टॉल पर आने के लिए आमंत्रित कर खुश है। कंपनी ओडिशा के सबसे बड़े निवेश कार्यक्रम में एक बार फिर अपनी निबेस उत्कृष्टता पेश करने के लिए उत्सुक है, जो राज्य की वैश्विक निबेस गंतव्य बनने की बढ़ती क्षमता के प्रमाण के रूप में है। यह कंपनी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को भी प्रदर्शित करेगा, जो सभी क्षेत्रों के उद्योगों को मजबूत निबेस और गुणवत्ता वाले एल्युमीनियम की आपूर्ति के बल पर बनाया गया है। कॉन्क्लेव में वेदांता का स्टॉल आगंतुकों को एक



रोमांचक और सम्मोहक ब्रांड अनुभव का वादा करता है। 'अतीत की कला को पोषित करने से लेकर भविष्य की धातुओं में निवेश तक' की थीम के साथ, स्टॉल में वीआर केंद्र, कारीगरों द्वारा लाइव हस्तकला-निर्माण, फोटोबूथ और बहुत कुछ है।

वेदांता एल्युमीनियम के सीइओ राहुल शर्मा ने कहा कि चार साल बाद आयोजित होने के बाद हम एक बार फिर जीवंत मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव का हिस्सा बन कर रोमांचित हैं। हम अपने स्टॉल पर ओड़िशा के लोगों, ग्राहकों, भागीदारों और सभी शुभचिंतकों की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हैं। दर्शक राज्य की जीवंत संस्कृति, एल्यूमीनियम निर्माण की जटिल प्रक्रिया और दुनिया के लिए भारत में बनाने के हमारे प्रयासों की नियारा ढंग को पसंद करते है।
























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**

**अधिक सुरक्षित होगा डिजिटल रुपया :** डिजिटल रुपया आरबीआइ की तरफ से बैंक देंगे, इसलिए यह वैधानिक होगा। पेपर नोट के मुकाबले यह अधिक सुरक्षित होगा। कही भी भुगतान कर सकेंगे और जब चाहे इसे नोट के रूप में बैंक में जमा कर सकेंगे, ताकि ब्याज मिल सके। एक दिसंबर से पायलट रूप में डिजिटल रुपया के सृजन, इसके वितरण और रियल टाइम में इसके खुदरा इस्तेमाल से जुड़ी तमाम प्रक्रियाओं की निगरानी की जायेगी। इस पायलट से मिलने वाले अनुभव के आधार पर अगले पायलट में डिजिटल रुपया टोकन का परीक्षण किया जायेगा। डिजिटल रुपये के चलन के लिए टोकन का इस्तेमाल किया जाना है। विशेषज्ञों के मुताबिक वैधानिक रूप से डिजिटल रुपये जारी करने से क्रिप्टोकरेंसी पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। क्योंकि क्रिप्टोकरेंसी का मूल्य हमेशा घटता-बढ़ता रहता है, जबकि डिजिटल रुपये में ऐसा कुछ नहीं होगा।